भोपाल
शनिवार, 14 नवंबर 2026
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-5
वर्ष : 13, अंक : 223
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 17

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




बहनों पर पुष्पवर्षा करते हुए

मुख्यमंत्री ने 1.24 करोड़ बहनों को अंतरित की 1831 करोड़ की सम्मान राशि

पिछोर को परिसीमन आयोग की अनुशंसा पर जिला बनाया जाएगा

लाड़ली बहनों को मिली राशि है भाईदूज का उपहार

सीएम बोले - बहनें बन रही हैं आत्मनिर्भर और खुशहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को शिवपुरी जिले के पिछोर पहुंचे थे। उन्होंने सबसे पहले प्रदेश की 1.24 करोड़ बहनों के बैंक खातों में लाड़ली बहना योजना की 1831 करोड़ रुपए की सम्मान राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। उन्होंने 221.22 करोड़ रुपए के 121 विकास कार्यों की सौगात भी दी। मुख्यमंत्री ने पिछोर को जिला बनाने की मांग पर कहा कि उन्होंने परिसीमन आयोग का गठन किया है। इस आयोग की अनुशंसा पर पिछोर को जिला बनाया


सिंगल क्लिक से बहनों के खातों में भेजी राशि

जाएगा, इसके लिए सरकार सभी जरूरी सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पिछोर में आयोजित राज्य स्तरीय ⏭शेष पेज 6 पर

ये है 42 वीं किस्त

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1 करोड़ 24 लाख 81 हजार 550 पात्र लाड़ली बहनों को 42 वीं किस्त के रूप में 1831 करोड़ रुपए से अधिक की सम्मान राशि (प्रत्येक को 1500-1500 रुपए) सिंगल क्लिक से पात्र बहनों के बैंक खातों में अंतरित कर भाईदूज का उपहार दिया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में मप्र राज्य आजीविका मिशन में कार्य कर रहे 5.5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों को भी नगद साख सीमा के रूप में सिंगल क्लिक से 200 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता राशि अंतरित की।

भोपाल सहित प्रदेश के छह दुग्ध संघों ने बढ़ाए दाम

अब सांची ने भी दिया झटका दूध 4 रुपए लीटर तक महंगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

रसोई का बजट अब दूध की महंगाई से भी बिगड़ने वाला है क्योंकि अब प्रमुख पैक्ड दूध ब्रांड सांची ने भी दूध की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ सहित प्रदेश के छह दुग्ध संघों ने अलग-अलग श्रेणियों के दूध के दाम 1 से 4 रुपए तक बढ़ाए हैं। नई दरें शनिवार 14 नवंबर 2026 की सुबह से लागू हो गई। दुग्ध संघ ने इस संबंध में परिपत्र जारी कर दिया है। सांची डीटीएम 180 एमएल को छोड़कर ⏭शेष पेज 6 पर


■ गोल्ड दूध 70 का नहीं 74 रुपए का हुआ

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

टिप की वसूली: ओला पर 10 लाख जुर्माना


नई दिल्ली। कैब बुकिंग एप ओला पर यात्रियों से अतिरिक्त पैसे मांगने के मामले में 10 लाख



रुपए का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ओला का संचालन करने वाली कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज को यह जुर्माना लगाया है। साथ ही इसे बंद करने का आदेश दिया है।

देश के पहले एलईडी डोम तारामंडल का उद्घाटन

मैसूर। पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मैसूर में देश के पहले एलईडी डोम तारामंडल 'कॉसमॉस-मैसूरु'



का उद्घाटन किया। भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान द्वारा निर्मित यह तारामंडल मैसूरु विवि परिसर में चामुंडी पहाड़ियों की तलहटी में स्थित है। इसमें 15 मीटर का झुका हुआ डोम और करीब 6,150 पैनल लगे हैं। ⏭पढ़ें पेज 10 भी

मौसमी चटर्जी के पति जयंत मुखर्जी का निधन

मुंबई। बॉलीवुड की अभिनेत्री मौसमी चटर्जी के पति और फिल्म निर्माता जयंत मुखर्जी का निधन



हो गया। वह लंबे समय से उम्र संबंधी परेशानियों के चलते अस्वस्थ थे। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज के अध्यक्ष बीएन तिवारी ने उनके निधन की पुष्टि की है। जयंत ने 'मजाक', 'दो लड़के दोनों कड़के' जैसी फिल्मों का निर्माण किया था।

पीएम को खुली बहस की चुनौती के बाद राहुल का नया दांव, भाजपा का भी पलटवार

मेरा फोन टैप हो रहा, पीएम फोन की निगरानी करा रहे

फिर दी बहस की चुनौती, बोले- आमने-सामने चर्चा हुई तो प्रधानमंत्री पद पर नहीं रहेंगे मोदी संसद में माइक बंद करने का भी लगाया आरोप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि उनका फोन टैप किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके फोन की निगरानी करा रहे हैं और उनके सभी आरोपों के सबूत फोन में मौजूद हैं। राहुल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री को आमने-सामने सार्वजनिक बहस की चुनौती देते हुए कहा कि इस चर्चा के बाद मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। इंस्टाग्राम पर आयोजित सवाल-जवाब सत्र में राहुल गांधी से पूछा गया कि जब भाजपा संसद में बहस के लिए तैयार है तो वह सार्वजनिक बहस की मांग क्यों कर रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि संसद में उन्हें बोलने नहीं दिया जाता और कई बार ⏭शेष पेज 6 पर



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बड़ा दावा

अखिलेश बोले- यह संभव

वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने फोन टैपिंग की आशंका से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि तकनीक के मौजूदा दौर में ऐसा संभव है। अखिलेश ने पूर्व सांसद अमर सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि वह कई साल पहले ही फोन टैपिंग की बात कह चुके थे।

बहस से साफ हो जाएगा कौन है देशविरोधी?: राहुल ने कहा कि वह लंबी भाषणबाजी के बजाए सीधा सवाल-जवाब चाहते हैं। उन्होंने प्रस्ताव दिया कि प्रधानमंत्री एक तरफ और वह दूसरी तरफ बैठें तथा दोनों के बीच खुली बहस हो। इसके लिए गौतम अडाणी या आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत को निर्णायक बनाने पर भी उन्हें आपत्ति नहीं ⏭शेष पेज 6 पर

राहुल आरोप लगाकर भागते हैं वे अपने दिमाग की जांच कराएं

किसी को राहुल का फोन टैप करने में दिलचस्पी नहीं, उनके दिमाग में चल रहे झूठ को समझने में हो सकती है रुचि



राहुल के आरोप पर भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर का पलटवार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के फोन टैपिंग के आरोप पर भाजपा ने पलटवार किया है। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने राहुल के दावे को खारिज करते हुए उन्हें मानसिक परीक्षण कराने की सलाह दी।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि किसी को भी राहुल गांधी का फोन टैप करने में दिलचस्पी नहीं है। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि राहुल गांधी से पूरे सम्मान के साथ वह कहना चाहते हैं कि उन्हें अपना मानसिक परीक्षण कराना चाहिए। किसी को उनके फोन की निगरानी करने की जरूरत नहीं है। अगर किसी की दिलचस्पी है भी तो यह समझने में कि उनके दिमाग में दिन-प्रतिदिन झूठ ही क्यों चलता रहता है।

राहुल का स्तर नहीं कि वे पीएम से बहस कर सकें

राहुल की चुनौती पर भाजपा नेताओं ने पलटवार किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि संसद बहस के लिए पहले से उपलब्ध मंच है और राहुल को नेता प्रतिपक्ष के रूप में गंभीरता दिखानी चाहिए। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल पर घटिया राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आरोप लगाना और फिर पीछे हटना उनकी पुरानी आदत है। उन्होंने फोन टैपिंग के आरोप को भी राजनीति का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि राहुल का स्तर नहीं कि वे पीएम से बहस कर सकें।

भगवान कृष्ण पर बयान... छिड़ा संग्राम

बागेश्वर धाम जा रहे यादव महासभा के करीब 500 समर्थक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ छतरपुर

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के बयान के विरोध में यादव महासभा के प्रस्तावित प्रदर्शन से शुक्रवार को छतरपुर में तनाव की स्थिति बन गई। प्रदर्शन के लिए बागेश्वर धाम जा रहे यादव महासभा के सैकड़ों समर्थकों को पुलिस ने रास्ते में ही रोककर हिरासत में ले लिया। वहीं, धीरेंद्र शास्त्री के समर्थन में बागेश्वर धाम शिष्य मंडल और सनातन एकता समिति के ⏭शेष पेज 6 पर



लाठी-डंडे लेकर पहुंचे शिष्य मंडल के लोगों को पुलिस ने रोका

बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

पीएम ने खुद खरीदा मेट्रो का 'टिकट' सीएम शिवकुमार के साथ किया सफर

3,470 करोड़ की लागत से तैयार हुआ पहला हिस्सा




एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बेंगलुरु पहुंचे। यहां उन्होंने 3,470 करोड़ की लागत से तैयार बेंगलुरु मेट्रो की पिंक लाइन के कलेना अग्रहारा से तावरेकेरे तक के हिस्से का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के साथ मेट्रो में सफर किया। उन्होंने मेट्रो ⏭शेष पेज 6 पर ⏭पढ़ें पेज 10 भी

महिला यात्री की अंगुली कटी थी

शताब्दी एक्स. में बैंडेज के एवज में टीटीई ने मांग लिए 200 रुपए



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शताब्दी एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक महिला की अंगुली कटने पर उसे प्राथमिक उपचार के लिए बैंडेज तक नहीं मिल सका। यात्री की शिकायत के बाद रेलवे स्टाफ ने अगले स्टेशन पर डॉक्टर से जांच कराने की बात कही और इसके लिए 200 रु. देने को कहा। अवधेश कौशल नाम के ⏭शेष पेज 6 पर

परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे रिटायर्ड सैन्यकर्मी

नई दिल्ली। पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ियों पर लगाम लगाने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) बड़ा बदलाव करने जा रही है। अब जेईई, नीट, नेट और सीयूईटी जैसी बड़ी परीक्षाओं की निगरानी की जिम्मेदारी सेना और अर्धसैनिक बलों के ⏭शेष पेज 6 पर



पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से हुई

छठ पर्व का आरंभ.....चार दिन तक होगी सूर्य उपासना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

15 नवंबर को संध्या और 16 को उषा अर्घ्य के साथ होगा समापन

देशभर में शुक्रवार से चार दिवसीय छठ पर्व की शुरुआत हो गई। सूर्य उपासना और संतान के सुख-समृद्धि से जुड़े इस पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से हुई। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में विशेष रूप से मनाया जाने वाला यह पर्व अब देश के अन्य हिस्सों में भी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। छठ पर्व में व्रती शुद्धता और सात्विकता के नियमों का पालन करते हैं। पहले दिन स्नान के बाद चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी ग्रहण की जाती है। 14 नवंबर को खरना होगा, जिसमें दिनभर उपवास के बाद गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण किया ⏭शेष पेज 6 पर ⏭पढ़ें पेज 02 भी


वाराणसी में गंगा घाट पर पूजा करती महिलाएं

एसबीआई के लॉकर से गायब हुए गहने

डुप्लीकेट चाबी से खुलने का शक, हैंडल पर फिंगरप्रिंट नहीं


सीसीटीवी फुटेज जांच रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के एसबीआई बैंक लॉकर नंबर 502 से पूर्व रेरा चेयरमैन एपी श्रीवास्तव और उनकी बेटियों के सोने के जेवर गायब मिले। पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, डुप्लीकेट चाबी से लॉकर खोलने की आशंका जताई जा रही है। पर, हैंडल पर कोई फिंगर प्रिंट नहीं मिले हैं। घटना लिंक रोड नंबर-3 स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट मैनेजमेंट परिसर की बैंक शाखा की है। एपी श्रीवास्तव अपनी बेटी सुरभि के साथ लॉकर खोलने पहुंचे थे। काफी ⏭शेष पेज 6 पर

ट्रैवलर में 40 लोग बैठे थे मृतकों में बच्चे भी

असम में भीषण सड़क हादसा

बेकाबू ट्रक ने ट्रैवलर को मारी टक्कर, 23 लोगों की मौत हुई

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

असम के काजीरंगा के पास शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसा गोलाघाट जिले के रोंगाजन इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर हाथीकुली टी एस्टेट के पास हुआ। यहां करीब 40 यात्रियों को लेकर जा रही ट्रैवलर की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। ट्रैवलर ऊपरी असम के जोरहाट से गुवाहाटी जा रही थी। तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक से उसकी भिड़ंत हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैवलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहत और बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर वाहन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला।


हादसे के बाद का दृश्य

घायलों को पहले कोहोरा मॉडल अस्पताल ले जाया गया। बाद में गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर उपचार के लिए जोरहाट मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने हादसे पर गहरा दुख ⏭शेष पेज 6 पर

आउटलुक और टीम्स बंद होने से दुनियाभर में कामकाज रुका, इंडिगो की ईमेल सेवा बाधित

74 देशों में 16 घंटे तक ठप रहीं माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं, इससे 40 लाख कारोबार प्रभावित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट की तकनीकी खराबी ने भारत समेत दुनिया के 74 देशों में करोड़ों यूजर्स और कारोबारियों को परेशान किया। कंपनी की माइक्रोसॉफ्ट 365, आउटलुक और टीम्स जैसी सेवाएं करीब 16 घंटे तक प्रभावित रहीं। भारतीय समयानुसार गुरुवार-शुक्रवार रात करीब 12:38 बजे शुरू हुई इस समस्या का असर अमेरिका, भारत और हांगकांग सहित कई देशों में देखने को मिला। आउटेज पर नजर रखने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर पर करीब 1.30 लाख शिकायतें दर्ज की गईं। इस तकनीकी गड़बड़ी से दुनिया के करीब 40 लाख ⏭शेष पेज 6 पर

इस वैश्विक आउटेज से हर घंटे करीब एक लाख अमेरिकी डॉलर का नुकसान



फाइल फोटो

सर्वर पर बढ़ा दबाव, साइबर हमले की आशंका से इनकार

माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार कुछ सर्वर अचानक बंद होने से उनका लोड दूसरे सर्वरों पर चला गया। इससे सर्वर पर दबाव बढ़ा और कनेक्टिविटी संबंधी समस्याएं पैदा हुईं। इस बीच सोशल मीडिया पर साइबर हमले की ⏭शेष पेज 6 पर

इंडिगो व एयर इंडिया की ईमेल सेवा प्रभावित

माइक्रोसॉफ्ट की सेवाएं ठप होने का असर विमानन क्षेत्र पर भी पड़ा। इंडिगो ने एडवाइजरी जारी कर बताया कि उसकी ईमेल सपोर्ट सेवा प्रभावित हुई है और कंपनी ग्राहकों के ईमेल प्राप्त नहीं कर पा रही है। एयर इंडिया ने कहा कि उसकी उड़ानों का संचालन और संचार सेवाएं प्रभावित नहीं हुई हैं। यात्रियों से संपर्क बनाए रखने के लिए ईमेल ट्रैफिक को अस्थायी रूप से दूसरे रास्ते से भेजने की व्यवस्था की गई। अकासा एयर ने भी यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की। स्पाइसजेट ने शुक्रवार सुबह दिल्ली से पुणे, लेह और मुंबई जाने वाली तीन उड़ानें रद कर दीं। दरभंगा-मुंबई जाने वाली दो अन्य उड़ानों में भी देरी हुई। यात्रियों को पहले स्टेटस जांचने को कहा गया।



शीतलदास में कुछ इस तरह बड़े तालाब का पानी काई और गंदगी कारण नजर आ रहा है, जहां महिलाएं आज करेंगी पूजा-पाठ।



शीतलदास की बगिया में पानी साफ करते निगमकर्मी।

भोपाल। छठ पर्व की तैयारियों के बीच नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई है। पर्व से पहले घाटों की साफ-सफाई और स्वच्छता को लेकर किए जाने वाले दावों के बावजूद शहर के प्रमुख छठ घाटों पर काई व गंदगी का आलम है। खटलापुरा घाट, शीतलदास की बगिया और शाहपुरा घाट पर जगह-जगह कचरा और गंदगी दिखाई दे रही है। छठ पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सूर्यदेव को अर्घ्य देने के लिए इन घाटों पर पहुंचते हैं। इसके बावजूद नगर निगम ने समय रहते सफाई पर ध्यान नहीं दिया। घाटों की बदहाल स्थिति श्रद्धालुओं की आस्था और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। पर्व से पहले सफाई नहीं होना निगम की लापरवाही को उजागर करता है।

सीनियर फोटो जर्नलिस्ट : राकेश सैनी

घरों, घाटों और रेलवे स्टेशनों पर गूंज रहे छठ गीत, 4 लाख श्रद्धालु करेंगे पूजा, नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू

राजधानी के 60 से ज्यादा घाटों पर आज गूंजेगी छठी मैया की आराधना, कल डूबते सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य



खटलापुरा घाट पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा दिखा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। पहले दिन व्रतियों ने सूर्योदय से पहले स्नान कर नए वस्त्र धारण किए और भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं आरोग्यता की कामना की। इसके बाद चने की दाल, कद्दू की सब्जी और चावल का सात्विक भोजन तैयार कर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। शनिवार को खरना होगा। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जबकि सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा।

छठ महापर्व को लेकर राजधानी में उत्साह का माहौल है। घरों से लेकर घाटों और रेलवे स्टेशनों तक छठी मैया के पारंपरिक गीत गूंज रहे हैं। शीतलदास की बगिया सहित शहर के प्रमुख घाटों को सजाया गया है। घाटों पर पूजा की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

पांच साल में 20 से बढ़कर 60 हुए पूजा स्थल

राजधानी में छठ पूजा के सामूहिक आयोजनों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। करीब पांच साल पहले जहां शहर में 20 स्थानों पर पूजा होती थी, वहीं इस बार 60 से अधिक स्थानों पर पूजा के लिए घाट और कुंड तैयार किए गए हैं। आयोजकों के अनुसार, करीब चार लाख श्रद्धालु छठ पूजा में शामिल होंगे। इस दौरान 5100 दीपों का दान किया जाएगा। भोजपुरी कलाकार और गायक छठ गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बनाएंगे।

सूर्य उपासना से जुड़ा है छठ का धार्मिक महत्व

मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे के अनुसार, कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर छठ पूजा की जाती है। इस पर्व में भगवान सूर्य की उपासना का विशेष महत्व है। ज्योतिष मान्यता के अनुसार, कुंडली में सूर्य की स्थिति व्यक्ति के मान-सम्मान, सफलता और आत्मविश्वास को प्रभावित करती है। जिनकी कुंडली में सूर्य कमजोर स्थिति में हो, वे सूर्यदेव की विधि-विधान से पूजा कर सकते हैं।

द्रौपदी ने भी रखा था छठ व्रत

छठ व्रत को लेकर कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक मान्यता के अनुसार, जब पांडव जुए में अपना राजपाट हार गए थे, तब द्रौपदी ने छठ व्रत रखा था। मान्यता है कि व्रत के प्रभाव से उनकी मनोकामना पूरी हुई और पांडवों को दोबारा राजपाट प्राप्त हुआ। लोक परंपरा में सूर्यदेव और छठी मैया को भाई-बहन माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि षष्ठी की पहली पूजा सूर्यदेव ने ही की थी।

इन घाटों और स्थानों पर होंगे आयोजन

शहर में शीतलदास की बगिया, खटलापुरा घाट, काली मंदिर घाट, स्वामी विवेकानंद कॉलोनी, गौरीशंकर परिसर अशोका गार्डन, करोंद, बागसेवनिया स्थित विश्वकर्मा मंदिर, सरस्वती मंदिर, बरखेड़ा, शिव मंदिर, कलियासोत, जाटखेड़ी, द्वारका नगर, राजेंद्र नगर, ओल्ड सुभाष नगर और अयोध्या नगर सहित 60 से अधिक स्थानों पर सामूहिक पूजा के आयोजन होंगे। श्रद्धालु बांस के सूप और डलियों में गन्ना, मौसमी फल और पारंपरिक पकवान सजाकर अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देंगे।

स्नान के बाद गीले कपड़ों में घर लौटने को मजबूर होंगी

54 घाटों पर इंतजाम के दावे, महिलाओं के लिए बने चेंजिंग रूम में भरा कचरा

छठ महापर्व पर शहर के 54 छोटे-बड़े घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर इंतजाम करने का दावा करने वाले नगर निगम की तैयारियों की हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। घाटों पर सफाई, रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भले ही निगम अधिकारी अपनी पीठ थपथपा रहे हों, लेकिन महिलाओं की एक जरूरी सुविधा पर किसी का ध्यान नहीं गया।

शहर के अधिकांश घाटों पर महिलाओं के लिए कपड़े बदलने के चेंजिंग रूम तक नहीं बनाए गए हैं। शुक्रवार तक एक-दो घाटों को छोड़कर बाकी जगह यह व्यवस्था नजर नहीं आई, जहां व्यवस्था थी, उसमे भी कचरा भरा हुआ था। ऐसे में स्नान और पूजा के लिए पहुंचने वाली महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ सकती है।



शीतलदास की बगिया में सिर्फ महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाए गए।

दावों में पूरी तैयारी, जमीन पर अधूरी सुविधा

महापौर और अधिकारियों ने घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से अलग दिखाई दे रही है। नगर निगम के अधिकारी घाटों पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी करने का दावा कर रहे हैं, लेकिन चेंजिंग रूम की स्थिति इन दावों की पोल खोल रही है। सवाल यह है कि जब घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की जानकारी पहले से थी तो महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाने की व्यवस्था समय रहते क्यों नहीं की गई।

लगातार चलाया था स्वच्छता अभियान

छठ महापर्व पर सरस्वती मंदिर में पांचों कुंडों पर हुई सजावट



सरस्वती मंदिर बरखेड़ा।

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए बिहार सांस्कृतिक परिषद द्वारा सरस्वती देवी मंदिर छठ घाट, बरखेड़ा, भोपाल में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लगातार चलाए गए स्वच्छता अभियान के बाद पांचों छठ कुंड तैयार कर लिए गए हैं। शनिवार को कुंडों में नर्मदा जल भरने की व्यवस्था की जाएगी। परिषद के संयोजक एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ने बताया कि छठव्रतियों ने नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय कठिन व्रत का शुभारंभ कर दिया है। शनिवार को दूसरे दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखकर संध्याकाल में सात्विक खीर (रसिया), हाथ से बनी रोटी, चावल का पीठा, गाय का दूध एवं चना दाल आदि से खरना का प्रसाद तैयार करेंगे। इसके बाद छठी मैया की आराधना एवं भगवान भास्कर की उपासना कर प्रसाद अर्पित करेंगे।

छठ महापर्व का चार दिवसीय कार्यक्रम

- **14 नवंबर, शनिवार:** दूसरे दिन खरना (लोहंडा)।
- **15 नवंबर, रविवार:** तीसरे दिन सायंकाल अस्ताचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा।
- **16 नवंबर, सोमवार:** चौथे दिन प्रातःकाल उदयाचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित कर व्रती विधिवत पारण करेंगे।

स्नान के बाद कहां बदलें कपड़े, इसका जवाब नहीं

छठ पूजा के दौरान व्रती महिलाएं घंटों पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देती हैं। पूजा और स्नान के बाद उन्हें कपड़े बदलने की जरूरत होती है, लेकिन घाटों पर इसके लिए सुरक्षित जगह ही उपलब्ध नहीं है। चेंजिंग रूम नहीं होने से महिलाओं को दूसरे लोगों की ओट लेकर कपड़े बदलने पड़ते हैं या फिर गीले कपड़ों में ही घर लौटना पड़ता है। इसके बावजूद निगम ने इस जरूरी सुविधा को अपनी तैयारियों में प्राथमिकता नहीं दी।

प्रमुख घाटों पर भी व्यवस्था अधूरी

शीतलदास की बगिया जैसे कुछ चुनिंदा घाटों को छोड़ दें तो शाहपुरा, सरयू सरोवर, कलियासोत और हथाईखेड़ा सहित कई घाटों पर अस्थायी चेंजिंग रूम की पर्याप्त व्यवस्था नहीं दिखाई दी। जबकि इन घाटों पर छठ पूजा और स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। निगम ने करीब 54 घाटों पर व्यवस्था करने की तैयारी की बात कही है, लेकिन महिलाओं की निजता और सुविधा से जुड़ी इस बुनियादी जरूरत को नजरअंदाज कर दिया गया।

नहाय खाय से छठ महापर्व का प्रारंभ

भोपाल। नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू हो गया। खटलापुरा घाट पर छठ पर्व की तैयारियां आखिरी चरण में है। खटलापुरा घाट पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है ताकि अतिथियों व श्रद्धालुओं को घाट पर क्रमवार जाकर अर्घ्य देने में असुविधा ना हो। शुक्रवार को व्रतियों ने स्नान करने के बाद लौकी की सब्जी और चावल दाल ग्रहण कर नहाय खाय से पूजा आरंभ की। शनिवार को खरना होगा। भोजपुरी उत्सव समिति खटलापुरा के अध्यक्ष राहुल दुबे व सचिव पंकज ठाकुर ने बताया कि समिति के सदस्यगण रामप्रताप सिंह, पीयूष सिंह, हिमांशु पांडेय, शत्रुघ्न यादव, आकाश सिंह, रजत सिंह आदि छठ पर्व की व्यवस्थाओं में शामिल है।



फायर स्टेशन, सीवरेज परियोजना एवं नगर निगम कार्यालय का लिया जायजा

नागरिक सुविधाओं में गुणवत्ता, स्वच्छता मानकों से न करें समझौता : भोंडवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास तथा प्रबंध संचालक अर्बन डेवलपमेंट कंपनी संकेत भोंडवे ने शुक्रवार को छिंदवाड़ा में अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय अधोसंरचना परियोजनाओं का मुख्य ध्येय नागरिकों को उत्कृष्ट, सुलभ एवं पर्यावरण-अनुकूल नागरिक सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा विश्वबैंक सहायतित सीवरेज परियोजना के मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) के प्रभावी व निरंतर संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आयुक्त भोंडवे ने 'मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान' के तहत छिंदवाड़ा नगर निगम क्षेत्र में निर्माणाधीन आधुनिक फायर स्टेशन के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर निर्माण की प्रगति एवं प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा कार्य को समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की ओर से संचालित एवं विश्वबैंक सहायतित सीवरेज परियोजना के मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) की कार्यप्रणाली, दैनिक संचालन तथा संधारण (मेंटेनेंस) व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। भोंडवे ने कहा कि शहरी व्यवस्था को स्वच्छ, सुदृढ़ और जन-आकांक्षी बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आयुक्त भोंडवे ने नगर निगम छिंदवाड़ा के प्रशासनिक कार्यालय का भी निरीक्षण कर निगम की प्रशासनिक व्यवस्थाओं, जन-शिकायत निवारण तंत्र एवं नागरिक सेवाओं के सुचारू संपादन का जायजा लिया।

दिव्यांग बच्चों एवं युवाओं को मिलेगा प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रोटरी क्लब ऑफ भोपाल मिडटाउन पिछले 24 वर्षों से आयोजन के माध्यम से दिव्यांग बच्चों एवं युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता आ रहा है। इस वर्ष का आयोजन क्लब अध्यक्ष रोटेरियन तरुणा तनेजा, सचिव रोटेरियन पाल्की छाजेड़ एवं इवेंट चेयरमैन रोटेरियन हेम सिंह गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन की सफलता में वरिष्ठ रोटेरियन सुनील भार्गव, संजय निगम एवं अमित तनेजा सहित क्लब के सभी सदस्य सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। क्लब का उद्देश्य केवल खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करना नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों को समान अवसर, सम्मान और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देना है। क्लब की ओर से भोपाल के नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं एवं सहयोगियों से अपील की गई है कि वे इस आयोजन में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करें।

पुण्यस्मरण



पुण्यतिथि
स्व. श्री कैलाश नारायण सारंग



जयंती
स्व. श्रीमती प्रसून सारंग

भाजपा के संस्थापक सदस्य, पूर्व राज्यसभा सांसद
स्व. श्री कैलाश नारायण सारंग जी
की पुण्यतिथि एवं
स्व. श्रीमती प्रसून सारंग जी
की जयंती के अवसर पर
मातृ-पितृ भक्ति दिवस
-14 नवंबर 2026-
आदरणीय वृद्धजनों का सम्मान समारोह

आज मातृ-पितृ भक्ति दिवस के अवसर पर हम सब मिलकर अपने माता-पिता सहित प्रत्येक बुजुर्ग की पूजा-अर्चना कर उनकी सेवा का संकल्प लें एवं वृद्धजनों के साथ की अपनी फोटो और वीडियो को अपने सोशल मीडिया पर #सारंग_मातृ_पितृ_भक्ति_दिवस के साथ पोस्ट करें एवं 9981222321 नंबर पर व्हाट्सएप करें।

"पूज्य स्व. कैलाश नारायण सारंग जी की पुण्यतिथि एवं स्व. श्रीमती प्रसून सारंग जी की जयंती को आज पूरे देश में मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आइए हम भी इस अभियान से जुड़कर इसे जन-आंदोलन बनाएं और अपने माता-पिता सहित प्रत्येक बुजुर्ग की सेवा का संकल्प लें।"
-विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री, म.प्र. शासन

तारीख वही है,
पर दिन के रूप अलग हैं
जहाँ एक तरफ़ जन्मदात्री का
अवतरण दिवस है
वही जिसने जीवन दिया,
उनका तर्पण दिवस है
पर मायने तो एक ही है
आप दोनों की कमी
इत्तेफ़ाक़ से दिन एक हुआ और
दुख दोगुना हो गया
वक़्त रुक सा गया है उस मोड़ पर
जहाँ से आप दोनों बिना
अलविदा कहे चले गए
और जीवन में सब बिखर सा गया
आप लोग इस दुनिया से
दूर चले ज़रूर गये
मगर आपका साया
कभी मिट नही सकता
सब कुछ थम सा गया है
बस यादों का एक अंतहीन
सिलसिला बाकी है
आपकी सिखाई गई हर एक बात
आज भी हमारी ढाल बनकर चलती है
आप दोनों सिर्फ शारीरिक रूप से दूर हैं
वरना सांसों में आज भी आपका वास है
आप जहाँ भी हैं, हमें देख रहे हैं
हमें बस इस बात का अटूट विश्वास है
आप दोनों को शत-शत नमन
-डॉ. आरती सारंग

निवेदक- कैप्रस फाउंडेशन


रेलवे ने यात्रियों के लिए बढ़ाई सुविधा, किसी को नहीं हो परेशानी

इटारसी और आसपास के यात्रियों को भी सफर करने में होगी आसानी

बिहार और मुंबई के बीच यात्रियों को मिलेगी अतिरिक्त ट्रेन सुविधा, जयनगर-एलटीटी स्पेशल के लिए 4 फेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली और छठ पर्व के बाद ट्रेनों में बढ़ रही यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बिहार और मुंबई के बीच अतिरिक्त रेल सुविधा देने का निर्णय लिया है। इसके तहत जयनगर और लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) के बीच दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इससे बिहार से मुंबई आने-जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। खास बात यह है कि ट्रेन का भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर दोनों



दिशाओं में ठहराव रहेगा। इससे इटारसी और आसपास के यात्रियों को भी बिहार और महाराष्ट्र के बीच सफर करने में सुविधा होगी। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 05535 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल 17 और 24 नवंबर को जयनगर से रात 11:50 बजे रवाना होगी। यह तीसरे दिन सुबह 3:40 बजे इटारसी पहुंचेगी और 3:50 बजे रवाना होकर गुरुवार शाम 5:15 बजे एलटीटी पहुंचेगी। वहीं, वापसी में गाड़ी संख्या 05536 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर स्पेशल 19 और 26 नवंबर को एलटीटी से शाम 7 बजे रवाना होगी। अगले दिन सुबह 8 बजे इटारसी पहुंचेगी और 8:10 बजे रवाना होकर शनिवार दोपहर 1:50 बजे जयनगर पहुंचेगी।

रेलवे ने दी राहत, रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाए

दीपावली और छठ पर्व के बाद बिहार लौटने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने राहत दी है। रानी कमलापति से दानापुर के बीच चलने वाली दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के संचालन की अवधि बढ़ा दी गई है। इससे भोपाल और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बिहार जाने और वहां से लौटने के लिए अतिरिक्त ट्रेनें मिल सकेंगी। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 01667/01668 रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल के फेरे बढ़ाए गए हैं।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 14 नवंबर 2026

5 पशुपालन, दुग्धोत्पादन को बढ़ावा देने हर साल...



9 किसी की साड़ी में दिखी 50 साल पुरानी विरासत तो...



कार्रवाई टलने से रहवासियों को मिली 9 दिन की मोहलत, 110 मूल आवंटी, बाकी पर अवैध कब्जे का दावा

पुलिस बल नहीं मिला, ऐशबाग के 600 जर्जर मकानों पर अब 23 नवंबर को चलेगा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐशबाग के जनता क्वार्टर में रहने वाले लोगों को फिलहाल राहत मिल गई है। यहां एमपी हाउसिंग बोर्ड के 600 जर्जर ईडब्ल्यूएस मकानों को तोड़ने की कार्रवाई आज शनिवार को नहीं होगी। पुलिस बल उपलब्ध नहीं होने के कारण हाउसिंग बोर्ड ने कार्रवाई टाल दी है। अब 23 नवंबर को इन मकानों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। इससे पहले रहवासियों को 13 नवंबर तक मकान खाली करने और सामान हटाने का अंतिम नोटिस दिया गया था। ऐसे में जिन लोगों ने मकान खाली करने की तैयारी कर ली थी, उन्हें अब नौ दिन और मिल गए हैं।

मकान खाली कराने की कार्रवाई को लेकर कॉलोनी में पहले से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है। विरोध के दौरान तीन महिलाओं की तबीयत बिगड़ गई थी, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। अब कार्रवाई की तारीख आगे बढ़ने से रहवासियों को कुछ समय जरूर मिला है, लेकिन मकान टूटने की चिंता बरकरार है। हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर गौतम सिंह ने बताया कि पुलिस बल नहीं मिलने के कारण कार्रवाई टाली गई है। अब 23 नवंबर को ध्वस्तीकरण किया जाएगा।

13 नवंबर तक मकान खाली करने का दिया था अल्टीमेटम



शिफ्टिंग के लिए लोडिंग ऑटों में भरा घर का सामान।

2016 में घोषित हुए थे जर्जर

नगर निगम ने मई 2016 में ही इन मकानों को जर्जर और जानलेवा घोषित कर दिया था। साल 2018 में भी नोटिस जारी किए गए, लेकिन मकान खाली नहीं हुए। अब पुनर्विकास नीति-2022 के तहत इन्हें तोड़कर बहुमंजिला आवास बनाए जाने की योजना है। हाउसिंग बोर्ड का दावा है कि वैध आवंटियों को मौजूदा मकान से 20 फीसदी बड़े नए फ्लैट दिए जाएंगे। निर्माण अवधि में किराया भी मिलेगा।

600 मकानों में सिर्फ 110 मूल आवंटी, 290 मकानों में अवैध कब्जे

हाउसिंग बोर्ड का दावा है कि 600 मकानों में रहने वालों में केवल 110 लोग ही मूल और वैध आवंटी हैं। बाकी करीब 490 मकानों में अवैध कब्जे या अनाधिकृत लोग रह रहे हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि केवल वैध आवंटियों को ही राहत दी जाएगी। इसके लिए उन्हें मकान खाली करने का सहमति पत्र कार्यालय में जमा करना होगा।

मकान खाली करने पर ही मिलेगा किराया

बोर्ड के अनुसार, पात्र आवंटियों को मकान खाली करने के बाद कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार मासिक किराया दिया जाएगा। अवैध कब्जेदारों को किराया या मुआवजा नहीं मिलेगा। वहीं, मकानों में सामान रखने या रहने की अनुमति निर्धारित समय के बाद नहीं होगी।

चर्चा करते रहवासी।


जनता क्वार्टर के जर्जर मकान

एनआईसी के सॉफ्टवेयर अपडेशन ने बढ़ाई मुश्किलें, अब वेबकैम-कंप्यूटर, लैपटॉप जरूरी

मोबाइल से लर्निंग लाइसेंस बनवाने की सुविधा बंद, आरटीओ में भटक रहे हजारों आवेदक

कपिलदेव श्रीवास्तव ⏭ भोपाल

लर्निंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया अब पहले जैसी आसान नहीं रही। पहले आवेदक अपने मोबाइल से घर बैठे ही लर्निंग लाइसेंस बनवा लेते थे, लेकिन एनआईसी के नए सॉफ्टवेयर अपडेशन के बाद यह सुविधा लगभग खत्म हो गई है। अब लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए वेबकैम, कंप्यूटर या लैपटॉप की जरूरत पड़ रही है। नए सिस्टम में आवेदक की लाइव फोटो और चेहरे की पहचान (फेस डिटेक्शन) की प्रक्रिया अनिवार्य कर दी गई है। इसका सीधा असर आवेदकों पर पड़ रहा है। भोपाल समेत प्रदेशभर के आरटीओ कार्यालयों में हजारों लोग पिछले 15 दिनों से लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए चक्कर लगा रहे हैं, परेशानी दूर नहीं हो रही है। कुछ चुनिंदा जगहों पर लर्निंग लाइसेस बनाए जा रहे है। लेकिन इसके लिए आवेदकों को अब 200 से 300 रुपए अधिक देने पड़ रहे है।



आधार की पुरानी फोटो भी बन रही परेशानी

नए सिस्टम में कई आवेदकों का चेहरा डिटेक्ट नहीं हो पा रहा है। इसकी एक वजह आधार कार्ड में लगी पुरानी फोटो भी बताई जा रही है। जिन आवेदकों के आधार कार्ड में बचपन या कई साल पुरानी फोटो है, उनका वर्तमान चेहरा सॉफ्टवेयर से मैच नहीं हो पा रहा। ऐसे में आवेदन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ रही है। आवेदक एमपी ऑनलाइन केंद्रों से लेकर आरटीओ कार्यालय तक चक्कर लगा रहे हैं।

26 अक्टूबर को हुआ सॉफ्टवेयर अपडेट

परिवहन विभाग के सूत्रों के अनुसार एनआईसी ने 26 अक्टूबर को सॉफ्टवेयर अपडेट किया था। इसके बाद से भोपाल सहित प्रदेश के कई आरटीओ कार्यालयों में लर्निंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। नए सिस्टम में पहले एप डाउनलोड करना पड़ता है। इसके बाद वेबकैम के जरिए आवेदक की लाइव फोटो ली जाती है और एआई आधारित सिस्टम से चेहरे की पहचान की जाती है। पूरी प्रक्रिया में कई तकनीकी चरण होने के कारण आवेदकों को परेशानी हो रही है।

आठ दिन में आवेदन घटकर 10 फीसदी रह गए

भोपाल आरटीओ में इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। यहां पहले रोजाना करीब 175 से 200 लर्निंग लाइसेंस बनते थे, लेकिन नए सिस्टम के बाद इनकी संख्या घटकर महज 20 से 25 रह गई है। यानी पहले की तुलना में करीब 90 फीसदी तक कमी आई है। सबसे ज्यादा परेशानी उन युवाओं को हो रही है, जिन्हें पुलिस भर्ती सहित अन्य नौकरियों के आवेदन के लिए लर्निंग लाइसेंस की जरूरत है। समय पर लाइसेंस नहीं बनने से उनके सामने आवेदन की प्रक्रिया प्रभावित होने का खतरा भी बना हुआ है।

मंत्रालय स्तर पर बात करो..

इस संबंध में एनआईसी मध्यप्रदेश के प्रमुख नवीन पनिकर का कहना है कि एनआईसी के सॉफ्टवेयर में अपडेशन की प्रक्रिया हम लोग अपने हिसाब से नहीं करते है। जो भी निर्देश सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से मिलते है। उसी के हिसाब से अपडेशन होता है। इसलिए समस्या से संबंधित शिकायत आरटीओ भोपाल के माध्यम से की जा सकती है।

500 स्मार्ट साइकिल और ई-बाइक रखरखाव के अभाव में हो रहीं कबाड़

करोड़ों खर्च कर खरीदीं साइकिलें अब आईएसबीटी के यार्ड में खा रहीं धूल

तीन लाख से ज्यादा सदस्य होने के बावजूद बंद पड़ी है सुविधा



आईएसबीटी के यार्ड में कबाड़ हो रही साइकिलें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर को स्मार्ट और प्रदूषण मुक्त परिवहन की सुविधा देने के लिए शुरू की गई पब्लिक बाइसिकल शेयरिंग योजना अब बदहाली का शिकार हो गई है। करोड़ों रुपए खर्च कर खरीदी गई स्मार्ट साइकिलें और ई-बाइक लोगों के काम आने के बजाय आईएसबीटी यार्ड में धूल खा रही हैं।

रखरखाव नहीं होने से करीब 500 साइकिलें और ई-बाइक जर्जर हालत में पहुंच गई हैं। जिस योजना से लोगों को छोटी दूरी का सफर आसान बनाने की उम्मीद थी, वह अब प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। स्मार्ट सिटी और नगर निगम की इस योजना पर साइकिल स्टैंड व अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर सहित करीब 3 से 10 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। इसके बावजूद आज शहरवासियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। योजना के तहत तीन लाख से अधिक लोगों के पंजीकृत होने का दावा किया गया था, लेकिन संचालन बंद होने से ये सदस्य भी सुविधा से वंचित हैं।

कंपनी का अनुबंध खत्म नया टेंडर भी अटका

पुरानी संचालन कंपनी का अनुबंध समाप्त होने के बाद नई कंपनी के चयन की प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं की गई। नतीजा यह हुआ कि साइकिलों का संचालन बंद हो गया और उनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी अधर में लटक गई। लंबे इंतजार के बाद भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने पब्लिक बाइसिकल शेयरिंग सिस्टम के डिजाइन, सप्लाई, संचालन और रखरखाव के लिए थर्ड कॉल टेंडर जारी किया है। नवंबर 2026 में इसकी प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अब तक नई कंपनी के चयन और संचालन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

साइकिल ट्रैक पर कब्जा चार्जिंग स्टेशन भी बदहाल

शहर में बनाए गए कई साइकिल ट्रैक पर अतिक्रमण हो चुका है। ई-बाइक के चार्जिंग और डॉकिंग स्टेशन भी टूट-फूट का शिकार हैं। ऐसे में नई कंपनी आने के बाद भी व्यवस्था को दोबारा शुरू करने के लिए बड़े सुधार की जरूरत होगी।

16 नवंबर से 16 फरवरी 2027 तक संचालित होगी योजना

अब दक्षता के आधार पर होगी पढ़ाई, कक्षा 2 से 5 तक चलेगा रेमेडिएशन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में स्कूली विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने और उनकी विषयवार दक्षताओं में सुधार लाने के उद्देश्य से राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा रेमेडिएशन कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।

यह कार्यक्रम 16 नवंबर से 16 फरवरी 2027 तक चलेगा। इसके अंतर्गत कक्षा 2 से 5 तक के सभी विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम की अवधि 10 दिवस निर्धारित की गई है। आवश्यकता के अनुसार नियमित रूप से पुनर्बलन गतिविधियां आगे भी जारी रखी जा सकेंगी। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की वर्तमान शैक्षणिक उपलब्धियों और सीखने के स्तर का आकलन किया जाएगा। इसके आधार पर उन्हें उनकी दक्षता के अनुरूप अलग-अलग समूहों में विभाजित किया जाएगा, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी आवश्यकता के अनुसार शिक्षण गतिविधियों का लाभ मिल सके।

अब अलग-अलग मॉड्यूल तैयार किए

जानकारी के अनुसार, रेमेडिएशन कार्यक्रम के लिए हिंदी, अंग्रेजी और गणित विषयों के अलग-अलग मॉड्यूल तैयार किए हैं। समूह निर्माण की प्रक्रिया मॉड्यूल में निर्धारित निर्देशों के अनुसार होगी। इसमें ध्यान रखा जाएगा कि प्रत्येक विषय में विद्यार्थी की दक्षता का स्तर अलग-अलग हो सकता है। ऐसे में विद्यार्थी हिंदी, अंग्रेजी, गणित के लिए अलग-अलग समूहों का हिस्सा हो सकता है।

महिला मित्र की हत्या करने वाले अभियुक्त को आजीवन कारावास

भोपाल। उधारी के रुपए वापस न किए जाने और अवैध संबंधों के विवाद में महिला मित्र की गला दबाकर हत्या करने वाले अभियुक्त राजेन्द्र प्रसाद वैध उर्फ राजू उर्फ नंदकिशोर पुत्र रघुवर प्रसाद उम्र 62 साल निवासी मरघटिया मंदिर शाहजहांनाबाद भोपाल मप्र को बारहवें अतिरिक्त जिला एवं सत्र जयंत शर्मा के न्यायालय ने भादंसं की धारा-201 एवं 302 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास एवं 2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।


क्वारेंटाइन खत्म होने के बाद जंगल में छोड़ा जाएगा

कुए में गिरा तेंदुआ वन विहार में पूरी तरह हुआ स्वस्थ इधर, ईकोलॉजिकल पार्क में फुटप्रिंट मिलने की खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल से 20 किमी दूर बैरसिया रोड के सागोनी जोरा गांव में 30 फीट गहरे कुए में गिरा तेंदुआ वन विहार नेशनल पार्क के डॉक्टरों की निगरानी में है। लगातार कई घंटे पानी में होने से तेंदुए को निमोनिया, हाइपोथर्मिया जैसी बीमारियां होने की आशंका थी।

डिप्टी डायरेक्टर रूही हक ने बताया कि तेंदुए का रूटीन हेल्थ चेकअप किया जा रहा है। जिसमें वह स्वस्थ पाया गया है। वन विहार के बाड़े में बंद तेंदुए का शुक्रवार सुबह भी परीक्षण किया गया। तेंदुए की कुछ दिन और निगरानी की जाएगी। क्वारेंटाइन खत्म होने के बाद उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा।



फाइल फोटो

कटारा हिल्स में वन विभाग की टीम ने सर्चिंग की

कटारा हिल्स क्षेत्र स्थित ईको लॉजिकल पार्क में तेंदुए के फूटप्रिंट मिलने की बात सामने आ रही है, लेकिन वन विभाग के अधिकारी इसकी पुष्टि नहीं कर रहे है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लगातार तेंदुए की मौजूदगी की खबरों के चलते इस बार एक बड़े एरिया में वन विभाग की टीम ने सर्चिंग की। इस दौरान जिस क्षेत्र में तेंदुए की आवाजाही रहती है। वहां तो फूट प्रिंट मिले थे। लेकिन ईकोलॉजिकल पार्क क्षेत्र में नहीं। यहां पर जंगली बिल्ली के पद चिन्ह जरूर मिले है। उल्लेखनीय है कि 9 नवंबर को किशोर व परिजनों की ओर से दावा किया है कि तेंदुए ने हमला किया था।

एनएचएम स्क्रीनिंग रिपोर्ट में खुलासा: डायबिटिक माता-पिता से यह बीमारी विरासत में पहुंच रही है बच्चों तक

वर्ल्ड डायबिटीज डे आज: मप्र के हर 10वें बच्चे में टाइप-1 डायबिटीज के लक्षण

सचिन सिंह बैस ⏭ भोपाल

मधुमेह अब केवल बुजुर्गों की बीमारी नहीं रही, बल्कि इसने बच्चों और युवाओं को भी अपनी गिरफ्त में लेना शुरू कर दिया है। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) की हालिया स्क्रीनिंग रिपोर्ट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। आंध्र प्रदेश के बाद मध्य प्रदेश देश में सबसे ज्यादा डायबिटीज मरीजों वाला राज्य बन गया है। राज्य में न केवल वयस्कों में टाइप-2 डायबिटीज बढ़ रहा है, बल्कि बच्चों में टाइप-1 डायबिटीज के मामले भी तेजी से सामने आ रहे हैं। एनएचएम द्वारा की गई बच्चों की स्क्रीनिंग में यह बात सामने आई है कि डायबिटिक माता-पिता से यह बीमारी विरासत में बच्चों तक पहुंच रही है।



अलग खबर

3.48 लाख बच्चों की स्क्रीनिंग: मिले 38 हजार बच्चों में टाइप-1 डायबिटीज

एनएचएम ने करीब 3.48 लाख बच्चों की स्क्रीनिंग की, जिसमें 38 हजार बच्चों में टाइप-1 डायबिटीज मिला। वहीं इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन का अनुमान है कि मप्र में ऐसे बच्चों की संख्या 56 हजार 600 तक हो सकती है। इनमें से एक हजार 505 बच्चे रूटीन फॉलोअप में आ चुके हैं।

62 प्रतिशत लोग कोविड के बाद से नहीं ले पा रहे अपनी पूरी नींद

वयस्कों में टाइप-2 डायबिटीज के मामलों में शहरी और ग्रामीण इलाकों का अंतर अब बहुत कम रह गया है। ग्रामीण आबादी में आठ प्रतिशत और शहरी आबादी में 11 प्रतिशत से अधिक लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं। भोपाल में डायबिटीज के सबसे ज्यादा मरीज सामने आए हैं। भोपाल में चार लाख 13 हजार 952 मरीज मिले हैं, जहां लोकल सर्किल के सर्वे के मुताबिक 62 प्रतिशत लोग कोविड के बाद से पूरी नींद भी नहीं ले पा रहे हैं।

इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

- *भूख अधिक लगना और बार-बार पेशाब आना।*
- *कमर का दायरा 100 सेमी से अधिक होना।*
- *गर्दन का काला पड़ना या उस पर मसे आना।*
- *अधिक दिनों से आंख में धुंधलापन।*
- *आंख में धब्बे या छाया आना।*
- *आंख में तेज दर्द या दबाव होना।*
- *एक का दो दिखाई देना।*
- *ब्लाइंड स्पॉट्स बनना।*

हर छह महीने में कराएं जांच

बच्चों को डायबिटीज से बचाने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, वजन नियंत्रण और तनाव प्रबंधन बेहद जरूरी है। सप्ताह में कम से कम 150 मिनट चलना या साइकिल चलाना चाहिए। इसके साथ ही पर्याप्त नींद जरूर ले। डायबिटीज का सबसे अधिक प्रभाव आंखों पर पड़ता है, इसलिए बच्चों की आंखों की हर छह महीने में जांच अवश्य कराएं।

डॉ. अंशुल चावला
विट्रेओ-रेटिना स्पेशलिस्ट और रेटिना सर्जन

स्कूलों में अनिवार्य हो जांच

आनुवांशिकता के अलावा बच्चों में शारीरिक सक्रियता की कमी, मोबाइल की लत और फास्ट फूड का अत्यधिक सेवन भी टाइप-1 डायबिटीज का मुख्य कारण हैं। हर स्कूल में डायबिटीज की जांच अनिवार्य होनी चाहिए। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मधुमेह की जांच, उपचार और परामर्श की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए डायबिटीक कार्ड भी बनाए जा रहे हैं, जिन्हें दिखाने पर मुफ्त दवाएं और जांच की सुविधा मिल रही है।

डॉ. राजू नामदेव, जनरल फिजीशियन

एआई तकनीक से होगी निःशुल्क रेटिना फोटोग्राफी

मरीजों की आंखों की रोशनी बचाने डायबिटिक ब्लाइंडनेस फ्री इंडिया अभियान शुरू



डायबिटीज शरीर के दूसरे अंगों के साथ आंखों की रोशनी पर भी गंभीर असर डाल रहा है। डायबिटिक रेटिनोपैथी ऐसी बीमारी है, जिसमें शुरूआती दौर में लक्षण दिखाई नहीं देते, लेकिन धीरे-धीरे आंखों की रोशनी जा सकती है। डायबिटिक ब्लाइंडनेस के खतरे को देखते हुए भोपाल में विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर 'डायबिटिक ब्लाइंडनेस फ्री इंडिया' अभियान शुरू किया गया है। ऑल इंडिया ऑप्थल्मोलॉजिकल सोसाइटी, विट्रियो-रेटिनल सोसाइटी ऑफ इंडिया और चावला विजन केयर एवं डायबिटिक आई क्लिनिक के सहयोग से एक सप्ताह तक जागरूकता गतिविधियां होगी। शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में एआईओएस के सदस्य डॉ गजेंद्र चावला, डॉ. आशुल चावला और डॉ. शिवांगी साहू ने बताया कि अभियान में 'गेस योर शुगर', 'सी योर ओन रेटिना' जैसी पहल के जरिए लोगों को अपनी सेहत के प्रति जागरूक किया जाएगा। एआई तकनीक से निःशुल्क रेटिना फोटोग्राफी भी की जाएगी। डॉ. गजेंद्र चावला ने बताया कि 22 नवंबर को जागरूकता वॉक और मेगा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित होगा, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर जांच करेंगे।

खबर संक्षेप



11 केवी फीडर का बनाएं सिंगल लाइन डायग्राम

भोपाल। प्रत्येक 11 केवी फीडर का सिंगल लाइन डायग्राम (एसएलडी) तैयार किया जाए तथा उसके आधार पर वितरण ट्रांसफार्मरवार उपभोक्ता इंडेक्सिंग का कार्य सुनिश्चित किया जाए, जिससे विद्युत वितरण नेटवर्क एवं उपभोक्ताओं का सटीक विवरण उपलब्ध हो सके। यह निर्देश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने शुक्रवार को मिसरोद स्थित कार्यालय में शहर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, तकनीकी कार्यों और राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना और राजस्व लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रबंध संचालक ने बैठक में वितरण ट्रांसफार्मरों (डीटीआर) से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि समस्त फेल डीटीआर को संबंधित एरिया स्टोर में अनिवार्य रूप से वापस जमा कराया जाए।

मप्र शिक्षक संघ ने की साइबर सेल में शिकायत

भोपाल। सोशल मीडिया पर मप्र शिक्षक संघ के नाम और पदाधिकारियों के कथित बयानों का दुरुपयोग कर भ्रामक खबर प्रसारित किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से संबद्ध मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने भोपाल स्थित राज्य साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। संघ के प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (साइबर क्राइम सेल) को ज्ञापन सौंपा। शिकायत में बताया गया कि 10 नवंबर 2026 को सोशल मीडिया पर एक भ्रामक एवं मनगढ़ंत खबर प्रसारित की गई। संघ पदाधिकारियों ने इस खबर को पूरी तरह निराधार बताया है।

भोपाल में आप की सदस्यता मुहिम शुरू



भोपाल। आम आदमी पार्टी के संगठन विस्तार अभियान के तहत भोपाल में सदस्यता एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश प्रभारी (विंग) अखिलेश पति त्रिपाठी और भोपाल सह-प्रभारी जगदीप सिंह मौजूद रहे। प्रदेश संयुक्त सचिव (संगठन) डॉ. जीशान अहमद ने अतिथियों का स्वागत किया। जितेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे जनहित के मुद्दों को लेकर काम कर रही है। वहीं, जगदीप सिंह ने कहा कि भोपाल के हर वार्ड तक संगठन का विस्तार करना लक्ष्य है। कार्यक्रम में पार्षद अनिल लाकड़ा, पप्पू छिलवाल, धर्मेंद्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

कोलार थाना क्षेत्र स्थित ललिता नगर पेट्रोल पंप के पास हुई घटना

देर रात साढ़े 12 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र ललिता नगर पेट्रोल पंप के पास गुरुवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में बाइक फंस गई और युवक करीब चालीस मीटर तक घिसटता हुआ गया था। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार का चालक कार मौके पर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अरविंद सेन पिता हल्के राम सेन (34) बांसखेड़ी कोलार में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गुरुवार देर रात वह अपने भाई से यह कहकर निकला था कि बाइक में पेट्रोल डलवाकर आता हूं। इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। पुलिस ने बताया कि ललिता नगर पेट्रोल पंप के पास पहुंचते से ही पीछे से आ रही कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी थी। कार रफ्तार में थी और कार में बाइक सहित अरविंद फंस गया। रफ्तार अधिक होने के कारण बाइक सहित अरविंद को कार के चालक ने करीब चालीस मीटर तक घसीट दिया था।



आरोपी को तलाश कर रही पुलिस

हादसे के बाद भीड़ भाड़ होने लगी थी। इसी बीच डायल 112 को किसी ने एक्सीडेंट की सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ हटाई और अरविंद को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर अरविंद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि कार के नंबर के आधार पर आरोपी चालक तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

युवक की फांसी के फंदे पर लटकी मिली लाश

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 18 महुआखेड़ा में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन से प्राथमिक पूछताछ में भी आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार राकेश मालवीय पिता केशरी मोहन मालवीय (19) वार्ड नंबर-18 महुआखेड़ा में रहता था और प्राइवेट काम करता था। परिजन ने बताया कि गुरुवार रात उसने परिवार के साथ खाना खाया और कमरे में सोने चले गया था। शुक्रवार सुबह नींद खुली तो उसका शव टीनशेड पर लगे पाइप पर फांसी के फंदे पर लटका मिला।

- बैरसिया स्थित महुआखेड़ा का मामला

आरोपी को एमपी नगर से किया गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच ने एमडी तस्कर से 12.76 ग्राम ड्रग्स की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच की टीम ने ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 12.76 ग्राम एमडी जब्त की है। जब्त एमडी की कीमत ढाई लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी पेशे से ड्राइवर है। क्राइम ब्रांच ने आरोपी से एक मोबाइल भी जब्त किया है। क्राइम ब्रांच के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि एमपी नगर जोन-1 में यस बैंक के सामने खाली मैदान में एक संदिग्ध युवक खड़ा है। जिसके पास मादक पदार्थ एमडी रखा हुआ है। वह किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना के बाद हरकत में आई क्राइम ब्रांच की टीम ने एमपी नगर जोन-1 में यश बैंक के सामने खाली मैदान में खड़े संदिग्ध को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अम्मार राजा पिता काईत जोहर राजा (29) मकान नंबर पांच, गली नंबर-11 बिलकिस जहां की गली ओल्ड सेफिया कॉलेज रोड, कोतवाली बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 12.76 ग्राम एमडी मिली। पुलिस ने एमडी के अलावा उससे सैमसंग कंपनी मोबाइल जब्त किया है।



18 जिलों में 21 नए औद्योगिक क्षेत्रों की अधिसूचना जारी

भोपाल में रातीबड़ व आगरिया छापर नए औद्योगिक क्षेत्र बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र के सभी क्षेत्रों में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देनी की घोषणा के अनुरूप सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने 18 जिलों में नवीन 21 औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित करने की सूचना जारी कर दी है। भोपाल जिले में आरा मशीन कलस्टर के लिए रातीबड़ के अलावा अगरिया छापर में औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित किए गए हैं।

एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने बताया कि देश के अग्रणी औद्योगिक एवं निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में राज्य शासन की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के 18 जिलों भोपाल, पन्ना, सीहोर, देवास, बुरहानपुर, सीधी, धार, रायसेन, शिवपुरी, खरगौन, निवाड़ी, नीमच, कटनी, जबलपुर, बड़वानी, मंदसौर, छतरपुर एवं बैतूल में कुल 412 हेक्टेयर भूमि पर 21 नवीन औद्योगिक क्षेत्रों को अधिसूचित किया गया है। यह पहल प्रदेश में औद्योगिक अधोसंरचना के विस्तार तथा एमएसएमई को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

412 हेक्टेयर में विकसित होंगे 21 औद्योगिक क्षेत्रः काश्यप



उद्योगों के लिए विकसित भूमि उपलब्ध हो सकेगी

इन 21 नवीन औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से प्रदेश के विभिन्न अंचलों में उद्यमियों को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना एवं विस्तार के लिए विकसित भूमि उपलब्ध हो सकेगी। इससे स्थानीय संसाधनों एवं उद्यमशीलता को प्रोत्साहन मिलेगा तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होने के साथ क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति मिलेगी। औद्योगिक अधोसंरचना का यह विस्तार प्रदेश में निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करने तथा एमएसएमई इकाइयों की स्थापना एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही छोटे एवं नए उद्यमियों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

उद्योग स्थापना के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेगी

मंत्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन में एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने तथा उद्यमियों को उद्योग स्थापना के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उनका विभाग प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की ओर से उद्योग एवं निवेश को बढ़ावा देने तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।

निवाड़ी में बड़ेडी जंगल और बैतूल में उड़दन गुड क्लस्टर

मप्र एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार जो औद्योगिक क्षेत्र अधिसूचित किए गए हैं, उनमें जिला भोपाल में रातीबड़ (आरा मशीन कलस्टर) और आगरिया छापर, पन्ना में बड़ा गांव, सीहोर में इच्छावर, देवास में कालूखेड़ी, बुरहानपुर में सातापयरी, सीधी में बाड़ीटोला, धार में रायण और सरदारपुर, रायसेन में समनापुर जागीर, शिवपुरी में बदरवास, खरगोन में डाबरिया, निवाड़ी में निवाड़ी भाटा, नीमच में सगराना, कटनी में टिकरिया, जबलपुर में मोहिनिया, बड़वानी में घटवा, मंदसौर में पानपुर, छतरपुर में धामची, निवाड़ी में बड़ेडी जंगल और बैतूल में उड़दन गुड क्लस्टर शामिल हैं।

प्रदेश के उद्यमियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन का माना आभार

प्रदेश के एमएसएमई एवं उद्यमी समुदाय ने मुख्यमंत्री डा. यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि एमएसएमई क्षेत्र के प्रति उनका निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन एवं प्रतिबद्धता प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई दिशा प्रदान कर रही है।

लोगों को आता देखकर मौके से भागा आरोपी

लेडी डॉक्टर की कार में बाइक सवार ने मारी टक्कर, गालीगलौज कर हेलमेट से तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित सुरेंद्र पैलेस सिग्नल के पास लेडी डॉक्टर की कार में बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार ने डॉक्टर से गालीगलौज की और हेलमेट से उनकी कार में तोड़फोड़ कर दी। भीड़ इकट्ठी होती देख आरोपी बाइक चालक अपनी बाइक लेकर भाग निकला।

लेडी डॉक्टर ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक पर गालीगलौज और तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बाइक नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार डॉक्टर सृष्टि गुप्ता पति डॉ असीम गार्गव (36) डीके कॉटेज दानापानी चौराहा, शाहपुरा में रहती हैं।

वह शासकीय जय प्रकाश अस्पताल में डॉक्टर हैं। शुक्रवार सुबह वह अपनी रिनाल्ट डस्टर कार से अस्पताल जा रही थीं। सुबह करीब साढ़े दस बजे के आसपास वह सुरेन्द्र पैलेस सिग्नल के पास पहुंची ही थी कि पीछे से आ रही बाइक के चालक ने तेजी और लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी। कुछ दूरी चलकर डॉक्टर सृष्टि ने अपनी कार रोकी तो बाइक चालक उनके पास पहुंचा और गालीगलौज करते हुए कहने लगा कि ठीक से कार नहीं चला सकती हो।

सृष्टि ने कहा कि कहा भैया मेरी गाड़ी सही दिशा और सही स्पीड में थी। वह सुनने को तैयार नहीं था। उसने अपने हाथ में रखा हेलमेट कार के ड्राइवर साइड वाले कांच और पीछे वाले कांच में मारकर कांच तोड़ दिया।

आईएसबीटी के सामने भेल के ठेका श्रमिक से मोबाइल झपटकर भागे बाइक सवार बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित आईएसबीटी के सामने बाइक सवार बदमाशों ने भेल के ठेका श्रमिक से मोबाइल झपट लिया। झपटे गए मोबाइल की कीमत 18 हजार रुपए बताई जा रही है।

दीवाली की रात करीब साढ़े 8 बजे हुई इस झपटमारी की शिकायत पुलिस ने गुरुवार 13 नवंबर को की है। पुलिस का कहना है कि फरियादी बाहर चला गया था। वहां से लौटकर आया और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार आरिफ खान (41) विकास नगर झुग्गी, गोविंदपुरा में रहते हैं और भेल में ठेका श्रमिक हैं। 8 नवंबर दीवाली की रात करीब साढ़े आठ बजे वह आईसबीटी गए थे। बस स्टैंड के सामने चाय नाश्ते की दुकान के पास खड़े होकर वह मोबाइल पर बात कर रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। वह कुछ समझ पाते इससे पहले ही बदमाश तेजी से बाइक चलाकर मौके से भाग निकले। आरिफ खान ने उनका कुछ दूर पीछा भी किया था, लेकिन आरोपी भाग चुके थे। थाना प्रभारी अवधेश तोमर ने बताया कि फरियादी ने तत्काल घटना की जानकारी दी थी और कहा था कि अभी वह बाहर जा रहा हैं और बाद में आकर शिकायत दर्ज कराएगा। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए है। बदमाशों का हुलिया मिल गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने लगाए शिविर

कमजोर नजर वाले 285 छात्र-छात्राओं की जांच कर वितरित किए मुफ्त चश्मे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा अंधत्व नियंत्रण के क्षेत्र में सेवारत अंतराष्ट्रीय एनजीओ मिशन फॉर विज़न के सहयोग से भोपाल एवं सीहोर जिलां के सरकारी और निजी विद्यालयों में दृष्टिदोष जांच शिविर आयोजित किए गए।

विद्यार्थियों की दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान और उनकी पढ़ाई में होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के उद्देश्य से गत छह माह (अप्रैल-सितंबर) के दौरान 12 विद्यालयों में 3,632 विद्यार्थियों के दृष्टिदोष जांच की गई। इनमें से 97 विद्यार्थियों की चश्मे के नंबर की जांच तथा 285 विद्यार्थियों को निःशुल्क चश्में प्रदान किए गए। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा सभी विद्यालयों से अपील की गई है कि वे सूचित कर सकते हैं। अस्पताल की टीम विद्यालय आकर विद्यार्थियों की नेत्र जांच करेगी।



नेत्र सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है उद्देश्य

सेवा सदन का यह प्रयास स्कूल के विद्यार्थियों के बेहतर नेत्र स्वास्थ्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सेवा सदन द्वारा विद्यालय स्तर पर नेत्र सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक जरूरतमंद विद्यार्थी तक नेत्र जाँच एवं आवश्यक सुविधाएँ पहुंचाना है।

शासकीय जमीन की फर्जी रजिस्ट्री का मामला

एफआईआर के 10 दिन बाद भी कार्रवाई का हो रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद औबेदुल्लागंज के वार्ड 4 में शासकीय जमीन की कथित फर्जी रजिस्ट्री के मामले में एफआईआर दर्ज हुए 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। दीपावली के बाद नगर में एक बार फिर यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

नागरिकों के बीच सवाल उठ रहा है कि जब मामले में 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है, तो आगे की कार्रवाई में देरी क्यों हो रही है? वहीं एफआईआर दर्ज होने के बाद संबंधित लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। मामले में नामजद लोग कानूनी सलाह लेने के लिए अच्छे वकीलों की तलाश कर रहे हैं। दूसरी ओर कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर यह कहकर सांत्वना दिए जाने की चर्चा भी है कि उन्हें कुछ नहीं होने दिया जाएगा। हालांकि इन चर्चाओं की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। इस पूरे मामले में नगर परिषद के आठ पार्षद और वरिष्ठ नागरिक वचन लोधी लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि शासकीय जमीन से जुड़े इस मामले में एफआईआर दर्ज करना पर्याप्त नहीं है। दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो वे पुनः अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। बता दें कि आठ पार्षदों और वचन लोधी धर्मेंद्र चौरसिया पूर्व पार्षद पदम चौहान आरती यादव माखन सेन बागीश अग्रवाल नरेश सेठी दीपू परमार आदि ने जानकारी दी थी।

साधु वासवानी स्कूल में आयोजन

नूरी ग्रंथ में गुरुदेव के होने का अहसास होता हैः डॉ. चोटरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

साधु वासवानी स्कूल में शुक्रवार को नूरीग्रंथ पाठ साहिब का शुभारंभ दादा टीएल वासवानी की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। सुधार सभा के महासचिव कन्हैयालाल रामनानी ने बताया कि जो भी संतजन होते हैं वह हमेशा दूसरों को आगे बढ़ाते हैं। उनके द्वारा किए गए कार्य सबके लिए हितकारी होते हैं, संतों का आशीर्वाद हमारे विद्यालय व बच्चों पर सदैव रहता है उनके आशीर्वाद से ही यह विद्यालय ऊंचाइयों को छू रहा है।

कार्यक्रम में डॉ. राजकुमारी चोटरानी ने बताया कि नूरी ग्रंथ अनमोल ग्रंथ है और उसमें संतजी की अनमोल वाणी है। नूरी ग्रंथ में गुरुदेव के होने का अहसास होता है। दादा वासवानी कहते थे बच्चे देश का भविष्य है। उन्हें अच्छी शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में संस्कार स्कूल के सचिव बंसत चेलानी, पत्रकार दिलीप मंगतानी, पार्षद राजेश हिंगोरानी व वासदेव मोतियानी ने भी अपनी विचार रखें। इस कार्यक्रम में प्राचार्या तुलिका घोष, उप-प्राचार्या स्वाति कलवानी, दीपा आहूजा आदि बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मंच संचालन ममता जनियानी द्वारा किया गया। तत्पष्चात आरती, अनंद साहिब, अरदास, मधुर गीत एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



बार-बार आग लगने की घटनाओं से बढ़ रही मुश्किलें

खांसी और सांस लेने में तकलीफ जैसी परेशानियों का करना पड़ रहा सामना

औबेदुल्लागंज के डंपिंग ग्राउंड में लगी आग, जहरीले धुएं से लोग हो रहे परेशान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद औबेदुल्लागंज के कचरा डंपिंग ग्राउंड में एक बार फिर आग लगने की घटना सामने आई है। कचरे में लगी आग से उठने वाले जहरीले धुएं और दुर्गंध के कारण वार्ड 2 स्थित महावीर कॉलोनी के रहवासी परेशान हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि डंपिंग ग्राउंड से उठने वाला धुआं आसपास के रहवासी क्षेत्रों में फैल रहा है, जिससे लोगों को खांसी और सांस लेने में तकलीफ जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रातभर घरों के दरवाजे बंद रखने को मजबूर

रहवासियों के अनुसार कचरा डंपिंग स्थल से रात के समय सड़ी-गली गंदगी की बदबू आती है। दुर्गंध इतनी होती है कि लोगों को रात में अपने घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद करके रहना पड़ता है। डंपिंग ग्राउंड में साल में दो से तीन बार आग लगने की घटनाएं होने की शिकायत भी परिषद से की जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।



व्यवस्था पर उठे सवाल

इस समस्या को लेकर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मनीष गोशिंदे, पार्षद दीपू परमार, वरिष्ठ संजय सिंह चौहान, भाजपा नेता सर्वेश गौर, परसाई, ब्रजमोहन यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, जीतू नंदवंशी, त्रिलोचन सिंह, बिट्टू, बसंत नामदेव, विनय जैन सहित नागरिकों ने मांग की है कि डंपिंग ग्राउंड में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए स्थाई व्यवस्था की जाए, कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण हो।

नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व का शुभारंभ, सूर्य उपासना में जुटे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हुआ। छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। व्रती महिलाओं ने स्नान कर सात्विक भोजन ग्रहण किया और भगवान सूर्य की उपासना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।



भोजपुरी समाज के अध्यक्ष अशोक जायसवाल, लालबाबू, राजेंद्र गुड्डू साहू एनपी मिश्रा, कांति जायसवाल, गणेश जायसवाल, पंचू पांडेय , सुधा जायसवाल, मधु जायसवाल, साधना पांडे, अंकिता सिंह एवं पूजा जायसवाल ने बताया कि शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत हुई है। उन्होंने बताया कि शनिवार 14 नवंबर को व्रती महिलाएं पूरे दिन उपवास रखेंगी तथा भगवान सूर्य को गुड़ की खीर का भोग अर्पित करेंगी। इसके बाद रविवार 15 नवंबर को डाला छठ के अवसर पर अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा।



पर्व के दौरान श्रद्धालु सुख, समृद्धि, वैभव और परिवार की खुशहाली के लिए भगवान सूर्य एवं छठी मैया की आराधना करेंगे। छठ महापर्व को लेकर नगर परिषद कार्यालय के पीछे स्थित घाट पर व्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं के लिए पूजा-अर्चना की बेहतर व्यवस्था की गई है। घाट पर तैयारियां की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालु छठ पूजा कर सकें।

राजकोषीय अनुशासन के साथ विकास को प्राथमिकता, केंद्र द्वारा निर्धारित उधारी सीमा के भीतर लिया जा रहा ऋण

अधोसंरचना विकास और पूंजीगत निवेश को गति देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार लेगी 3 हजार करोड़ रुपए का ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन प्रदेश में अधोसंरचना विकास, पूंजीगत निवेश और आर्थिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से 17 नवंबर को 3 हजार करोड़ का बाजार ऋण लेने जा रही है। यह ऋण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित बेंचमार्क इश्यूएंस स्ट्रेटेजी (बीआईएस) के अंतर्गत तथा केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत उधारी सीमा के भीतर लिया जाएगा। राज्य सरकार की वित्तीय रणनीति में राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए सड़क, सिंचाई, विद्युत अधोसंरचना और अन्य उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार का लक्ष्य पूंजीगत निवेश के माध्यम से प्रदेश की उत्पादन क्षमता बढ़ाने, रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है।

खास बातें

- ऋण पुनर्भुगतान में प्रदेश का रिकॉर्ड मजबूत, अब तक कभी नहीं हुआ डिफॉल्ट
- सड़क, सिंचाई, ऊर्जा और अन्य पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण पर सरकार का विशेष जोर



फाइल फोटो।

एक-एक हजार करोड़ रुपए के रूप में लिया जाएगा

राज्य सरकार द्वारा 17 नवंबर को प्रस्तावित 3 हजार करोड़ रुपए का बाजार ऋण तीन अलग-अलग हिस्सों में एक-एक हजार करोड़ रुपए के रूप में लिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भारत सरकार द्वारा प्रदेश की कुल उधारी सीमा लगभग 87 हजार करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। इसमें प्रथम नौ माह के लिए 58 हजार 274 करोड़ रुपए की बाजार ऋण सीमा स्वीकृत है। नवंबर के दूसरे सप्ताह तक राज्य सरकार 48 हजार 900 करोड़ रुपए का बाजार ऋण प्राप्त कर चुकी है। प्रस्तावित ऋण भी निर्धारित सीमा के भीतर है।

एक लाख करोड़ के स्तर को पार करेगा पूंजीगत परिव्यय

प्रदेश में अधोसंरचना विकास को नई गति देने के लिए पूंजीगत निवेश लगातार बढ़ाया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य का पूंजीगत परिव्यय एक लाख करोड़ के स्तर को पार करने की संभावना है। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त ऋण का उपयोग मुख्य रूप से सिंचाई परियोजनाओं, सड़क एवं एक्सप्रेस-वे, विद्युत अधोसंरचना तथा अन्य दीर्घकालिक परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए किया जाता है। राज्य सरकार के अनुसार वेतन-भत्ते, पेंशन, अनुदान तथा लाड़ली बहना और मुख्यमंत्री किसान कल्याण जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के राजस्व व्यय की पूर्ति के लिए ऋण नहीं लिया जाता। ऋण प्रबंधन में उत्पादक पूंजीगत निवेश को प्राथमिकता दी जाती है।

प्रति व्यक्ति ऋण नहीं, परिसंपत्तियां भी वित्तीय स्थिति का आधार

सार्वजनिक ऋण के आकलन में केवल प्रति व्यक्ति ऋण को आधार बनाना राज्य की वास्तविक आर्थिक स्थिति का संपूर्ण चित्र प्रस्तुत नहीं करता। ऋण का मूल्यांकन राज्य की जीएसडीपी, राजस्व प्राप्तियों, ब्याज भुगतान क्षमता, पुनर्भुगतान रिकॉर्ड और ऋण से निर्मित उत्पादक परिसंपत्तियों के आधार पर किया जाना आवश्यक है। मध्यप्रदेश में पिछले दो दशकों के दौरान सड़क नेटवर्क, सिंचाई क्षमता, ऊर्जा और शहरी अधोसंरचना का व्यापक विस्तार हुआ है। राज्य सरकार की वित्तीय नीति का केंद्र ऋण के माध्यम से ऐसी स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण करना है, जो आने वाले वर्षों में प्रदेश की आर्थिक प्रगति और राजस्व क्षमता को मजबूत करे। मध्यप्रदेश सरकार की विकासोन्मुख वित्तीय रणनीति में ऋण केवल वित्तीय संसाधन जुटाने का माध्यम ही नहीं, बल्कि भविष्य की आर्थिक क्षमता और अधोसंरचना निर्माण में निवेश का महत्वपूर्ण साधन भी है। राज्य सरकार राजकोषीय अनुशासन, समयबद्ध ऋण पुनर्भुगतान और पूंजीगत निवेश के संतुलन के साथ विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रही है।

ऋण पुनर्भुगतान में मध्यप्रदेश का मजबूत रिकॉर्ड

राज्य सरकार ने ऋण पुनर्भुगतान में वित्तीय अनुशासन का मजबूत रिकॉर्ड कायम रखा है। राज्य सरकार ने पिछले वित्तीय वर्ष में 29 हजार 980 करोड़ रुपये तथा चालू वित्तीय वर्ष में नवंबर के दूसरे सप्ताह तक 15 हजार 573 करोड़ रुपये का ऋण पुनर्भुगतान किया है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार ने अपने ऋण दायित्वों के भुगतान में कभी डिफॉल्ट नहीं किया है। सभी निर्धारित भुगतान समय पर किए गए हैं।

राजकोषीय अनुशासन के मानकों पर संतुलित स्थिति

मध्यप्रदेश सरकार संविधान के अनुच्छेद 293(3) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित उधारी सीमा और राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम (एफआरबीएम) के प्रावधानों के अनुरूप ऋण प्राप्त कर रही है। बजट अनुमान 2026-27 में राज्य का ऋण और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का अनुपात 32.53 प्रतिशत अनुमानित है। प्रदेश में ब्याज भुगतान और राजस्व प्राप्तियों का अनुपात लगभग 10 से 11 प्रतिशत है। यह राज्य की राजस्व प्राप्तियों के मुकाबले ब्याज भुगतान के नियंत्रित स्तर को दर्शाता है। वहीं, पिछले दस वर्षों में प्रदेश की जीएसडीपी 10 प्रतिशत से ऊपर रही है।

सीएम ने सामाजिक पेंशन योजना के 34 लाख हितग्राहियों को अंतरित की 207 करोड़ पेंशन राशि

पशुपालन, दुग्धोत्पादन को बढ़ावा देने हर साल उन्नत नस्ल की एक लाख बछिया तैयार कर देंगे किसानों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खेती-किसानी ही हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। उन्होंने कहा कि किसान खेती के साथ-साथ पशुपालन और दुग्ध उत्पादन में आगे आए। इसी से किसानों के खेत-खलिहान और घरों में समृद्धि आएगी। उन्होंने कहा कि मप्र के किसानों को समृद्ध बनाने के लिए सरकार उन्नत पशुधन के पालन-पोषण पर विशेष ध्यान दे रही है। हम प्रदेश में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए हर साल एक लाख बछिया तैयार करेंगे और इन्हें किसानों को देंगे। इससे प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा और तभी हर किसान के घर में समृद्धि आएगी।

उन्होंने शुक्रवार को ग्वालियर जिले के ग्राम कुलैथ में विशाल पशुपालक सम्मेलन एवं पशु मेले का शुभारंभ कर ये विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश के सभी वृंदावन ग्रामों में दुधारू पशुपालकों की स्वस्थ प्रतियोगिता करवाई और श्रेष्ठ पशुपालकों (विजेताओं) को ट्रेक्टर, बुलेट मोटरसाइकिल, स्कूटी सहित नगद पुरस्कार भी दिए हैं।

- मप्र में बड़े शहरों में आरंभ हो रहीं 10 हजार से अधिक गोवंश पालने वाली गोशालाएं
- मुख्यमंत्री ने ग्वालियर जिले के ग्राम कुलैथ में किया विशाल पशुपालक सम्मेलन एवं पशु मेले का शुभारंभ
- कुलैथ के जगन्नाथ मंदिर के विकास के लिए 51 लाख रुपए दिए जाएंगे, गांव में बनेंगी तीन सड़कें, सामुदायिक भवन भी बनेगा



एक करोड़ से अधिक गो-माता हैं : डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में ढाई करोड़ से अधिक पशुधन हैं। इनमें एक करोड़ से अधिक गौमाता हैं और शेष भैंसवंशी नस्ल के पशु हैं। हमारे पास इतना विशाल पशुधन होने का आशय यह है कि हम बहुत जल्द दुग्ध उत्पादन के मामले में देश में अव्वल स्थान पर आएंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के 7 हजार से अधिक श्रमिक भाई-बहनों के खातों में 175 करोड़ रूपए की सहायता राशि एवं सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांगजन पेंशन योजना अंतर्गत 34.58 लाख से अधिक हितग्राहियों को 207.48 करोड़ रुपए की पेंशन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। मुख्यमंत्री ने कुलैथ में हो रही बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आनंद लिया।

कुलैथ के जगन्नाथ मंदिर के विकास के लिए 51 लाख रुपए देने की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर कुलैथ के जगन्नाथ मंदिर के विकास के लिए 51 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत क्षेत्र में निहिथपुर से महेश्वरा तक एक किमी पक्की सड़क बनाने, लंका वाले हनुमान मंदिर तक पक्की रोड़ बनाने तथा एक अन्य मार्ग का निर्माण करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की सहज मांग पर गांव में एक सामुदायिक भवन बनाने की भी घोषणा की।

दुग्ध उत्पादन में मप्र का 9% के साथ वर्तमान में देश में तीसरा स्थान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुग्ध उत्पादन में मप्र 9 प्रतिशत के साथ वर्तमान में देश में तीसरा स्थान रखता है। प्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाना हमारा संकल्प है। किसानों की समृद्धि, दूध उत्पादन और पशुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए यह पशुपालक सम्मेलन आयोजित किया गया है। प्रदेश में उपलब्ध गौवंश नस्ल सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मप्र को 1 लाख उन्नत नस्ल की बछिया उपलब्ध कराने का आश्वस्त किया है। ये बछिया किसानों को दी जाएंगी। राज्य में बड़ी गौशालाएं खोली जा रही हैं।

आगामी 2 वर्षों में प्रदेश में स्थापित होंगे 22 नए चिकित्सा महाविद्यालय

चिकित्सा महाविद्यालयों में बढ़ेंगीं 12 हजार से अधिक मेडिकल सीट्स

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सा महाविद्यालय और एमबीबीएस सीटों की संख्या में वृद्धि के लिए सभी संभावनाओं का परीक्षण करते हुए तेजी से कार्रवाई की जाए। पीपीपी मॉडल अन्तर्गत बनने वाले बैतूल, कटनी, धार और पन्ना के चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य की सतत मॉनीटरिंग हो। चारों चिकित्सा महाविद्यालयों का संचालन समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश चिकित्सा महाविद्यालय और एमबीबीएस सीटों के संबंध में मुख्यमंत्री निवास में हुई लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुरैना, गुना, भिंड, टीकमगढ़, अशोकनगर, बालाघाट, सीधी, खरगोन, शाजापुर, रायसेन और झाबुआ में पीपीपी मॉडल के तहत स्थापित होने वाले सभी 11 चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए नवीन निविदाएं तत्काल जारी की जाए।



प्रदेश में होंगे 56 मेडिकल कॉलेज और 18050 एमबीबीएस सीट

वर्तमान में प्रदेश में 20 शासकीय और 14 निजी चिकित्सा महाविद्यालय संचालित हैं। इनमें 6050 एमबीबीएस सीट उपलब्ध है। 2 वर्षों में 6 नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय क्रमशः छतरपुर, दमोह और बुधनी के भवन निर्माण पूर्ण हो चुके हैं। उज्जैन, राजगढ़ और मंडला का भवन निर्माण प्रगति पर है। इसके साथ ही बैतूल, कटनी, धार और पन्ना में पीपीपी मॉडल पर चिकित्सा महाविद्यालय संचालन के लिए अनुबंध निष्पादित किया जा चुका है। मुरैना, गुना, भिंड, टीकमगढ़, अशोक नगर, बालाघाट, सीधी, खरगोन, शाजापुर, रायसेन और झाबुआ सहित कुल 11 जिलों में पीपीपी मॉडल अन्तर्गत चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किए जाने हैं।

ग्रामीण परिवारों को मिल रहा संपत्ति का वैधानिक अधिकार

सीएम रजिस्ट्री योजना में प्रदेश में 20 लाख से अधिक रजिस्ट्रियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का वैधानिक अधिकार प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी भूमि पर स्थित मकानों एवं भूखंडों के स्वामित्व संबंधी अभिलेख तैयार कर पात्र हितग्राहियों की संपत्तियों का पंजीयन किया जा रहा है।

प्रदेश में अब तक कुल 20 लाख 5 हजार 863 रजिस्ट्रियां पूर्ण हो चुकी हैं। योजना से ग्रामीणों को अपनी संपत्ति का वैधानिक दस्तावेज प्राप्त हो रहा है। इससे उन्हें बैंक ऋण सहित अन्य वित्तीय सुविधाओं का लाभ लेने में भी सहायता मिलेगी।

नरसिंहपुर में 59 हजार 128, रायसेन में 55 हजार 981 रजिस्ट्री

इसी प्रकार नरसिंहपुर में 59 हजार 128, रायसेन में 55 हजार 981, धार में 55 हजार 651, विदिशा में 55 हजार 311, खंडवा में 52 हजार 897, नीमच में 52 हजार 620, खरगोन में 51 हजार 998, बैतूल में 48 हजार 893, सीहोर में 48 हजार 350, कटनी में 45 हजार 381, शाजापुर में 45 हजार 226, देवास में 43 हजार 590, दमोह में 39 हजार 836, नर्मदापुरम में 39 हजार 025, रतलाम में 38 हजार 410, इंदौर में 34 हजार 361, भिंड में 34 हजार 026 और मंडला में 33 हजार 682 रजिस्ट्रियां पूर्ण की गई हैं।

गुना में 30 हजार 573, मुरैना में 29 हजार 817

इसके साथ ही गुना में 30 हजार 573, मुरैना में 29 हजार 817, बड़वानी में 28 हजार 954, पन्ना में 28 हजार 279, सतना में 28 हजार 173, बुरहानपुर में 26 हजार 531, टीकमगढ़ में 23 हजार 939, हरदा में 23 हजार 772, डिंडोरी में 23 हजार 180, अशोकनगर में 23 हजार 004, ग्वालियर में 22 हजार 776, आगर-मालवा में 21 हजार 853, रीवा में 20 हजार 098, दतिया में 18 हजार 873, श्योपुर में 17 हजार 512, भोपाल में 14 हजार 972, निवाड़ी में 12 हजार 219, पांढुर्णा में 12 हजार 120, झाबुआ में 11 हजार 406, मैहर में 9 हजार 971, सीधी में 4 हजार 204, सिंगरौली में 2 हजार 730 पूर्ण हो चुकी हैं।

डिजिटल तकनीक से पंजीयन एवं सत्यापन प्रक्रिया हुई सुगम

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सारा ऐप और संपदा 2.0 जैसी डिजिटल तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इनके माध्यम से संपत्ति संबंधी अभिलेखों के संधारण, पंजीयन एवं सत्यापन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और सुगम बनाया गया है। ग्रामीण आबादी भूमि पर स्थित पात्र नागरिकों की संपत्तियों का निशुल्क पंजीयन कर उनके वैधानिक अधिकारों को सुनिश्चित किया जा रहा है।

कानों-कान

मंडल कार्यालय में कामों की समीक्षा के बीच कर्मचारी एक-दूसरे की बना रहे कुंडली

भोपाल रेल मंडल कार्यालय में में इन दिनों एक अलग ही माहौल देखने-सुनने को मिल रहा है। एक तरफ जहां अब साल 2026 की विदाई का समय पास आने के साथ ही कामकाज की समीक्षा चल रही है । तो कहीं साहबों के मिजाज को समझने की कोशिश हो रही है। तो वहीं जो कर्मचारी इस साल टायरेग या काम में पिछड़ गए है। वह कर्मचारी व दूसरे कर्मचारी के कामों पर नजर रख रहे है। उनके कामकाज की जानकारी जुटाने रहे है। जिससे की उनका हवाला देकर अपना बचाव कर सके। इसलिए एक दूसरे कमी तलाशी जा रही है। ऐसी चर्चा है कि कुछ कर्मचारियों ने अपने बचाव के लिए दूसरे कर्मचारी कई सारी गोपनीय बात जुटाने के लिए महिला मित्र कर्मचारियों को भी लगा रखा है। अब इन बातों में कितनी सच्चाई है और कितना चचार्ओं का मसाला, यह कहना मुश्किल है। लेकिन भोपाल रेल मंडल कार्यालय के गलियारों में चचार्ओं का बजारा तेज है।

एक शाखा का बाबू दूसरी शाखा के बाबू की खोल रहा पोल, बिना पैसे के फाइल नहीं बढ़ाने का लगा रहे आरोप

परिवहन विभाग में इन दिनों कामकाज के साथ चचार्ओं का पहिया भी तेजी से घूम रहा है। आरटीओ कार्यालय में कभी लाइसेंस को लेकर हलचल रहती है तो कभी वाहनों के फिटनेस और परमिट की चचार्एं जोर पकड़ लेती हैं। सुनने में आ रहा है कि इन दिनों कार्यालय के भीतर किसकी जिम्मेदारी कितनी है और कौन कितना सक्रिय है, इस पर भी खूब चर्चा हो रही है। कुछ कर्मचारी अपनी ड्यूटी को लेकर गंभीर बताए जा रहे हैं तो कुछ की सक्रियता को लेकर ही सवाल उठते रहते हैं। कार्यालय में आने वाले वाहन मालिकों और आवेदकों के बीच भी तरह-तरह की बातें सुनने को मिलती हैं। कोई अपने काम की स्थिति जानने के लिए चक्कर लगा रहा है तो कोई फाइल आगे बढ़ने का इंतजार कर रहा है। इस बीच दूसरी शाखा के कर्मचारी एक-दूसरों की बारे में आवेदकों को बाबू की सच्चाई बता रहे है। जिसमें उनके काम का तरीका बिना पैसे के फाइल नहीं बढ़ाने की बात से लेकर दूरी से अपनी मनमर्जी से आफिस में आने तक की पोल खोल रहे है। हालांकि, इन चचार्ओं में कितनी हकीकत है और कितना महज सुनी-सुनाई बातों का तड़का, यह कहना मुश्किल है।

दो महीने से वन विभाग को छका रहा तेंदुआ, तलाश जारी और साहब परेशान!

भोपाल के कटारा हिल्स के ईको लॉजिकल पार्क के आस-पास इन दिनों एक तेंदुए की दस्तक ने वन विभाग की नींद उड़ा रखी है। शहर के एक इलाके में तेंदुए की मौजूदगी की चचार्एं क्या शुरू हुईं, वन विभाग की पूरी टीम उसकी तलाश में जुट गई। कैमरे लगाए गए, सर्चिंग अभियान चलाया गया और टीमों ने आसपास के जंगलों से लेकर संभावित ठिकानों तक खाक छान डाली। लेकिन मजाल है कि तेंदुआ किसी के हाथ आ जाए! करीब दो महीने से वन विभाग की टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं, मगर तेंदुआ है कि दिखाई देने का नाम ही नहीं ले रहा।

इधर, हर बार कोई नई सूचना मिलती है तो टीम फिर सक्रिय हो जाती है। कभी किसी को पदचिह्न नजर आने की बात सामने आती है तो कभी किसी के तेंदुआ देखने का दावा चर्चा में आ जाता है। नतीजा यह कि वन विभाग की गाड़ी फिर उसी दिशा में दौड़ पड़ती है। उधर, तेंदुए की मौजूदगी को लेकर इलाके के लोगों में चिंता बनी हुई है। अब इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दिलचस्प बात यही है कि तेंदुआ दिखाई भले ही न दे रहा हो, लेकिन वन विभाग को लगातार दौड़ा जरूर रहा है।

जाम में फंसी जनता, ट्रैफिक पुलिस ने मेट्रो व खुदाई को बताया जिम्मेदार

भोपाल की सड़कों पर इन दिनों ट्रैफिक का भी अपना अलग ही गणित चल रहा है। कहीं वाहन रेंग रहे हैं तो कहीं चौराहों पर लंबी कतारें लगी हैं। ट्रैफिक पुलिस के जवान कभी हाथ उठाकर तो कभी सीटी बजाकर यातायात को व्यवस्थित करने में जुटे रहते हैं। लेकिन मजाल है कि जाम उनकी कोशिशों से जल्दी मान जाए। कई बार तो वाहन चालक भी समझ नहीं पाते कि उन्हें जाना किधर है और रुकना कहां है। ऊपर से वीआईपी मूवमेंट हो जाए तो फिर आम जनता के लिए रास्ता ढूंढना ही सबसे बड़ी चुनौती बन जाता है। त्योहारी सीजन में जाम से जनता को खासी परेशानी की सामना करना पड़ा। यातायात पुलिस का सारा प्लान रखा रह गया। इसको लेकर अला-अधिकारियों ने जिम्मेदार अधिकारी से इस पर रिपोर्ट तलब की। तो जिम्मेदारों ने मेट्रो के काम व सड़क खुदाई को वजह बताकर अपने आप को बचा लिया।

-कपिलदेव श्रीवास्तव

राजधानी में पहली बार बड़ा आयोजन

आज नकुलनाथ दिखाएंगे दम प्रदेशभर से बुलाए कांग्रेस नेता

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश की सियासत में 14 नवंबर को राजधानी में एक बड़ी राजनीतिक हलचल देखने को मिलने वाली है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र और छिंदवाड़ा से पूर्व सांसद नकुलनाथ भोपाल में पहली बार शक्ति प्रदर्शन करने जा रहे हैं। भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित कमलनाथ के आवास पर 14 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह के नाम पर यह आयोजन हो रहा है, जिसका नेतृत्व स्वयं नकुलनाथ कर रहे हैं। आयोजन को नकुलनाथ की प्रदेश की राजनीति में सक्रिय वापसी और उन्हें नई मजबूती देने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छिंदवाड़ा, इंदौर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से कांग्रेस विधायकों, वरिष्ठ पदाधिकारियों और कमलनाथ समर्थकों को व्यक्तिगत निमंत्रण भेजे गए हैं। उन्होंने आयोजकों और कार्यकर्ताओं को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा के इस्तीफे की मांग

किसानों के अपमान के विरोध में भोपाल सांसद के निवास पर कांग्रेस का प्रदर्शन

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा किसानों को नशेड़ी कहे जाने वाले बयान के विरोध में शुक्रवार को जिला कांग्रेस एवं जिला किसान कांग्रेस भोपाल शहर द्वारा भोपाल सांसद आलोक शर्मा के निवास पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।

कांग्रेस नेताओं ने रीवा सांसद के बयान की कड़ी निंदा करते हुए उनसे तत्काल इस्तीफे एवं देश के किसानों से सार्वजनिक माफी की मांग की। इसके साथ सांसद शर्मा को भोपाल लोकसभा क्षेत्र एवं प्रदेश के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया गया। ज्ञापन में न्यूनतम समर्थन मूल्य, खाद वितरण, सिंचाई के लिए बिजली, फसलों का उचित दाम एवं बढ़ती कृषि लागत जैसे मुद्दे उठाए गए।



कांग्रेस नेता रहे मौजूद

जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, जिला किसान कांग्रेस भोपाल शहर के अध्यक्ष राघवेंद्र मीणा, मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक अवनीश भार्गव, जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल ग्रामीण अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल, प्रदेश कांग्रेस सचिव राजकुमार सिंह, विष्णु विश्वकर्मा, महिला कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष कंसाना, किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन राजोरिया सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सीएम ने 5.5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों को अंतरित की 200 करोड़ की सहायता राशि

पिछोर में सर्व सुविधायुक्त स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाया जाएगा कासना नाले पर बनेगा पुल


पिछोर में बनेगा सांदीपनि विद्यालय खनियांधाना में खुलेगी पुलिस चौकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- पिछोर किले में होंगे पांच करोड़ रुपए के विकास कार्य
- मोती सागर के सौन्दर्यीकरण के लिए राशि दी जाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां 221.22 करोड़ रुपए की लागत के कुल 121 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण कर शिवपुरी जिलेवासियों को दीपावली की सौगात दी। इसमें 186.23 करोड़ रुपए की लागत वाले 85 कार्यों का भूमि-पूजन और 35 करोड़ रुपए की लागत के 36 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने यहां विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शिवपुरी जिले के पिछोर में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' प्रदेश की बहनों के सामाजिक सम्मान, वित्तीय स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी पहल है, जिसे राज्य सरकार निरंतर और अधिक सशक्त बना रही है।

सरकार कर रही प्रदेश के हर कोने में उद्योग स्थापित



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिवपुरी जिले को कुछ माह पहले ही 6 हजार करोड़ के डिफेंस इंडस्ट्री कॉरिडोर की सौगात मिली है। प्रदेश में अब तक 12.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर आ चुका है। ग्वालियर को केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से देश के पहले आधुनिक टेलीकॉम मैन्यूफ्रैक्चरिंग जोन (टीएमजेड) की सौगात मिलने जा रही है।

मुख्यमंत्री ने यह घोषणाएं भी की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पिछोर में सांदीपनि विद्यालय बनाने, पिछोर में सर्वसुविधायुक्त स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण करने, खनियांधाना के रेडी चौराहा में पुलिस चौकी स्थापित करने, बामोरकलां में महाविद्यालय खोलने सहित कासना नाले पर एक पुल का निर्माण करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछोर के किले में 5 करोड़ रुपए की लागत से सभी जरूरी विकास कार्य कराए जाएंगे।

पेज 1 का शेष

सीएम बोले - बहनें ...

महिला सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की सभी बहनों को आत्मनिर्भर, आर्थिक रूप से समृद्ध बनाकर इनके जीवन में खुशहाली लाने के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रही है। बहनें हमारा मान है, सम्मान है। बहनों से ही हर घर में रौनक है। इनके स्वाभिमान की रक्षा कर हम इन्हें स्वावलंबी बना रहे हैं। बहनों के स्वावलंबी बनने से ही प्रदेश में समृद्धि आएगी। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मप्र सरकार प्रदेश की सभी पात्र बहन-बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से लाभान्वित कर रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने पर बहुत जल्द देश की संसद और राज्य की विधानसभाओं में बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

अब सांची ने भी ...

लगभग सभी वैरिएंट के उपभोक्ता मूल्य संशोधित किए गए हैं। दूध की कीमतें बढ़ाने के पीछे पैकिंग मटेरियल और परिवहन खर्च में हुई बढ़ोतरी को वजह बताया गया है। दुग्ध संघों का कहना है कि वित्तीय स्थिति संतुलित बनाए रखने के लिए कीमतों में संशोधन जरूरी हो गया था। नई दरों का सबसे ज्यादा असर रोजाना इस्तेमाल होने वाले फुल क्रीम गोल्ड दूध पर पड़ेगा। इसके 500 एमएल पैक की कीमत 35 से बढ़ाकर 37 रुपए और एक लीटर पैक की कीमत 70 से बढ़ाकर 74 रुपए कर दी गई है। इसी तरह छह लीटर का पैक अब 420 के बजाए 444 रुपए में मिलेगा। स्टैंडर्ड दूध शक्ति के 500 एमएल पैक की कीमत 32 से बढ़कर 34 रुपए हो गई है। टोंड दूध ताजा का आधा लीटर पैक 29 से 30 रुपए और एक लीटर पैक 57 से 59 रुपए का हो गया है। डबल टोंड दूध स्मार्ट का 500 एमएल पैक अब 27 के बजाए 28 रुपए में मिलेगा। चाह दूध का एक लीटर पैक 62 से बढ़कर 65 रुपए का हो गया है। वहीं डीटीएम 180 एमएल की पुरानी दर बरकरार रखी गई है।

डेढ़ साल में तीन बार महंगा हुआ सांची दूध : पिछले डेढ़ साल के दौरान सांची दूध के दामों में तीन बार बढ़ोतरी की जा चुकी है। 7 मई 2025 सांची दूध की कीमतों में इजाफा किया गया था। इसके बाद दुग्ध संघ ने 15 मई 2026 को दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। इस मूल्य वृद्धि के बाद 1 लीटर सांची गोल्ड की कीमत 70 रुपए से बढ़कर 72 रुपए हुआ। अब पुनः 14 नवंबर 2026 से मूल्य वृद्धि प्रभावी हो गई। शहर में खुले दूध की रोजाना खपत 6 से 8 लाख लीटर के बीच है। इसके मुकाबले सांची के पैकेट वाले दूध की बिक्री करीब 3 लाख लीटर प्रतिदिन बताई जाती है।

मेरा फोन टैप हो ...

उनका माइक बंद कर दिया जाता है। कृषि कानूनों, वोट चोरी, एसआईआर, चीन, जनरल नरवणे की किताब और एपस्टीन जैसे मुद्दों पर भी उन्हें अपनी बात रखने का मौका नहीं मिला।

बहस से साफ हो ...

है। उन्होंने आरोप लगाया कि बहस से यह स्पष्ट हो जाएगा कि कौन विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहा है और कौन देश विरोधी गतिविधियों में शामिल है।

बागेश्वर धाम जा रहे ...

लोग लाठी-डंडे लेकर छतरपुर पहुंच गए। स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। यादव महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में समर्थकों ने छतरपुर रेलवे स्टेशन पर सभा की। इसके बाद आगे बढ़ने पर पुलिस ने उन्हें बसों में बैठाकर हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक करीब 500 लोगों को हिरासत में लिया गया। जगदीश यादव ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने पन्ना नाके सहित शहर के कई चौराहों पर बैरिकेडिंग कर समर्थकों को रोक दिया। उधर, शिष्य मंडल के लोग जय श्रीराम के नारे लगाते हुए प्रदर्शन स्थल की ओर बढ़े, जिन्हें पुलिस ने रोक दिया। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने की आशंका के चलते पुलिस ने मोर्चा संभाला। यादव महासभा ने भगवान कृष्ण पर कथित टिप्पणी के विरोध में आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

पीएम ने खुद...

का टिकट भी खरीदा। कार्यक्रम में कर्नाटक की राज्यपाल सुधा यादव, सांसद तेजस्वी सूर्या और मंत्री केबी गौड़ा भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित चार रेलवे स्टेशनों का भी उद्घाटन किया।

शताब्दी एक्स में...

यात्री ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर अपना अनुभव बताया। उनके पास बैठी महिला की अंगुली कट गई थी। बैंडेज के लिए उन्होंने पहले पैंट्री स्टाफ से संपर्क किया, लेकिन वहां उपलब्धता नहीं होने की बात कही गई। इसके बाद उन्होंने रेल मदद पर शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि टीटीई ने चोट को मामूली बताते हुए 200 रुपए में डॉक्टर से जांच कराने की बात कही। यात्री के विरोध के बाद गार्ड कोच से बैंडेज मंगवाया गया और महिला को प्राथमिक उपचार मिला। घटना को लेकर सोशल मीडिया पर रेलवे की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

परीक्षा केंद्रों की ...

सेवानिवृत्त जवानों को सौंपी जाएगी। इसका उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाना है। नीट यूजी पेपर लीक के बाद एनटीए परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार कर रही है। 21 जून 2026 को नीट यूजी की दोबारा हुई परीक्षा में परिवहन और अन्य व्यवस्थाओं के लिए सेना की मदद ली गई थी। अब एजेंसी स्वतंत्र पर्यवेक्षकों का स्थायी समूह तैयार कर रही है। इसमें रिटायर्ड सैन्यकर्मियों के अलावा केंद्र और राज्य सरकारों के सेवानिवृत्त अधिकारी भी शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक स्वतंत्र पर्यवेक्षक तैनात होगा, जो सुरक्षा, निष्पक्षता और परीक्षा संचालन पर नजर रखेगा तथा सीधे एनटीए को रिपोर्ट करेगा।

छठ पर्व का आरंभ...

जाएगा। इसके बाद करीब 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। 15 नवंबर को डूबते सूर्य और 16 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। मान्यता है कि छठी मैया और सूर्य देव की आराधना से संतान को आरोग्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

डुप्लीकेट चाबी से ...

कोशिश के बाद लॉकर खुला तो अंदर रखे गहने गायब मिले। श्रीवास्तव ने 13 दिसंबर 2024 को अपनी बेटियों सुरभि और श्रुति के साथ संयुक्त रूप से लॉकर नंबर 502 लिया था। इसके लिए वे हर साल 2,380 रुपए किराया देते थे। सुरभि दुबई में रहती हैं, जबकि दूसरी बेटी श्रुति बेंगलुरु में रहती हैं। श्रीवास्तव का कहना है कि लॉकर में रखे जेवरों की तस्वीरें भी उनके पास मौजूद हैं। पुलिस अब बैंक के सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने की तैयारी कर रही है। लॉकर में संयुक्त खातेदार होने के कारण परिवार ने दूसरी बेटी श्रुति को भी बेंगलुरु से भोपाल बुलाया है। उससे भी पूछताछ की जा सकती है। वहीं, श्रीवास्तव शुक्रवार को पंजाब नेशनल बैंक में रखे अपने दूसरे लॉकर में भी जेवर तलाश रहे थे। वहां जांच के बाद ही गायब गहनों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। कमलानगर थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि गुरुवार को फोन पर सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। फोरेंसिक टीम से भी जांच कराई गई है। फिलहाल, पुलिस को लिखित शिकायत नहीं मिली है और न ही कोई केस दर्ज किया गया है।

बेकाबू ट्रक ने ...

जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री अतुल बोरा घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्यों की निगरानी की। पीएम नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। जान गंवाने वालों के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख जबकि घायलों को 50 हजार देने की घोषणा की।

74 देशों में 16 ...

कारोबार प्रभावित होने का अनुमान है। टीम मीटिंग, ईमेल और जरूरी सूचनाओं का आदान-प्रदान बाधित होने से कई कंपनियों का कामकाज प्रभावित हुआ। इस वैश्विक आउटेज से हर घंटे करीब एक लाख अमेरिकी डॉलर यानी लगभग 94 लाख रु के नुकसान का अनुमान है।

सर्वर पर बढ़ा ...

आशंकाएं भी जताई गईं। हालांकि, कंपनी ने सर्वर और इंफ्रास्ट्रक्चर की तकनीकी खामी को समस्या की वजह बताया गया। कंपनी ने साइबर हमले की पुष्टि नहीं की है।

गांधी परिवार पर पोस्ट को लेकर कंगना के खिलाफ एफआईआर

शिमला। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ गांधी परिवार को लेकर सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। उन पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके बेटों संजय गांधी व राजीव गांधी की मौत को लेकर भड़काऊ टिप्पणी करने का आरोप है।

पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि शिमला निवासी अतुल



शर्मा की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196, 353 और 356 के तहत कार्रवाई की है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कंगना के सत्यापित सोशल मीडिया खाते से 10 नवंबर को किए गए पोस्ट में गांधी परिवार के सदस्यों की मौत को लेकर आपत्तिजनक बातें कही गई थीं।

पोस्ट में सोनिया गांधी को रहस्यमय विदेशी नागरिक बताते हुए उनके परिवार के सदस्यों की मौत को लेकर सवाल उठाए गए थे। इसमें संजय गांधी की मौत के बाद मेनका गांधी को परिवार के निवास से बाहर निकाले जाने का भी जिक्र किया गया था।

ग्वालियरः ऑक्सीजन कारखाने में भीषण विस्फोट

टैंकर के उड़े परखच्चे, मची दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

शहर के पिंटू पार्क औद्योगिक क्षेत्र स्थित शिवा कंप्रेस्ड एयर प्रोडक्ट कारखाने में शुक्रवार को ऑक्सीजन टैंकर में भीषण विस्फोट हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि टैंकर के परखच्चे उड़ गए। पास खड़ा एक ट्रक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। विस्फोट की आवाज दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास के रिहायशी इलाकों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कारखाने परिसर में खड़े ऑक्सीजन टैंकर में अचानक जोरदार धमाका हुआ। इसकी तीव्रता इतनी अधिक थी कि टैंकर



और ट्रक के टुकड़े दूर-दूर तक बिखर गए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। कई परिवारों ने दोबारा विस्फोट की आशंका के चलते सुरक्षित स्थानों की ओर जाना उचित समझा। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हालांकि, लोग सुरक्षा के लिहाज से घटनास्थल से दूरी बनाए रहे। रिहायशी आबादी के नजदीक हुए इस हादसे से औद्योगिक इकाई में सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल सका है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती बबीता हंसारी पत्नी गोविंद हंसारी मेरा पुत्र आकाश हंसारी परिवार के अनुशासन के विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त है और घर से भाग कर दूसरे धर्म की महिला से विवाह कर लिया है। जिसकी सूचना मेरे द्वारा पुलिस में भी की गई है। अतः मेरा एवं मेरे परिवार का मेरे पुत्र आकाश हंसारी से कोई संबंध नहीं है और न हीं उसके कृत्यों के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार रहेगा साथ ही में आकाश हंसारी को मेरे परिवार एवं मेरी चल अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूं।

शपथकर्ता
बबीता हंसारी
पता -ओल्ड डेरी फार्म कर्नल बंगाले के पास वार्ड क्रमांक 5 बैरागढ़ भोपाल

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री राधिका शर्मा पिता श्री मुकेश शर्मा, के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक अंकसूची में उसका नाम राधिका शर्मा लिखा हुआ है, जो सही है, जब कि उसके आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका घरेलू नाम रितिका शर्मा लिखा हुआ है। मैं अपनी उक्त पुत्री के आधार कार्ड आदि समस्त दस्तावेजों में उसके नाम रितिका शर्मा के स्थान पर राधिका शर्मा दर्ज कराना चाहता हूँ, जो उसके आधार कार्ड आदि दस्तावेज में लिखा, पढ़ा व समझा जावे।

आवेदक - मुकेश शर्मा पिता श्री कमला किशन शर्मा निवासी ग्राम सकर्रा, तहसील ईशागढ़, जिला अशोक नगर, म0प्र0-473335

M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

NOTICE INVITING TENDERS (NIT)

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender:

S.No.	Tender No.	NIT
1	MPSEDC/ DRONE/2026/718	RFP for Drone-As-A service (Daas) for various projects of the State Government.

For detailed scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on MP Tender Portal (www.mptenders.gov.in).
M.P. Madhyam/129086/2026 EXECUTIVE DIRECTOR

BHOPAL SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
3rd floor, Smart city building, BHEL, Govindpura, Bhopal-462023 (M.P.)
Phone : 0755-2477770, E-mail : ao.bscdcl@mpurban.gov.in, www.smartbhopal.city
Sr.No. 249/Estate/BSCDCL/2026 Bhopal, Date : 13.11.2026

NOTICE INVITING TENDER

Bhopal Smart City Development Corporation Limited द्वारा ऑनलाइन निविदा MPBSCDCL/TENDER No. : 330 (Third Call) आमंत्रित की जाती हैं :-

S. No.	Tender Name	Cost of Bidding Document (Nonrefundable)	Reserve Price	Earnest Money Deposit/Bid Security	Purchase of Tender End Date
1.	Selection of Operator for Design, Development, Implementation, Operation and Maintenance of Paid Parking for On-Street and Off-Street Parking in Dusshera maidan T.T. nagar for Bhopal Utsav Mela (MPBSCDCL/ TENDER No.-330 (Third Call)	Rs. 5,000/- (Five Thousand Rupees)	Rs. 4,84,050/-	Rs. 1,00,000/- (One Lakh Only)	20.11.2026 at 16:30 Hrs. Bid Submission End Date - 20.11.2026 at 16:30 Hrs.

निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
म.प्र. माध्यम/129095/2026 संपदा अधिकारी













आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


धनु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

शब्द पहेली - 6406



बाएँ से दाएँ
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

ऊपर से नीचे
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

शब्द पहेली- 6405 का हल

ल	ब	■	ब	स	■	धा	गा	■	ह	रा
व	ह	म	■	ब	म	■	ना	ला	■	ह
■	न	म	न	■	जा	न	■	र	मा	■
ना	■	ता	क	त	■	शा	न	■	ता	त
क	मी	■	ल	ल	ना	■	म	न	■	न
■	न	ख	■	वा	च	क	■	ल	क्ष	■
स	■	र	वा	■	ना	म	क	■	मा	दा
खा	द	■	त	र	■	र	ह	न	■	म
■	म	स्त	■	मा	न	■	वा	ह	क	■
दा	■	र	स	■	या	र	■	र	च	ना
स	दा	■	च	क्षु	■	न	भ	■	य	ल

सूडोकु नवताल - 6416

कठिनतम

				5	1	4		
			7				2	
		8						3
	1							8
5				4				9
7							6	
4						7		
	2				6			
		3	9	8				

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6415 का हल

4	7	6	3	5	2	9	1	8
5	9	8	6	7	1	4	3	2
2	3	1	8	9	4	7	6	5
6	8	5	7	3	9	2	4	1
3	2	4	5	1	6	8	7	9
7	1	9	4	2	8	3	5	6
8	4	3	2	6	5	1	9	7
1	5	2	9	4	7	6	8	3
9	6	7	1	8	3	5	2	4

खबर संक्षेप

आशीर्वाद ने की सात विजेताओं की घोषणा

नई दिल्ली। दिवाली पर घरों के आंगन में सजने वाली रंगोली अब बड़े सार्वजनिक मंच पर भी अपनी छटा बिखेरेगी। आईटीसी के आशीर्वाद ब्रांड ने 'घर लाएं आशीर्वाद' अभियान के दूसरे संस्करण के तहत सात विजेता रंगोली डिजाइनों को विज्ञापन पट्टों पर प्रदर्शित करने की घोषणा की है। इस अभियान को देशभर से शानदार प्रतिक्रिया मिली और 50 हजार से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।

आईडीबीआई इनोवेट 2026 ग्रैंड फिनाले संपन्न

मुंबई। आईडीबीआई बैंक ने अपनी प्रमुख हैकाथॉन पहल 'आईडीबीआई इनोवेट 2026' का ग्रैंड फिनाले सफलतापूर्वक संपन्न किया। 'बिल्ड. इंटीग्रेट. ट्रांसफॉर्म.' थीम पर आयोजित इस हैकाथॉन का उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं के डिजिटलीकरण, फिनटेक सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देना था। इसमें स्टार्टअप्स, फिनटेक कंपनियों, पेशेवरों और इनोवेटर्स ने हिस्सा लेकर बैंकिंग क्षेत्र की चुनौतियों के समाधान प्रस्तुत किए।

वेदांता में 35% महिला प्रतिनिधित्व अनिवार्य

नई दिल्ली। वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कंपनी के मैनेजमेंट के हर स्तर पर कम से कम 35 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व अनिवार्य किया है। उन्होंने कॉरपोरेट जगत से भी कार्यस्थलों पर लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की अपील की है। अग्रवाल ने कहा कि महिलाएं अपनी प्रतिभा, नए विचारों और नेतृत्व क्षमता से संगठनों की उत्पादकता बढ़ाती हैं।

नडिस्क ने लांच किए 320 और 520 साटा एसएसडी

नई दिल्ली। सैनडिस्क ने पीसी और लैपटॉप की स्टोरेज क्षमता व परफॉर्मेंस बढ़ाने के लिए 320 और 520 साटा एसएसडी लांच किए हैं। दोनों 2.5 इंच फॉर्म फैक्टर में उपलब्ध हैं। सैनडिस्क 520 एसएसडी की क्षमता 4 टीबी तक है और यह 525 एमबी प्रति सेकंड तक रीड-राइट स्पीड देता है। इसकी शुरुआती कीमत 8,600 रुपए है।

एमएसपी लागू करने की सिफारिश

कोलकाता। चाय उद्योग को बढ़ती उत्पादन लागत से राहत दिलाने और उत्पादकों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में अहम पहल हुई है। टी बोर्ड ऑफ इंडिया की 10 सदस्यीय समिति ने चाय के लिए मिनिमम सस्टेनेबल प्राइस लागू करने की सिफारिश की है। उद्योग के इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए इसे चाय उद्योग की आर्थिक स्थिरता और छोटे उत्पादकों के हितों के लिए जरूरी बताया है।

गन्ना, नारियल और मौसमी फलों की मांग बढ़ी

छठ महापर्व की खरीदारी से गुलजार हुए बाजार ,सूप-दउरा से लेकर पूजन सामग्री और फलों तक सजे शहर के बाजार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर राजधानी के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। न्यू मार्केट में छठ पूजा की तैयारियों के साथ ही सूप, दउरा, फल-फूल और पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। पूर्वांचल समाज के परिवारों के साथ अन्य श्रद्धालु भी पूजा की खरीदारी के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। भगवान सूर्य को अर्घ्य देने और छठी मैया की पूजा में इस्तेमाल होने वाली पारंपरिक सामग्री की मांग बढ़ने लगी है। दुकानदारों ने भी पर्व को देखते हुए विशेष इंतजाम किए हैं। छठ पूजा में बांस से बने सूप और दउरा का विशेष महत्व है।

बांस का सूप 150 से 300 रुपए, दउरा 650 से 2500 रुपए तक



नारियल, गन्ना, केला, सेब, अनानास, नींबू की खरीदी

बाजार में सामान्य सूप करीब 150 से 200 रुपए तक और बांस के दउरा की कीमत आकार, बुनाई और गुणवत्ता के अनुसार 650 से 2500 रुपए तक बताई जा रही है। छोटी-बड़ी टोकरियां और अन्य बांस के सामान भी अलग-अलग कीमतों पर उपलब्ध हैं। वहीं नारियल, गन्ना, केला, सेब, अनानास, नींबू और अन्य मौसमी फलों की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ रही है।

सिंघाड़ा, शकरकंद सहित कई पारंपरिक वस्तुएं उपलब्ध

छठ पूजा के प्रसाद और अर्घ्य के लिए फलों की खरीदारी महत्वपूर्ण मानी जाती है। बाजार में केला, नारियल, गन्ना, मौसमी फल, सिंघाड़ा, शकरकंद, मूली, अदरक और हल्दी सहित कई पारंपरिक वस्तुएं उपलब्ध हैं।

इसके अलावा मिट्टी के दीपक, धूप-अगरबत्ती, कपूर, रोली, सिंदूर, पान-सुपारी और पूजा के अन्य सामान भी दुकानों पर सजाए गए हैं। विक्रेताओं के अनुसार गन्ना करीब 30 से 50 रुपए प्रति नग, जबकि मौसमी फल मांग और गुणवत्ता के अनुसार अलग-अलग कीमतों पर बिक रहे हैं। छठ पूजा के लिए नारियल और केले की मांग भी बढ़ रही है। आम की लकड़ी, जिसका उपयोग प्रसाद बनाने में किया जाता है, की कीमत करीब 25 से 30 रुपए प्रति किलो बताई गई है। दुकानदारों को उम्मीद है कि 13 नवंबर से नहाय-खाय के साथ शुरू होने वाले चार दिवसीय महापर्व के नजदीक आते ही ग्राहकों की संख्या में और इजाफा होगा। खासकर संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य से पहले बाजार में खरीदारी का दबाव बढ़ने की संभावना है।

सस्ते पाम ऑयल से मिलावट का खेल: सोयाबीन के नाम पर बिक रहा मिश्रित तेल

मुनाफे के लालच में उपभोक्ताओं से धोखा खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच पर उठे सवाल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

सस्ता पाम ऑयल खाद्य तेल के बाजार में मिलावट का नया खतरा बनकर उभरा है। सोयाबीन तेल और पाम ऑयल की कीमतों में अंतर का फायदा उठाकर मुनाफाखोर कारोबारियों द्वारा सोयाबीन तेल में पाम ऑयल मिलाकर शुद्ध सोयाबीन के नाम पर बेचा जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं को पूरी कीमत चुकाने के बावजूद भी उनके गुणवत्ता का तेल नहीं मिल रहा है।

राजधानी के हनुमानगंज और जुमेराती बाजार में सोयाबीन तेल के थोक भाव करीब 150 रुपए किलो बताया जा रहा हैं, जबकि पाम ऑयल 142 से 145 रुपए किलो के भाव पर बिक रहा है। तेल कारोबारी रमाकांत तिवारी के मुताबिक, भोपाल में रोजाना करीब 300 टन सोयाबीन तेल और 200 टन पाम ऑयल का खुला कारोबार होता है।



अर्जेंटीना सबसे बड़ा खाद्य तेल आपूर्तिकर्ता

खाद्य तेल आयात बाजार में बड़ा बदलाव आया है। दशकों तक सबसे बड़ा वनस्पति तेल आपूर्तिकर्ता रहा इंडोनेशिया अब तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अर्जेंटीना और मलेशिया ने उसे पीछे छोड़ दिया है। अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) की विदेशी कृषि सेवा (एफएएस) की 10 नवंबर की रिपोर्ट के अनुसार, विपणन वर्ष 2025-26 (अक्टूबर-सितंबर) में अर्जेंटीना भारत का सबसे बड़ा वनस्पति तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है, जबकि मलेशिया दूसरे स्थान पर है। इंडोनेशिया का तीसरे स्थान पर पहुंचना उसकी पाम ऑयल नीति में बदलाव और भारत के आयात स्रोतों में आए परिवर्तन को दर्शाता है।

500 मीट्रिक टन से अधिक का खाद्य तेल खपत का अनुमान

एक अनुमान के मुताबिक राजधानी भोपाल में खाद्य तेल की कुल खपत लगभग 500 मीट्रिक टन से अधिक का अनुमान है। जिसमें घरेलू उपयोग खपत के साथ होटल, रेस्टोरेंट, नमकीन, बेकरी और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की खपत शामिल है। मध्य प्रदेश सोयाबीन का प्रमुख उत्पादक राज्य है, इसलिए भोपाल में सोयाबीन रिफाइंड तेल की मांग सबसे अधिक रहती है। इसके अलावा सरसों, मूंगफली, सूरजमुखी और व्यावसायिक स्तर पर पाम ऑयल का भी बड़े पैमाने पर उपयोग होता है।

तीन दिन में सोना 6,536 और चांदी 8,500 रुपए सस्ती

सोना 1.36 लाख रुपए से नीचे आया चांदी भी 1.77 लाख रुपए पर पहुंची



वाणिज्य डेस्क ▶▶| भोपाल/ नई दिल्ली

शादी-ब्याह के मौसम में सोना-चांदी खरीदने की तैयारी कर रहे लोगों के लिए राहत की खबर है। सोने और चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। सोना 7 महीने बाद 1.36 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे आ गया है। वहीं, चांदी की कीमत घटकर 1.77 लाख रुपए प्रति किलो रह गई है। भारतीय सर्राफा एवं आभूषण संघ के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत शुक्रवार को 1,808 रुपए गिरकर 1,35,884 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई। एक दिन पहले इसकी कीमत करीब 1.38 लाख रुपए थी। इससे पहले 8 जनवरी 2026 को सोना 1,35,773 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था। वहीं, चांदी की कीमत में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई। एक किलो चांदी 3,540 रुपए सस्ती होकर 1,77,000 रुपए पर आ गई।

डॉलर की मजबूती और मुनाफावसूली से गिरे दाम

बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट की प्रमुख वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर का मजबूत होना और ऊंचे भाव पर बड़े निवेशकों की ओर से की जा रही मुनाफावसूली है। डॉलर मजबूत होने से अन्य मुद्राओं में सोना खरीदना महंगा हो जाता है। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की मांग और कीमतों पर दबाव पड़ सकता है। इस साल सोने और चांदी की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। चांदी 31 दिसंबर 2025 को करीब 2.30 लाख रुपए प्रति किलो थी। इसके बाद 29 जनवरी 2026 को यह बढ़कर 3.86 लाख रुपए के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी। मौजूदा भाव 1.77 लाख रुपए के हिसाब से चांदी अपने सबसे ऊंचे स्तर से करीब 2.09 लाख रुपए यानी 54 फीसदी नीचे आ चुकी है। इसी तरह, 31 दिसंबर 2025 को सोने की कीमत करीब 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 29 जनवरी 2026 को यह बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी। मौजूदा भाव के मुताबिक सोना अपने सबसे ऊंचे स्तर से करीब 40,116 रुपए यानी 22.8 फीसदी सस्ता हो चुका है।

नमूनों की जांच शुरू होने का रास्ता साफ

इंदौर के बाद जबलपुर खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला को मिला एनएबीएल प्रमाण पत्र

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

मध्यप्रदेश में खाद्य एवं औषधि नमूनों की जांच व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की जबलपुर स्थित संभागीय खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला को नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल) का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। भोपाल और इंदौर संभागीय प्रयोगशालाओं के बाद अब जबलपुर में भी खाद्य पदार्थों और औषधियों के नमूनों की जांच शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। इस प्रयोगशाला के प्रारंभ होने से जबलपुर संभाग के नमूनों की जांच स्थानीय स्तर पर ही की जा सकेगी।



गौरतबल है कि अभी तक जबलपुर संभाग से लिए जाने वाले खाद्य एवं औषधि के नमूनों को जांच के लिए भोपाल भेजना पड़ता था। इसके कारण जांच रिपोर्ट प्राप्त होने में अधिक समय लगता था। अब जबलपुर में प्रयोगशाला शुरू होने से नमूनों की जांच निर्धारित समय-सीमा में हो सकेगी। इस सुविधा से खाद्य सुरक्षा और औषधियों की गुणवत्ता की निगरानी व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही विभागीय कार्रवाई में तेजी आएगी और आम नागरिकों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ एवं गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध कराने के प्रयासों को गति मिलेगी।

टाटा और टर्नो की साझेदारी इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों की खरीदी होगी आसान

मुंबई। टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक छोटे कमर्शियल वाहनों और पिकअप की खरीद आसान बनाने के लिए फिंजो ईवी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (टर्नो) के साथ समझौता किया है। दोनों कंपनियों के बीच हुए एमओयू के तहत ग्राहकों को कस्टमाइज्ड फाइनेंसिंग स्कीम, जल्दी लोन और भुगतान के लचीले विकल्प मिलेंगे। साथ ही वाहन पर 25 प्रतिशत एश्योर्ड बायबैक गारंटी भी दी जाएगी। टर्नो के डायरेक्टर वरुण नायर ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों की ओनरशिप को आसान और फायदेमंद बनाना है। बैटरी इंटेलिजेंस और लाइफसाइकिल मैनेजमेंट में कंपनी की विशेषज्ञता से ग्राहकों को वाहन की रीसेल वैल्यू को लेकर भरोसा मिलेगा।

मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में 'शिशिक्षा-2026' का शुभारंभ

भोपाल। मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, भोपाल में बीएएमएस बैच 2021-22 के इंटर्न विद्यार्थियों के लिए छह दिवसीय अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'शिशिक्षा-2026' का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित यह कार्यक्रम 19 नवंबर तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत ने किया। उन्होंने बताया कि 'बेंच टू बेडसाइड' थीम पर आधारित इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक चिकित्सा, चिकित्सकीय नैतिकता, अस्पताल प्रबंधन एवं आधुनिक नैदानिक पद्धतियों का प्रशिक्षण देना है, ताकि वे कुशल आयुर्वेदिक चिकित्सक बन सकें। संस्थान की सीएमडी श्रीमती मंजुला तिवारी एवं सीईडी इंजीनियर गौरव तिवारी ने आयोजन की सफलता के लिए आयोजक मंडल एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में समन्वयक डॉ. राजेंद्र सिंह पटेल, डॉ. मयंक राय, डॉ. नितेश केसर सहित महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे।



शकुंतला देवी ठकराल की स्मृति में ओरिएंटल ग्रुप ने किया 11 विशिष्ट महिलाओं का सम्मान

भोपाल। ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, भोपाल द्वारा स्वर्गीय श्रीमती शकुंतला देवी ठकराल की पुण्य स्मृति में स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उनके ममतामयी व्यक्तित्व, त्याग, करुणा और प्रेरणादायी जीवन मूल्यों को याद किया गया। कार्यक्रम में मां के निःस्वार्थ प्रेम और संतान के साथ अटूट रिश्ते को दर्शाती भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 11 विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित माया अवस्थी, डॉ. प्रेक्षा द्विवेदी, आभा ऋषि, निधि चौकसे, डॉ. स्वागता ब्रह्मचारी, डॉ. रचना मिश्रा, अंतिमा समाधिया तिवारी, चंदा ठाकुर, आरती बिसारिया, सविता श्रीवास्तव और मालती इंदौरिया शामिल रहीं। सम्मानित महिलाओं ने चिकित्सा, प्रशासन, शिक्षा, न्याय, उद्यमिता, खेल और सामाजिक क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों से विशिष्ट पहचान बनाई है।



जेनेराली का नया अभियान 'हियर डॉट नाउ' लांच

नई दिल्ली। जेनेराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने राष्ट्रीय ब्रांड अभियान 'हियर.नाउ.' का नया अध्याय लांच किया है। इस अभियान के जरिए लोगों को बच्चों की उच्च शिक्षा और सेवानिवृत्ति जैसे महत्वपूर्ण वित्तीय लक्ष्यों के लिए समय रहते योजना बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कंपनी के एमडी एवं सीईओ आलोक रुंगटा ने कहा कि भारतीय परिवारों की प्रमुख वित्तीय प्राथमिकताओं में बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना और रिटायरमेंट की तैयारी करना शामिल है। जीवन बीमा कारोबार का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं दोनों श्रेणियों से जुड़ा है। कंपनी ने कुछ चुनिंदा बेस प्लान के साथ वेवर ऑफ प्रीमियम राइडर भी पेश किया है।

मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता अपर नर्मदा जोन, बरगी हिल्स, जबलपुर

Tel. No. 0761-2673450 E-mail: ceunz.2010@rediffmail.com
FAX No. 0761-2672373
निविदा क्रमांक 321/G/CE/2026 निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण) जबलपुर, दिनांक 10/11/2026

निम्न कार्यों की ऑन लाईन निविदा ई-प्रीक्यॉरमेंट सिस्टम पार्टल से वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-

निविदा आई.डी. क्रमांक		2026_NVDA_548551_1
कार्य का विवरण	:	बरगी व्यपवर्तन परियोजना की दांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 83.00 कि.मी. से आर.डी. 102.00 कि.मी. एवं आर.डी. 129.00 कि.मी. से आर.डी. 154.00 कि.मी. तक वितरण प्रणाली सहित के हिस्से की मरम्मत, रखरखाव और सिस्टम सुधार का काम 'टर्न-की' आधार पर किया जाएगा। इसमें नहर के तल (bed) और अंदरुनी व बाहरी ढलानों से झाड़-झंखाड़ हटाना, नहर के तल से गाद (silt) निकालना, ड्रेनेज साइफन, ड्रेनेज कलर्ट, सुपर पैसेज आदि की सफाई शामिल है। साथ ही, तटबंध और ढलानों को उनकी मूल स्थिति में बहाल करना, नहर की लाइनिंग और अन्य संरचनाओं को तोड़कर फिर से बनाना भी इसमें शामिल है। लाइनिंग के खांचों (grooves) की सफाई और सीलिंग, खराब हो चुके ढलानों पर पत्थर की पिचिंग, क्रॉस ड्रेनेज संरचनाओं के लिए एप्रन लगाना, VRB पर अप्रोच स्लैब का निर्माण, सुपर पैसेज ब्रिज स्लैब और पैरापेट की मरम्मत जैसे काम भी करने होंगे। ये सभी काम MPWRD एवं MPRRDA के डिजाइन, ड्रॉइंग और स्पेसिफिकेशन के अनुसार पूरे किए जाएंगे, जिसमें सभी सामग्री, लेबर, मशीनरी और अन्य खर्च शामिल होंगे। काम का दायरा विस्तृत होगा और इसमें ये सभी चीजें शामिल होंगी। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद 12 महीने की 'डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड' (खामियों के लिए ज़िम्मेदारी की अवधि) भी इस काम का हिस्सा है। (द्वितीय आमंत्रण)
अनुबंध की अनुमानित राशि (रु. लाख में)	:	रु. 3095.94 लाख (जी.एस.टी. के बिना)
धरोहर राशि (रुपये में)	:	रु. 1548000.00
निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	:	रु. 50000.00 (नान रिफन्डेबल)
निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक	:	10-11-2026, 17:31 बजे से 27-11-2026, 17:30 बजे तक
धरोहर राशि प्रपत्र खोलने का दिनांक	:	30-11-2026, 10:30 बजे
कार्य पूर्णता अवधि	:	18 माह (वर्षाकाल सहित)

- निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केबल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाईन भुगतान क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट एकाउण्ट के माध्यम से किया जा सकता है। - निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये उपरोक्त वैबसाईट का अवलोकन करें ।

(डी.एल.वर्मा)
G-21382/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता " मुख्य अभियंता अपर नर्मदा जोन, बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म.प्र.)

NIT NO. 30/2026/Centralized Tender/G/CE(B) JABALPUR, DATED- 06.11.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपर्युक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने का समय वर्षाकाल सहित	कार्यलय का नाम जहॉ ई.एम.डी. एवं बिड प्राप्त की जावेगी	निविदा की श्रेणी / निविदा काल
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWPIU_548421_1	चुटका परियोजना अंतर्गत विस्थापितों हेतु ग्राम गोंझी तहसील मण्डला में पूर्व से निर्मित आवासीय 330 भवनों में एक नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित (प्रथम आमंत्रण)	1072.21	1000000/-	30000/-	18 माह वर्षाकाल सहित	मुख्य अभियंता भवन), लो.नि.वि. परिक्षेत्र-जबलपुर	लोक निर्माण विभाग में नवीन श्रेणी का पंजीकरण (प्रथम आमंत्रण)

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट / डेबिट / कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 13.11.2026 समय 09.00 से दिनांक 04.12.2026 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
G-21402/26 " स्वच्छता ही सेवा " लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म.प्र.)

कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र
समग्र शिक्षा अभियान, जिला शिक्षा केन्द्र विदिशा

क्रमांक/एपीसी/ईएण्डआर/पापुनि/2026-27/2620
विदिशा दिनांक 05/11/26

निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण परिवहन वर्ष 2027-28 हेतु ई-निविदा विज्ञप्ति जिला शिक्षा केन्द्र) समग्र शिक्षा अभियान विदिशा में वर्ष 2027-28 में कक्षा 1 से 8 तक की निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण हेतु विकासखण्ड स्तर से जन शिक्षा केंद्र/शाला स्तर तक पुस्तकों का परिवहन किया जाना है। निविदा एमपी आनलाईन पर दिनांक 10.11.2026 से 30.11.2026 तक अपरांह 6:00 बजे तक जमा किया जा सकती है।

निविदा दिनांक 01.12:2026. को अपरांह 3:00 बजे कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, विदिशा में खोली जावेंगी। निविदा की समस्त शर्तें निविदा फार्म के दी गई है।

जिला परियोजना समन्वयक
G-21401/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता " जिला शिक्षा केन्द्र विदिशा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, (वि./यॉ.)
लोक निर्माण विभाग, वि./ यॉ. संभाग क्र. 2, बारह दफ्तर परिसर, जवाहर चौक, भोपाल (म.प्र.)

// निविदा सूचना //

सूचना प्रकाशन क्रमांक 19/व.ले.लि./2026-27 भोपाल, दिनांक 12/11/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं. क्र.	पोर्टल टेन्डर क्र.	एनआईटी क्र.	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि	धरोहर राशि	निविदा राशि
1	2026_PWDRB_548878_1	34/SAC 2026-27	प्रोवाईडिंग कंप्रेसिव मेंटेनेंस एवं ऑपरेशन ऑफ कंपलीट एचव्हीएसी सिस्टम (1318) एचपी, व्हीआरव्ही) एंड स्पिलिट एसी इन्टालड एट अटल बिहारी वाजपेयी मेडीकल कॉलेज एंव अस्पताल जिला विदिशा	द्वितीय आमंत्रण	9816164.00	98162.00	10000.00
2	2026_PWDRB_548879_1	39/SAC 2026-27	पोल शिफिटंग एण्ड हाईट रेसिंग ऑफ 11 केव्ही एल टी लाईन एवं डीटीआर डयू टू कन्स्ट्रक्शन ऑफ रोड आमला रामजीपुरा से बरखेडा कुरमी रोड (3.00 किमी.) जिला सीहोर	प्रथम आमंत्रण	1700212.00	34004.00	2000.00
			योग		11516376.00		

नोट- निविदा विक्रय दिनांक 12/11/2026 प्रातः 10:30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 28/11/2026 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

(इंजी. हिमांशु उपाध्याय)
G-21406/26 " स्वच्छता ही सेवा " कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि(वि/यां) संभाग क्र.02 भोपाल

चिंतन

अच्छी सड़कों के बाद अब हादसों पर लगाम जरूरी

सड़कों का विकास किसी भी देश की आर्थिक प्रगति और आधुनिक बुनियादी ढांचे का महत्वपूर्ण पैमाना है। बेहतर सड़कें आवागमन आसान बनाती हैं, समय और ईंधन बचाती हैं तथा कारोबार को गति देती हैं, लेकिन इनका वास्तविक लाभ तभी है, जब सफर सुरक्षित भी हो। देश में एक्सप्रेसवे, हाइवे और चौड़ी सड़कों का जाल बिछाने के साथ अब सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाना भी उतना ही जरूरी हो गया है। असम के काजीरंगा में मिनी बस और कंटेनर ट्रक की आमने-सामने टक्कर में विद्यार्थियों समेत कई लोगों की मौत इसी गंभीर चुनौती की याद दिलाती है। इस हादसे में करीब 23 लोगों की मौत हो गई है, लेकिन यह तथ्य चिंताजनक है कि दुर्घटनाग्रस्त मिनी बस के पहले ही 12 चालान कट चुके थे। सवाल है कि बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाला वाहन सड़कों पर बेखौफ कैसे दौड़ता रहा? केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के आंकड़े देश में सड़क सुरक्षा की भयावह तस्वीर पेश करते हैं। संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में देश में 5,13,563 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,83,382 लोगों की जान चली गई। यानी हर दिन औसतन 500 से अधिक लोग सड़क हादसों में दम तोड़ रहे हैं। हर साल 4.71 लाख से अधिक लोगों का घायल होना भी बताता है कि सड़क दुर्घटनाएं कितने बड़े सामाजिक और आर्थिक संकट का रूप ले चुकी हैं। इन हादसों के पीछे सबसे बड़ा कारण तेज रफ्तार है। आंकड़ों के मुताबिक, सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में करीब 70.3 प्रतिशत हिस्सेदारी ओवरस्पीड की है। गलत दिशा में वाहन चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना और हेलमेट या सीटबेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना भी जानलेवा साबित हो रहा है। हादसों में मरने वालों में 66 प्रतिशत से अधिक युवा हैं। दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों में 46.2 प्रतिशत हिस्सेदारी दोपहिया वाहन चालकों की है। स्पष्ट है कि सड़क पर सबसे ज्यादा जोखिम उन लोगों को उठाना पड़ रहा है, जिनके पास सुरक्षा के साधन भी सीमित हैं। सड़क सुरक्षा की समस्या का समाधान केवल नए हाइवे बनाने या दुर्घटना के बाद मुआवजा देने से नहीं होगा। इसके लिए नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना होगा। बार-बार नियम तोड़ने वाले चालकों के लाइसेंस निलंबित करने, वाहनों के परमिट रद्द करने और उनकी फिटनेस की अनिवार्य जांच जैसी कार्रवाई होनी चाहिए। ओवरस्पीडिंग रोकने के लिए कैमरों, स्पीड गन और तकनीक आधारित निगरानी का दायरा बढ़ाना होगा। इसके साथ ही सड़क इंजीनियरिंग की खामियों को दूर करना, ब्लैक स्पॉट चिह्नित करना, पर्याप्त संकेतक लगाना और दोपहिया चालकों के लिए सुरक्षित लेन जैसी व्यवस्थाएं भी जरूरी हैं। दुर्घटना के बाद शुरुआती एक घंटे को गोल्डन आवर कहा जाता है। इस दौरान घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस, प्रशिक्षित बचाव दल और ट्रॉमा सेंटर की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। सड़क सुरक्षा केवल सरकार या यातायात पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है। वाहन चालकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हेलमेट और सीटबेल्ट का इस्तेमाल, निर्धारित गति सीमा का पालन और नशे में वाहन न चलाने जैसी सावधानियां जीवन बचा सकती हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी सड़क सुरक्षा को जागरूकता अभियान तक सीमित रखने के बजाय व्यवहार का हिस्सा बनाने की जरूरत है। विकसित भारत का सपना तभी सार्थक होगा, जब सड़कें केवल तेज रफ्तार और सुविधाजनक सफर का माध्यम नहीं, बल्कि सुरक्षित यात्रा की गारंटी भी बनें।



केंद्र की पहल

जगत प्रकाश नड्डा

मरीजों की जीवनरक्षा का 'कवच'

'ट्रेड मार्जिन के युक्तिकरण' (टीएमआर) की प्रक्रिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों से चल रहे स्वास्थ्य क्षेत्र के व्यापक बदलाव का एक हिस्सा है। सरकार ने स्वास्थ्य को केवल कुछ चुनिंदा लोगों के विशेषाधिकार के रूप में नहीं, बल्कि गरिमा, उत्पादकता और सामाजिक न्याय की नींव के रूप में देखा है। खासकर, समाज के सबसे गरीब तबके के लिए। 'आयुष्मान भारत' ने कमजोर परिवारों के लिए अस्पताल की सुविधाओं की सुलभता को आसान बना दिया है। सरकार ने कैंसर की रोकथाम, शुरुआती पहचान और समय पर इलाज के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया है।

कैंसर शब्द पल भर में ही किसी परिवार की जिंदगी बदल देता है। इस बीमारी की पहचान होने के बाद, मरीजों व उनके परिजनों को इलाज, आर्थिक मामलों और भविष्य से जुड़े कई कठिन निर्णय लेने पड़ते हैं। कई परिवारों के लिए तो दवाओं का खर्च एक ऐसे समय में अतिरिक्त बोझ बन जाता है, जब सारे संसाधन मरीज को स्वस्थ करने में लगाए जाने चाहिए। एक करुणामयी स्वास्थ्य प्रणाली को सिर्फ बीमारी ही नहीं, बल्कि उससे पैदा होने वाली आर्थिक तंगी का भी समाधान निकालना चाहिए।

इसी पहलू को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने कैंसर के इलाज को और अधिक किफायती बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाकर 137 चिन्हित गैर-अनुसूचित कैंसर-रोधी दवाओं के 'ट्रेड मार्जिन' को तर्कसंगत बना दिया है। इस उपाय के तहत, राष्ट्रीय औषध मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने 'ट्रेड मार्जिन' को अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के अधिकतम 30 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है और ये संशोधित कीमतें 9 नवंबर 2026 से लागू हो गई हैं। उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है: मरीज द्वारा चुकायी जाने वाली कीमत में अत्यधिक 'मार्क-अप' के बजाए वितरण संबंधी मार्जिन का उचित व तर्कसंगत समावेश होना चाहिए।

इस कदम के नतीजे दवा की दुकानों पर साफ नजर आने लगे हैं। कुल 80 से अधिक दवा कंपनियों ने 137 में से 121 दवाओं से जुड़े 1,366 उत्पादों के लिए संशोधित एमआरपी की सूचना दी है। इनमें से प्रत्येक 5 में से 4 से अधिक उत्पादों की कीमतें कम हो गई हैं। इन दवाओं में से लगभग आधे की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है और कुछ दवाएं तो अब पहले की तुलना में 96 प्रतिशत से भी कम कीमत पर मिल रही हैं। कीमोथेरेपी के कई दौर का खर्च उठाने वाले परिवार के लिए, इस कदम से इलाज के मासिक बिलों में काफी अंतर आ जाता है। पिछले वर्ष की खपत के आधार पर, मरीजों एवं उनके परिवारों को प्रत्येक वर्ष लगभग 3,500 करोड़ रुपए की बचत होने की उम्मीद है। यह वो रकम है जो अत्यधिक 'ट्रेड मार्जिन' में खप जाने के बजाए उनके घरेलू बजट में ही बनी रहेगी।

यह निर्णय पिछले अनुभवों के आधार पर लिया गया है। वर्ष 2019 में, एनपीपीए ने 'ट्रेड मार्जिन के युक्तिकरण' (टीएमआर) की कवायद के तहत एक प्रायोगिक कार्यक्रम चलाया था जिसमें कैंसर की गैर-अनुसूचित श्रेणी की 42 दवाएं शामिल थीं। इससे 526 ब्रांडों की एमआरपी में 90 प्रतिशत तक की कमी आई थी। अब इसी प्रक्रिया को 137 दवाओं की एक बड़ी सूची तक बढ़ाया जा रहा है। इन दवाओं की पहचान एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई है। इस विशेषज्ञ समिति में प्रमुख कैंसर विशेषज्ञ (ऑन्कोलॉजिस्ट), चिकित्सा विशेषज्ञ, अस्पताल विशेषज्ञ और सरकारी प्रतिनिधि शामिल थे। इस सूची को समय-समय पर अद्यतन किया जाता रहेगा।

एनपीपीए 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' के तहत जारी 'औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश (डीपीसीओ), 2013' के जरिए दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करता है। जहां वह 'आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची' में शामिल जरूरी दवाओं की अधिकतम



कीमतें (सीलिंग प्राइस) निर्धारित करता है, वहीं गैर-अनुसूचित दवाओं की कीमतों में हर वर्ष होने वाली बढ़ोतरी पर नजर भी रखता है। निर्माताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि संशोधित कीमतें हर फार्मेसी और अस्पताल तक पहुंचें। साथ ही, सभी फार्मेसियों और अस्पतालों को इन कीमतों को पारदर्शी तरीके से प्रदर्शित करना होगा और इनका सख्ती से पालन करना होगा। मरीज और उनकी देखभाल करने वाले लोग एनपीपीए की वेबसाइट और 'फार्मा सही दाम' ऐप पर इन संशोधित कीमतों को देख सकते हैं। अगर कोई फार्मेसी या अस्पताल निर्धारित कीमत से अधिक पैसे वसूलता है, तो वे इसकी शिकायत सरकार से कर सकते हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत 'गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम' (एनपी-एनसीडी) के तहत, 500 से अधिक 'डे-केयर कैंसर सेंटर' स्थापित किए गए हैं ताकि कीमोथेरेपी तथा कैंसर संबंधी अन्य डे-केयर सेवाएं समय पर मिल सकें। 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए कैंसर की आम बीमारियों की मुफ्त जांच की सुविधा प्रदान करते हैं, जिससे कैंसर का शुरुआती चरण में ही पता चल जाता है। तृतीयक स्तर की देखभाल (टर्शियरी केयर) को मजबूत करने हेतु, टाटा मेमोरियल सेंटर ने कैंसर की व्यापक देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाराणसी, विशाखापत्तनम, न्यू चंडीगढ़, गुवाहाटी, संगरूर और मुजफ्फरपुर में छह अस्पताल स्थापित किए हैं। इसके अलावा, सभी 22 नए एम्स में भी जांच, चिकित्सा और सर्जरी की सुविधाएं सहित कैंसर उपचार सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

'प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना' किफायती दामों पर अच्छी गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करती है। सरकार ने जीवन रक्षक एवं आवश्यक दवाओं को 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'अमृत' फार्मेसियां भी स्थापित की हैं। इलाज के खर्च को और कम करने के इरादे से कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और पुरानी बीमारियों से जुड़ी 36 जीवन रक्षक दवाओं को मूल सीमा शुल्क (बेसिक कस्टम ड्यूटी) से पूरी तरह छूट दी गई है। कैंसर-रोधी दवाओं के 'ट्रेड मार्जिन' को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया किफायती दवाएं उपलब्ध कराने की इसी व्यापक प्रतिबद्धता को और आगे बढ़ाती है।

भारत का फार्मास्यूटिकल सेक्टर हमारी स्वास्थ्य सुरक्षा और दवाओं के वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में हमारी हैसियत में बराबर का हिस्सेदार है। यह सीमा (कैप) व्यापार श्रृंखला के मार्जिन पर लागू होती है, जबकि दवा निर्माताओं की बिक्री कीमत पर इसका कोई असर नहीं पड़ता। इस तरह, दवा निर्माताओं की वैध कमाई सुरक्षित रहती है। साथ ही अनुसंधान, विकास और नवाचार की प्रक्रिया में निवेश करते रहने की उनकी क्षमता भी बनी रहती है।

किसी देश के स्वास्थ्य तंत्र की सफलता को सिर्फ चिकित्सा तकनीक में हुई प्रगति के आधार नहीं, बल्कि वहां के लोगों को जरूरत के समय इन सुविधाओं की उपलब्धता के आधार पर ही आंका जा सकता है। स्वास्थ्य सेवा के कई पहलू होते हैं, लेकिन इसके केंद्र में हर नागरिक के लिए किफायती, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं होनी चाहिए। इस निर्णय के जरिए, सरकार ने एक सीधे एवं सरल सिद्धांत को फिर से दोहराया है: जीवन रक्षक दवाओं पर अत्यधिक मार्जिन होने के कारण किसी भी परिवार को ऐसी आर्थिक कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े, जिसे टाला जा सकता था।

(लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

बाल दिवस विशेष

रोहित कौशिक



बचपन बचाने की सतही चिंता

बच्चे किसी भी समाज या राष्ट्र का भविष्य होते हैं। भारत वर्ष में बच्चों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। हमारे देश का दुर्भाग्य यही है कि यहां बचपन बचाने की चिन्ता मात्र खोखले आदर्शवाद के दायरे में ही सिमट कर रह गई है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि व्यावसायिकता से परिपूर्ण एवं भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में सम्पूर्ण वर्ष हमें बच्चों का ख्याल ही नहीं आता है और बचपन बचाने की चिन्ता का यह पिटारा बाल-दिवस के आसपास खुलता है। इसके बाद समाज का बुद्धिजीवी वर्ग सक्रिय हो उठता है और उसे यह चिन्ता सताने लगती है कि आज बच्चों का बचपन कैसे बचाया जाए। यदि मात्र बाल दिवस पर परिचर्चाएं एवं गोष्ठियां आयोजित कर पूरे वर्ष चुप बैठने से ही इस प्रश्न का हल ढूंढा जा सकता तो अब तक बच्चों के बचपन पर छाई धुन्ध हट गई होती । यह विडंबनापूर्ण ही है कि आज बच्चों के बचपन पर छाई धुंध और गहराती जा रही है। आज एक ओर विभिन्न चैनलों द्वारा टीवी पर परोसी जा रही अश्लीलता से बच्चों का बचपन असुरक्षित होता जा रहा है तो वही हिंसापूर्ण फिल्में बाल भावनाओं को विकृत कर रही हैं। कहीं बस्तों के बोझ से बच्चों का बचपन दब गया है तो कहीं शिक्षा के अभाव में बच्चे दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं। एक ओर बच्चे मानवीय अत्याचार से पीड़ित हैं तो दूसरी ओर पारिवारिक विघटन का असर बच्चों पर पड़ रहा है। आशानुरूप परिणाम न मिलने के कारण माता-पिता के डर से अनेक बच्चे आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाते हैं। इस तरह की अनेक घटनाएं अक्सर प्रकाश में आती रहती हैं। आज बच्चों के बचपन से सम्बन्धित ऐसे ही अनेक प्रश्नों पर गम्भीरता के साथ पुनर्विचार की आवश्यकता है। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि टीवी पर दिखाई जाने वाली हिंसा से बच्चों के दिलो दिमाग पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सस्पेंस ,थ्रिलर, हॉरर शॉ और सोप ओपेरा देखने वाले बच्चे जटिल मनोवैज्ञानिक समस्याओं से प्रभावित हो जाते हैं। आज यह भी देखने में आ रहा है कि हम अक्सर बच्चों के मनोविज्ञान को समझे बिना अपनी इच्छाएं उन पर थोप देते हैं। ऐसे में बच्चे जिस अन्तर्द्वन्द्व की अवस्था से गुजरते हैं, वह अन्ततः अनेक समस्याओं को जन्म देता है। यदि बच्चों की इच्छाओं के समक्ष घुटने टेक दिए जाएंगे तो उनके और अधिक जिद्दी बनने और गलत रास्ते पर चलने की सम्भावना बढ़ जाएगी। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि हम बच्चों की इच्छाओं को कोई महत्व ही न दें।

अमूमन होता यह है कि हम शुरू में बच्चे को बहुत अधिक प्यार करते हैं। ऐसे में माता-पिता से बच्चे की अपेक्षाएं भी बढ़ जाती हैं। अपनी इन्हीं अपेक्षाओं के अनुरूप जब बच्चा अपनी इच्छाएं माता-पिता से बताता है तो वे उसे डांट-फटकार कर चुप कर देते हैं। माता-पिता का यह व्यवहार ही बच्चों को विद्रोही एवं चिड़चिड़ा बना देता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम प्रारम्भ से ही बच्चों के साथ एक संतुलित रवैया अपनाएं। बच्चों को ठीक ढंग से समझने के लिए हमें अपने अंदर एक मनोवैज्ञानिक दृष्टि भी विकसित करनी होगी। हमें कोशिश करनी होगी कि हम बच्चों को विश्वास में ले सकें। अक्सर यह देखने में आया है कि माता-पिता स्वयं जिस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाते हैं वे उस लक्ष्य तक अपने बच्चों को पहुंचाने की कोशिश करते हैं। वे इस जुनून में यह भी परवाह नहीं करते कि वास्तव में बच्चे की अपनी इच्छा क्या है? वे यह भी जानने की कोशिश नहीं करते कि बच्चे में उस लक्ष्य तक पहुंचने की क्षमता है भी या नहीं। निश्चित रूप से बच्चे के उज्जवल भविष्य का स्वप्न देखना और उस स्वप्न को साकार करने का प्रयास करना गलत नहीं है, लेकिन यह सब यथार्थ के धरातल पर होना चाहिए। आज की महानगरीय जीवन शैली में माता और पिता दोनों ही अपने-2 कामों में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में भी बच्चों की उचित एवं सम्पूर्ण देखभाल प्रभावित होती है। बच्चों को आया या नौकर के सहारे छोड़ दिया जाता है। व्यावसायिकता के इस दौर में किड गार्डन संस्कृति भी खूब फल-फूल रही है। नौकर एवं किड गार्डन कुछ समय तक तो बच्चों की देखभाल कर सकते हैं लेकिन समस्या तब आती है, जब अत्यधिक व्यवस्ता के कारण माता-पिता बच्चों को मात्र इस व्यवस्था के सहारे ही छोड़ देते हैं। कुछ मामलों में तो पति और पत्नी दोनों का काम पर जाना मजबूरी होती है लेकिन महानगरों में दोनों ही अपनी अलग-अलग जिन्दगी जीना चाहते हैं। ऐसे में बच्चों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। बच्चों के लालन-पोषण के लिए मात्र सुख-सुविधाओं की ही आवश्यकता नहीं होती है बल्कि सबसे अधिक आवश्यकता होती है, उस स्नेह की जो सच्चे अर्थों में उनके अन्दर एक विश्वास पैदा करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज हमने और अधिक पैसा कमाने की होड़ एवं आधुनिक बनने के चक्कर में मानवीय मूल्यों को भी तिलांजलि दे दी है। इस दौर में बचपन बचाने की सतही चिंता छोड़कर हमें पारिवारिक और सामाजिक स्तर पर कुछ ठोस प्रयास करने होंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संयमहीनता लक्ष्य विमुख कर देती है




संकलित

दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं। भरत ऐसे भक्त हैं, जिन्होंने अपनी समझ, कथन, और करनी का योग भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया। गुरु वशिष्ठ ने कहा कि भरत! तुम्हारे जीवन में तो धर्मसार है। भरत में यदि किंचित मात्र भी मैं होता तो वे लोक, वेद, राजनीत या साधुनीति में से किसी एक का खंडन अपने स्वाभिमान के नाम पर अपनी स्थापना कर देते।

ईर्ष्यालु किसी को सुखी नहीं देख सकता



संकलित

प्रेरणा

एक महिला कुबड़ी थी जिसकी वजह से वह झुककर चलती थी। सभी लोग उसका उपहास उड़ाते थे। बच्चे तो जब-तब उसे 'कुबड़ी-कुबड़ी' कहकर परेशान करते रहते थे। एक दिन वह कहीं जा रही थी कि सहसा रास्ते में उसकी भेंट नारद जी से हो गई। नारद ने उस महिला पर तरस खाते हुए कहा, 'आओ बहन! मेरे पास आओ। मैं अपने योगबल से तुम्हारा कूबड़ ठीक कर दूंगा।' महिला बोली, 'भगवान! आप अंतर्यामी हैं। आप तो जानते ही है कि लोग मेरा कितना मजाक उड़ाते हैं। मुझे सदैव यह कहकर चिढ़ाते रहते हैं कि, देखो वह कुबड़ी जा रही है। यदि आप मुझ पर मेहरबानी कर ही रहे हैं तो मेरे कूबड़ की फिक्र मत कीजिए। आप बस इतना कर दीजिए कि जो लोग मेरा मजाक उड़ाते हैं, उन सबके भी कूबड़ निकल आए।' नारद जी ने उस महिला का उत्तर सुना तो हक्के-बक्के रह गए। आश्चर्यचकित होकर बोले, 'बहन, दूसरों के कूबड़ निकल आने से तुम्हें क्या मिलेगा।' बुढ़िया बोली, 'मैं उन्हें भी अपनी तरह चलते और दूसरों द्वारा उपहास होते देखूंगी तो मन को शांति मिलेगी।' नारद जी सोचने लगे यह महिला चाहती तो मेरी कृपा से अपना कूबड़ ठीक करा सकती थी। लेकिन उसने हाथ आए अवसर को दूसरों के नुकसान के रूप में ही भुनाने की कामना की। ईर्ष्यालु व्यक्ति की प्रकृति यही होती है कि वह दूसरों को सुखी-संपन्न देखकर उनके जैसा उन्नत, संपन्न और सुखी होने की प्रेरणा ग्रहण नहीं करता, बल्कि सुखी लोगों को दुखी करने और नीचे गिराने का प्रयास करता है। बुढ़िया का मनोरथ पूरा करने का उनका कोई इरादा नहीं था।

सटाका



आज की पाती

इस बार भी मनाई गई धुएं वाली दिवाली

दुनिया का सबसे बड़ा पर्व दीपावली भारत सहित दुनियाभर के अनेक देशों में मनाया गया। दीपावली के त्योहार पर हर बार अपील होती है कि इसे इस तरह मनाया जाए कि प्रदूषण न फैले और अग्निकांड भी न हों। परंतु हर बार की तरह इस बार भी धुएं वाली दिवाली मनाई गई और लोगों ने खूब पटाखे फोड़े। आश्चर्य की बात तो यह है कि रात दो बजे भी पटाखे चलते सुने गए। अब दिवाली खत्म हो गई है, परंतु पटाखे अब भी चल रहे हैं। दिल्ली सहित हर प्रदेश में खूब प्रदूषण फैला। वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार हर शहर और कस्बे को प्रदूषण की मार झेलनी पड़ी। स्वच्छ हवा में सांस लेना तक मुश्किल हो गया। आग की घटनाएं भी इस बार पहले की अपेक्षा बढ़ गईं।

- सुनीता शर्मा, पंचकूला

ट्रेंड

टीबी से मौतों में कमी



टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई उत्साहजनक परिणाम दिखा रही है! डब्ल्यूएचओ की 'ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2026' भारत की उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाती है। 2015 के बाद से टीबी से होने वाली मौतों में 38% की कमी आई है, जो 35% की वैश्विक गिरावट से बेहतर है।

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

केंद्र सरकार की आदत



केंद्र सरकार की आदत बन गई है कि वह हर बात के लिए पंजाब को दोष देती है। हमारी सरकार के सहयोग, मशीनों की उपलब्धता और किसानों की जागरूकता की बदौलत, इस बार पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आई है।

- भगवंत मान, सीएम, पंजाब

महापर्व 'छठ पूजा'



लोक आस्था के महापर्व 'छठ पूजा' का पहला अनुष्ठान 'नहाय-खाय', शरीर और मन की शुद्धि, आत्मा की पवित्रता और सूर्य देव की उपासना के पावन संकल्प का प्रतीक है। हमारी सरकार ने इस वर्ष पूरी दिल्ली में 1,400 छठ घाटों पर विशेष प्रबंध किए हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र का मूल सार



लोकतंत्र का मूल सार ही यह है कि सवालों के जवाब पूरे आत्मविश्वास, सच्चाई और साहस के साथ दिए जाएं। राहुल गांधी की चुनौती इसी लोकतांत्रिक परंपरा को आगे बढ़ाने के बारे में है। आइए, बहस के लिए मंच तैयार करें, खुली बातचीत करें।

- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री

करंट अफेयर

हुआंग की ताइवान में छवि धूमिल, लोकप्रियता भी घटी



एनवीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेनसेन हुआंग अपने जन्मस्थान ताइवान में किसी रॉक स्टार की तरह लोकप्रिय थे। हालांकि, एक कथित चीनी एजेंट के साथ उनके प्रेम संबंधों की अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) द्वारा जांच शुरू किए जाने के बाद उनकी यह छवि धूमिल हो गई है। दुनिया के अन्य हिस्सों की तरह ताइवान में भी हुआंग और एलिस हुआंग नाम की एक चीनी कारोबारी महिला के संबंधों को लेकर सामने आए विवाद से लोग हैरान हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने कथित तौर पर एलिस को चीनी जासूस बताया है। वर्ष 2025 में राजधानी ताइपे के एक रेस्तरां में दोनों के जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और दुनियाभर के समाचार माध्यमों में प्रसारित हुआ। हुआंग ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया। बुधवार देर रात मीडिया में आई उन खबरों के बाद उनकी मुश्किलें और बढ़ गईं, जिनमें कहा गया था कि एनवीडिया के एक कर्मचारी के साथ भी उनके विवाहेतर संबंध थे और वह कर्मचारी सीधे उन्हें रिपोर्ट करता था।

ऑफ बीट

बच्चे को नुकसान पहुंचाने के डरावने विचार आना सामान्य



माता-पिता बनने की खबर दोस्तों और परिवार को देते ही आपको उनकी ओर से ढेरों सलाह मिलने लग जाती हैं। हर कोई बताने लगता है कि बच्चे की देखभाल कैसे करनी है, किन बातों का ध्यान रखना है और क्या करना चाहिए। लेकिन इस दौरान होने वाले एक ऐसे आम अनुभव के बारे में शायद ही कोई बात करता है, जिसका असर माता-पिता की मानसिक सेहत पर लंबे समय तक रह सकता है। चिकित्सकीय भाषा में इसे 'पेरिनेटल इंट्रूसिव थॉट' (प्रसवकालीन अनचाहे विचार) कहा जाता है यानी गर्भावस्था के दौरान या बच्चे के जन्म के बाद के पहले वर्ष में अचानक मन में अवांछित, डरावने और परेशान करने वाले विचारों का आना। ये ऐसे विचार होते हैं जो अचानक मन में आते हैं और ये नकारात्मक होते हैं। आमतौर पर ये उन घटनाओं से जुड़े होते हैं जिनसे हम डरते हैं या जिन्हें घटित होते नहीं देखना चाहते। मसलन, किसी बैठक में अचानक मुंह से कोई अनुचित बात निकल जाने का ख्याल आना। बच्चे के जीवन के पहले वर्ष को यहां प्रसवकालीन अवधि कहा गया है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

आधुनिक दौर में संस्कृति की पाठशाला, बच्चों को भारतीय परंपराओं से जोड़ रहीं संस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बचपन केवल किताबों में अक्षर सीखने और स्कूल की पढ़ाई तक सीमित नहीं होता, बल्कि यही वह उम्र है जब व्यक्तित्व की नींव पड़ती है और संस्कार जीवन की दिशा तय करते हैं। वर्तमान मोबाइल और रील के युग में बच्चों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना एक बड़ी चुनौती है। इसी चुनौती को अवसर में बदलने का काम भोपाल की कुछ संस्थाएं। कहीं नन्हे बच्चे धोती-कुर्ता पहनकर वेदों के मंत्रों और गीता के श्लोकों को बैंड की धुन पर प्रस्तुत कर रहे हैं, तो कहीं पुस्तकों, बाल साहित्य, नैतिक शिक्षा और अभिव्यक्ति के मंच के जरिए बच्चों में भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के बीज बोए जा रहे हैं। बाल दिवस के अवसर पर हरिभूमि ने ऐसे ही दो प्रयासों की पड़ताल की, जो बच्चों को केवल शिक्षित ही नहीं, बल्कि संस्कारवान, अनुशासित और अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक बनाने में जुटे हैं।

बाल दिवस विशेष

श्लोकों की स्वर लहरियों से साहित्य के संस्कार तक, बच्चों को संस्कृति की जड़ों से जोड़ रहीं संस्थाएं



संस्कृति, संस्कारों और सनातन परंपराओं से परिचित कराया

साल 2022 में बने 'नींव-संस्कृत बैंड' के संस्थापक सौरभ और प्रिया परिहार ने कहा इस संस्था का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ अपनी संस्कृति, संस्कारों और सनातन परंपराओं से परिचित कराना था। इस बैंड के 150 बच्चों ने वर्ष 2024 में लगातार 24 घंटे हनुमान चालीसा का पाठ कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था, अब हमारी अगली तैयारी हनुमान जयंती पर 30 बॉय 30 फीट के हनुमान जी के चित्र को राम नाम से सजाने की है। इस तरह बच्चे धार्मिक आस्था के साथ सामूहिकता और अनुशासन का अभ्यास भी कर रहे हैं।

किताबों से नैतिक शिक्षा, मंच से अभिव्यक्ति का अवसर

महेश सक्सेना बताते हैं कि उनका प्रयास बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से परिचित कराना है। इसके लिए वे उन्हें बाल साहित्य और पुस्तकों के माध्यम से नैतिक शिक्षा देते हैं। साथ ही बच्चों को ऐसा मंच भी उपलब्ध कराते हैं, जहां वे अपनी बात कह सकें, अपनी प्रतिभा दिखा सकें और आत्मविश्वास के साथ खुद को अभिव्यक्त कड्ढअभिव्यक्त कर सकें। वर्तमान में केंद्र से करीब 40 से 50 बच्चे जुड़े हैं, जो सप्ताह में एक या दो बार यहां आते हैं।

स्लम के 90 बच्चों को निःशुल्क शिक्षा

सौरभ ने कहा कि हमारी संस्था में करीब 90 बच्चे स्लम बस्तियों के हैं, यहां उन्हें वेद, पुराण, मंत्रों और श्लोकों के साथ जीवन से जुड़े पाठ भी सिखाए जाते हैं।

भाषा सुधार और अनुशासन सीखने की आवश्यकता

बाल सुधार एवं बाल साहित्य शोध केंद्र के संचालक एवं वरिष्ठ बाल साहित्यकार महेश सक्सेना बताते हैं कि वर्तमान समय में बच्चों को सबसे अधिक आवश्यकता भाषा सुधार और अनुशासन सीखने की है। इसी उद्देश्य से मैंने साल 2007 में इस संस्था को बनाया जिसमें ऐसे बच्चों को जोड़ने का प्रयास किया, जिन्हें सही मार्गदर्शन और अवसरों की आवश्यकता है। संस्था में आर्थिक रूप से कमजोर और स्लम के बच्चे आते हैं।

'नींव-संस्कृत बैंड' हनुमान जयंती पर बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

नींव बैंड के 50 बच्चे लगातार 24 घंटे करेंगे हनुमान चालीसा का पाठ

नींव के बच्चे न केवल श्लोक, मंत्र और वंदनाएं गाते हैं, बल्कि इनका हिंदी अनुवाद भी करके सुनाते हैं



भोपाल। 2 से 15 साल तक के बच्चे जो धोती-कुर्ता पहने, माथे पर चंदन लगाकर अपनी सुरीली आवाज में सुनाते हैं श्लोक, मंत्र और वंदनाएं साथ ही इन मंत्रों का अर्थ भी समझाते हैं। आज के समय के यह ऐसे बच्चे हैं जो अपने संस्कृति और संस्कारों से जुड़े हैं और इन संस्कृति व संस्कारों का प्रचार प्रसार बैंड के माध्यम से करते हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं भोपाल के 'नींव-संस्कृत बैंड' की, जिसमें शहर के करीब 150 बच्चे शामिल हैं और यह बच्चे गीता के श्लोक, गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र का ही जाप नहीं करते बल्कि चारों वेदों के श्लोकों को कंठस्थ रूप से बैंड परफार्मेंस के जरिए सुनाते हैं और उनका अर्थ भी बताते हैं।

संस्कार और संस्कृति से परिचित कराने बनाया बैंड

'नींव-संस्कृत बैंड' के फाउंडर सौरभ परिहार ने कहा कि मैंने और प्रिया भदोरिया ने मिलकर 2022 में इस बैंड की नींव रखी। आज बच्चे सोशल मीडिया पर इतने एक्टिव हो गए हैं कि बच्चों को सनातन धर्म की सीख देने के साथ उन्हें वेदों का ज्ञान, धार्मिक ग्रंथों के श्लोकों से अवगत कराने हमने यह ग्रुप बनाया।

अलग-अलग स्लॉट में हनुमान चालीसा का पाठ

सौरभ ने कहा कि अब यह बच्चे आने वाली हनुमान जयंती पर 24 घंटे हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। इसके लिए हमनें अलग-अलग स्लॉट बनाए हैं। वहीं प्रिया कहती हैं कि ये बच्चे सबसे पहले मां सरस्वती का पूजन करते है इसके बाद ही प्रस्तुति देते हैं।

साड़ियों में सिमटी विरासत, आभूषणों में झलकी आस्था, 'उत्सव' में सजा फैशन का अनूठा रंग

किसी की साड़ी में दिखी 50 साल पुरानी विरासत तो किसी के परिधान में फ्रेंच का शाही अंदाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किसी के परिधान में आधी सदी पुरानी पारिवारिक विरासत सजी थी तो किसी की साड़ी में फ्रांस की शाही कारीगरी की नजाकत झलक रही थी। 50 साल पुरानी आरी-तारी और जरी वर्क की साड़ी में डॉ मीनाक्षी अपनी पारंपरिक खूबसूरती बयां कर रही थीं, तो वहीं अंकिता और अवंतिका बहनों ने फ्रेंच शैंटिली लेस की बारीक जालीदार बुनावट और फ्लोरल मोटिफ्स से सजी साड़ी में अपनी नजाकत दर्शाई। वहीं, राम दरबार और राम बारात की आकृतियों से सजी टेंपल ज्वेलरी में प्रियंका गोगिया का पारंपरिक अंदाज भारतीय संस्कृति और आस्था का खूबसूरत परिचय दे रहा था। विरासत के इन रंगों के बीच जब संगीत की स्वर लहरियां गूंजीं तो पूरी शाम उत्सव के उल्लास में रंग गई। मौका था शुक्रवार को नोवोटेल भोपाल की खूबसूरत टेरेस पर आयोजित 'उत्सव- द फेस्टिव गाला' का, जहां 85 महिलाओं ने एक मंच पर जुटकर दिवाली सेलिब्रेट की, कार्यक्रम में देश के विभिन्न शहरों के साथ विदेश से आई महिलाओं ने भी शिरकत की।



'उत्सव- द फेस्टिव गाला' में करीब 85 महिलाओं ने एक मंच पर जुटकर दिवाली सेलिब्रेट की।



50 साल पुरानी मां के विवाह की साड़ी पहने हुए डॉ. मीनाक्षी।

केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं 'उत्सव'

रंग, संगीत और सौहार्द के बीच शहर की 85 महिलाएं एक मंच पर जुटीं, आयोजक रश्मि गोल्या ने कहा कि 'उत्सव' का उद्देश्य केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर की प्रतिभाशाली, आत्मनिर्भर और सशक्त महिलाओं को एक ऐसा मंच देना है, जहां वे नए संबंध बनाएं, एक-दूसरे को प्रोत्साहित करें और मिलकर आगे बढ़ें।



राम दरबार, राम बारात से सजा बेशकीमती नेकलेस पहने प्रियंका गोगिया पहुंचीं।



यूएसए से आईं डॉ. वनीता कॉल।

चार साल बाद भारत आकर बेहद अच्छा लगा

इस आयोजन में यूएसए से आईं डॉ वनीता कॉल ने कहा कि मैं चार साल बाद भोपाल आई और इस तरह के पारम्परिक उत्सव में आकर बेहद अच्छा लगा, क्योंकि हम क्रिसमस या न्यू ईयर सेलिब्रेशन तो करते ही हैं, लेकिन दीवाली जैसे पावन पर्व को इतने खूबसूरत अंदाज में सेलिब्रेट करना अपने आप में रोचक है।

फरहीन जिया बनी मिस फायरक्रैकर तो ग्लैमर की फुलझड़ी रहीं तान्या

बेगम साहब भोपाल का दिवाली मिलन सेलिब्रेशन, 80 महिलाओं ने की शिरकत



फैशन के रंग, महिलाओं के नामों के संग

- मिस फायर क्रैकर बनीं फरहीन।
- चक्री क्वीनः सबसे सुंदर महिला के लिए गाजाला सलमान।
- ग्लैमर की फुलझड़ीः सबसे ग्लैमरस महिला के लिए तान्या।
- रंगोली क्वीनः खूबसूरत और जीवंत रंगों से सजे परिधान के लिए राबिया।
- झुमका गिरा रेः बेहतरीन साज-सज्जा और फैशन समझ के लिए नूरीन।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय संस्कृति की खूबसूरती, पारंपरिक परिधानों की छटा और संगीत की मधुर स्वर लहरियों ने दीपावली मिलन की शाम को यादगार बना दिया। कहीं साड़ी और लहंगों में सजी महिलाओं का पारंपरिक अंदाज आकर्षण का केंद्र रहा तो कहीं सदाबहार गीतों और गजलों ने महफिल में सुरों की मिठास घोल दी। मौका था वुमेन एजुकेशन एम्पावरमेंट सोसायटी (वीज) और बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब की ओर से शुक्रवार को सफल रिट्रीट में आयोजित दीपावली मिलन समारोह 'अनुभूति- सीजन 2' का। संस्कृति, संगीत, मनोरंजन और आपसी सौहार्द से सजे इस आयोजन में भोपाल की 55 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



सदाबहार गीतों और गजलों ने बांधा समां

इस वर्ष समारोह की थीम भारतीय पारंपरिक परिधान रही। साड़ी और लहंगों में सजी महिलाओं ने अपने आकर्षक पारंपरिक अंदाज से आयोजन की रौनक बढ़ाई। तो वहीं समारोह में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल, गतिविधियां और विशेष टाइटल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें मिस फायरक्रैकर, चकरी क्वीन, ग्लैमर की फुलझड़ी, रंगोली क्वीन, झुमका गिरा रे, धमाका डीवा, नूर-ए-महफिल और अनारकली ऑफ द ईवनिंग जैसी आकर्षक उपाधियों से प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

क्रिएटर्स की मस्ती और दीपावली का उल्लास



डिजिटल सितारों ने एक ही छत के नीचे जमाई 'महफिल-ए-दिवाली'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


सोशल मीडिया की दुनिया में अपनी रचनात्मकता से पहचान बनाने वाले चेहरे जब कैमरे और कंटेंट की व्यस्तता से निकलकर एक साथ जश्न मनाने जुटे तो दीपावली की शाम दोस्ती, मस्ती और अपनत्व के रंगों से सराबोर हो गई। किसी ने पूलसाइड गेम्स में अपनी फुर्ती दिखाई तो किसी ने मनोरंजक गतिविधियों में हिस्सा लेकर माहौल में ठहाके बिखेरे। पारंपरिक परिधानों, संगीत और दीपावली की सजावट के बीच सजी इस महफिल में भोपाल के सोशल मीडिया क्रिएटर्स, आरजे, एंकर, फूड ब्लॉगर्स और मीडिया प्रोफेशनल्स ने खूब धमाल मचाया। मौका था डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म 'अपडेट बस भोपाल' की ओर से सुकृति फार्म विला में आयोजित 'महफिल-ए-दीवाली' का। करीब 25 लोगों की मौजूदगी में सजी इस शाम का मकसद सिर्फ उत्सव मनाना नहीं, बल्कि काम से इतर एक-दूसरे के साथ जुड़ाव और टीम भावना को मजबूत करना भी रहा।



करीब 25 लोगों की मौजूदगी रही

प्रो.संजय द्विवेदी को मिलेगा संतश्री अशोक तिवारी स्मृति सम्मान

भोपाल। प्रख्यात लेखक प्रो.संजय द्विवेदी को राष्ट्रीय चेतना के जागरण संबंधी लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'संतश्री अशोक तिवारी स्मृति सम्मान' से अलंकृत किए जाने की घोषणा की गयी है। उन्हें यह सम्मान 18 नवंबर को गोपालगंज (बिहार) में आयोजित सदानीरा महोत्सव-2026 में प्रदान किया जाएगा। भारत के इस पहले ग्रामीण लि ट् ले च र फेस्टिवल 'सदानीरा महोत्सव' का आयोजन हर साल गोपालगंज के करवतही बाजार में आयोजित किया जाता है।



गांधी भवन में बाल उत्सव- 2026 का आयोजन आज

भोपाल। पं जवाहरलाल नेहरू की जयंती (बाल दिवस) के अवसर पर गांधी भवन में 14 नवंबर को 11 बजे से सायं 4 बजे तक गांधी भवन परिसर में 'बाल उत्सव 2026' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शहर के लगभग सात विद्यालयों के 500 विद्यार्थी शामिल होंगे। बाल उत्सव का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अपनी रुचि और अभिरुचि के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता का अवसर उपलब्ध कराना है।


108 साल पुरानी परम्परा को किया जीवंत

अलाउद्दीन खां समारोह में दुनिया के इकलौते नलतरंग से गूंजा मैहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र.शासन संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित 52वां पद्म विभूषण उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत समारोह का शुभारंभ शुक्रवार को सतना सांसद गणेश सिंह की उपस्थिति में किया गया।

समारोह की शुरुआत मैहर वाद्यवृंद द्वारा राग मिश्र किरवानी की प्रस्तुति से हुई। दुनिया के इकलौते वाद्य नलतरंग से मैहर की धरती गूंज उठी। जहांकि मैहर वाद्यवृन्द ने 108 साल पुरानी परंपरा को जीवंत किया। मैहर की समृद्ध सांगीतिक विरासत और उस्ताद अलाउद्दीन खां की सामूहिक वादन की परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए मैहर वाद्यवृंद अपनी प्रस्तुति से समारोह की पहली शाम को विशेष बनाया। तदुपरांत शिराज अली खां एवं अरिन्दम भट्टाचार्य कोलकाता के सरोद गायन की जुगलबंदी की।



एमवीएम के पूर्व विद्यार्थियों का दिवाली मिलन समारोह आज

भोपाल। एमवीएम के पूर्व विद्यार्थियों का दिवाली मिलन समारोह शनिवार 14 नवंबर को कॉलेज परिसर स्थित कल्चरल हॉल में आयोजित किया जाएगा। एमवीएम एलुमिनी के महासचिव सुभाष व्यास के अनुसार दिवाली मिलन समारोह में महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। दिवाली मिलन समारोह सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस आयोजन में पूर्व छात्र- छात्राएं मिलकर अपने पुराने दिनों की यादों को ताज़ा करेंगे और एक दूसरे को दीपावली की बधाई देंगे।

अध्ययन भवन में दो दिवसीय 'पिता नाट्य समारोह' का आगाज

'बंद रास्तों के बीच' ने दर्शकों को किया सोचने पर विवश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जीवन में कई बार ऐसे मोड़ आते हैं, जहां इंसान को अपनी जानी-पहचानी राह छोड़कर नए रास्तों की तलाश करनी पड़ती है। कभी बेहतर भविष्य की उम्मीद उसे नई दिशा में ले जाती है, तो कभी परिस्थितियां उसके सामने रास्ते बंद कर देती हैं। जीवन के इन्हीं उतार-चढ़ाव और मानवीय संघर्षों को रंगमंच पर प्रस्तुत करने के उद्देश्य से शुक्रवार से अध्ययन भवन में दो दिवसीय 'पिता नाट्य समारोह' का आगाज हुआ। द अघोरा सोसायटी फॉर आर्ट, कल्चर एंड सोशल वेलफेयर की ओर से आयोजित इस नाट्य समारोह में पहले दिन 'बंद रास्तों के बीच' नाटक का मंचन किया गया।



कथासार

नाटक की कहानी जोगेसर नामक ऐसे व्यक्ति के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो आर्थिक तंगी और परेशानियों के बीच अपने जीवन को नई दिशा देने की कोशिश करता है। उसके सामने एक ओर वह रास्ता है, जिसे वह छोड़कर आया है और दूसरी ओर वह राह है, जो उसके लिए बंद हो चुकी है। ऐसे में वह अपनी मंजिल तक कैसे पहुंचेगा, यही नाटक का केंद्रीय सवाल है।



सूर्य उपासना और संतान के कल्याण से जुड़े महापर्व की शुरुआत

नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ व्रत....4 दिन तक चलने वाले इस पर्व का खरना संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य की परंपरा के साथ किया जाएगा समापन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

शुक्रवार से छठ पर्व की शुरुआत हो गई है। इसका धार्मिक महत्व सूर्य उपासना और संतान के कल्याण से जुड़ा है। कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को इस पर्व का मुख्य अनुष्ठान किया जाता है। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश से जुड़ी यह परंपरा अब देश के दूसरे हिस्सों तक पहुंच चुकी है। 4 दिन तक चलने वाले इस पर्व में नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य की परंपरा निभाई जाती है। मान्यता है कि सूर्य -छठी मैया की आराधना से संतान को आरोग्य, लंबी उम्र और जीवन में सफलता का आशीर्वाद मिलता है।

सात्विक भोजन की परंपरा

व्रत रखने वाली महिलाएं सुबह स्नान करने के बाद घर की साफ-सफाई करती हैं और सात्विक भोजन पकाया जाता है। इस दिन महिलाएं भोजन में मुख्य रूप से चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी बनाती है।



पटना में सूर्यदेव की आराधना करतीं व्रती महिलाएं

छठ पूजा का महत्व

कार्तिक महीने में सूर्य की विशेष पूजा करने से आरोग्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस दिन व्रती भोजन करने के बाद छठ पूजा के कठिन नियमों का पालन करते हैं।नहाय-खाय के अगले दिन खरना होता है, पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण किया जाता है। इसके बाद लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है।

यमुना नदी में मछलियां मरने से हड़कंप

आप ने किया बवाल तो भाजपा ने पलटवार

दिल्ली में यमुना के पानी में बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां मिलने से हड़कंप मच गया है। आप का दावा है पानी को साफ दिखाने के लिए उसमें केमिकल डाले गए हैं।सौरभ भारद्वाज ने सरकार से सीसीटीवी फुटेज जारी करने की मांग की है। दिल्ली सरकार में जल मंत्री और भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है।

5,000 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

दिल्ली में छठ पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाएगी और इसके लिए 5,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। यमुना घाटों, तालाबों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी।

मुंबई में राज ठाकरे ने गानों पर उठाए सवाल



मुंबई। छठ पूजा और रेलवे स्टेशनों पर भोजपुरी गाने बजाने के विवाद को लेकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। राज ने आरोप लगाया भाजपा पूजा के नाम पर मराठी और उत्तर भारतीयों के बीच टकराव और तनाव पैदा करने की कोशिश कर रही है। ऐसी रील्स फैलाई जा रही हैं, जिनमें पूजा-पाठ को घुसपैठ को दिखाया जा रहा है।

खबर संक्षेप

जाजपुर में बस-ट्रक की टक्कर,40 पर्यटक जख्मी

जाजपुर। ओडिशा के जाजपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर शुक्रवार को एक खड़े ट्रक से एक बस के टकराने से पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के करीब 40 पर्यटक घायल हो गए जिनमें से 2 की हालत गंभीर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा प्रातः करीब छह बजे बडचना ओवरब्रिज के पास हुआ।



रामपुर के पूर्व मंत्री का भाजपा से इस्तीफा

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। पूर्व मंत्री एवं रामपुर के पूर्व विधायक सिंघी राम ने भाजपा को अलविदा कह दिया है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल को अपना इस्तीफा भेज दिया है। भाजपा में खुद को सहज महसूस नहीं करने की बात कहते हुए अलग होने का निर्णय लिया है।



महादेव सट्टा एपः चंद्राकर 19 तक रिमांड पर

रायपुर। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को पीएमएलए स्पेशल कोर्ट ने 19 नवंबर तक ईडी की रिमांड पर सौंप दिया है। शुक्रवार को उसे प्रोडक्शन वारंट पर हथकड़ी लगाकर रायपुर सेंट्रल जेल से कोर्ट लाया गया था। बहस के बाद कोर्ट ने ईडी के पक्ष में फैसला सुनाया। 7 दिन की ईडी रिमांड पर भेजा है।

जेईई एडवांस्ड 2027 परीक्षा की तिथि घोषित

नई दिल्ली। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजीदिल्ली ने जेईई एडवांस्ड 2027 की परीक्षा तारीख घोषित कर दी है। इस साल परीक्षा का आयोजन 23 मई 2027 को किया जाएगा। आईआईटी दिल्ली परीक्षा की आयोजन संस्था है। उम्मीदवार पोर्टल पर शर्तों और घोषणाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



मैसूरु में देश के पहले एलईडी तारामंडल 'कॉसमॉस-मैसूरु' का लोकार्पण, बोले- भारत में विज्ञान और आध्यात्मिकता की परंपराएं हमेशा साथ-साथ आगे बढ़ी हैं

अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी से युवाओं के लिए खुलेंगे नए अवसर : पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए खोलकर युवाओं और नवउद्यमियों के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं। आज देश के युवा उद्यमी अपने रॉकेट तैयार कर रहे हैं, उपग्रहों को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर रहे हैं और ऐसे नए प्रयोग कर रहे हैं, जो इससे पहले भारत में कभी नहीं किए गए थे। इससे भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री शुक्रवार को कर्नाटक के मैसूरु में चामुंडी पहाड़ियों की तलहटी में स्थित जयचामराजा वाडियार सेंटर फॉर हायर लर्निंग में देश को 'कॉसमॉस-मैसूरु' समर्पित करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह भारत का पहला एलईडी तारामंडल और दुनिया का पहला झुके हुए गुंबद वाला एलईडी तारामंडल बताया गया है। इस अत्याधुनिक सुविधा से दर्शकों को अंतरिक्ष, ग्रहों, तारों और खगोलीय घटनाओं का जीवंत एवं आधुनिक दृश्य अनुभव प्राप्त होगा।

विज्ञान और आध्यात्मिकता भारत की साझा विरासतः प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में विज्ञान और आध्यात्मिकता की परंपराएं हमेशा एक साथ विकसित हुई हैं। आध्यात्मिकता हमें अपने भीतर झांकने की प्रेरणा देती है, जबकि ब्रह्मांड का अध्ययन हमें आकाश और उससे परे फैले अनंत संसार को समझने के लिए प्रेरित करता है। भारत की सभ्यता में इन दोनों दृष्टिकोणों का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्वजों ने हजारों वर्ष पहले ही आकाश का गहन अध्ययन शुरू कर दिया था। उन्होंने तारों और ग्रहों की गति को समझा तथा उनके आधार पर पंचांगों की रचना की।



समाज के कल्याण के लिए काम कर रहा भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम केवल अंतरिक्ष में नई उपलब्धियां हासिल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मूल उद्देश्य आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाना और समाज के कल्याण में योगदान देना भी है। उन्होंने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मछुआरों की सुरक्षा के लिए विशेष उपग्रह आधारित प्रणाली विकसित की है। समुद्र में मछली पकड़ने जाने वाले मछुआरों को सुरक्षित दिशा-निर्देश और नौवहन संबंधी सहायता मिलती है। इससे उन्हें समुद्र में रास्ता खोजने और सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने में मदद मिलती है। इसी प्रकार उपग्रह आधारित तकनीक का इस्तेमाल प्राकृतिक आपदाओं के दौरान पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत बनाने में भी किया जा रहा है। इससे संभावित आपदाओं की जानकारी समय रहते उपलब्ध कराने और जन-धन की हानि कम करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री ने संकेत दिया कि अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक तकनीक का वास्तविक महत्व तभी है, जब उसका लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। भारत इसी सोच के साथ अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है।

ग्रहों की घटनाओं की गणना करने में सफलता हासिल की

सूर्य और चंद्र ग्रहण की घटनाओं के समय की सटीक गणना करने में भी प्राचीन भारतीय विद्वानों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की थी। प्रधानमंत्री ने महान खगोलशास्त्रियों और विचारकों आर्यभट्ट तथा वराहमिहिर का उल्लेख करते हुए कहा कि इन विद्वानों ने आधुनिक तकनीक और उपकरणों के अभाव में भी खगोल विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण खोजें कीं और अत्यंत जटिल गणनाएं कीं। यह भारत की समृद्ध वैज्ञानिक विरासत और ज्ञान परंपरा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक विज्ञान और अनुसंधान के साथ जोड़कर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

क्या है कॉसमॉस-मैसूरु की खासियत?

कॉसमॉस-मैसूरु का निर्माण भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान ने किया है। इसे खगोल विज्ञान की शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण के एक आधुनिक केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। यह मैसूरु विश्वविद्यालय के जयचामराजेंद्र परिसर में स्थित है। इस तारामंडल की सबसे बड़ी विशेषता इसका 15 मीटर का झुका हुआ एलईडी गुंबद है, जिसमें लगभग 6,150 पैनल और 4.2 करोड़ व्यक्तिगत एलईडी लगे हैं। पारंपरिक तारामंडलों में प्रोजेक्टर के माध्यम से गुंबद पर तस्वीरें और वीडियो दिखाए जाते हैं, जबकि यहां पूरा गुंबद ही एलईडी स्क्रीन के रूप में काम करता है। इस अत्याधुनिक व्यवस्था के कारण गुंबद पर उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें, वीडियो और खगोलीय घटनाओं के दृश्य सीधे प्रदर्शित किए जा सकते हैं। इससे दर्शकों को ऐसा अनुभव मिलेगा, मानो वे स्वयं अंतरिक्ष के भीतर मौजूद हों। एलईडी तकनीक से वास्तविक समय में दृश्य और आंकड़े प्रदर्शित करने की भी सुविधा होगी। स्काई थिएटर में खगोल विज्ञान पर विशेष कार्यक्रम दिखाए जाएंगे। मैसूरु के इतिहास और खगोल विज्ञान के आपसी संबंधों पर आधारित एक विशेष फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी। कार्यक्रम कन्नड़, अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में उपलब्ध होंगे। इस केंद्र में प्रदर्शनी हॉल, खगोल विज्ञान संग्रहालय, वैज्ञानिक मॉडल एवं कलाकृतियां, व्याख्यान कक्ष, प्रशिक्षण केंद्र और विद्यार्थियों के लिए संवादात्मक विज्ञान प्रदर्शनियां भी होंगी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक को दी 15,000 रुपए करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात

मध्यम वर्ग को सुदृढ़ बनाया जा रहा,ये बिजली उत्पादक बन रहे



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बेंगलुरु में कनेक्टिविटी और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी 15,000 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ये परियोजनाएं कर्नाटक की विकास यात्रा को नई गति देंगी और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यपाल सुधा यादव का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके पति ने कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था। उसके बाद मां भारती की सेवा का प्रण निभाया। सेवाभाव से काम कर रहीं।

मध्यम वर्ग को किया जा रहा मजबूत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि बंगलूरू की बड़ी नव-मध्यम वर्गीय आबादी के हित भी केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। सरकार मध्यम वर्गीय परिवारों की बचत बढ़ाने और उनके हाथों में अधिक पैसा पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता अब 300 गीगावाट को पार कर गई है। नागरिक अब सिर्फ बिजली के उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक भी बन रहे हैं।

'प्रशांत कुटीरम' योग भारत के ज्ञान का प्रवेश द्वार

प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने 'प्रशांत कुटीरम' के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की धरती सदियों से योग का केंद्र रही है। योग से जुड़े कितने ही आचार्यों और विद्वानों ने यहां जन्म लिया है और योग की परंपरा को समृद्ध भी किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे योग की असाधारण ऊर्जा का अनुभव करने का अवसर मिला है।

बागपत के दोघट में 2 पक्षों में बवाल

पुलिस पर पथराव, 12 घायल 54 पर रिपोर्ट और 18 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ बागपत

दोघट कस्बे की पट्टी तिरोसिया में शराब के नशे में कहासुनी होने पर अनुज कश्यप और सावन कश्यप पक्ष आपस में भिड़ गए। इनमें लाठी-डंडे, धारदार हथियार चले और पथराव हो गया। लोगों ने घरों में घुसकर जान बचाई। पुलिसकर्मियों ने मामला शांत कराने का प्रयास किया तो उन पर भी पथराव किया गया। 3महिलाओं समेत 12 लोग घायल हो गए। 34 नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर 18 को गिरफ्तार कर लिया।



पुराने विवाद पर फिर उलझे


पट्टी तिरोसिया निवासी अनुज और सावन पक्ष में 10 दिन पहले झगड़ा हो गया था, जिसे लोगों ने शांत करा दिया था। बुधवार रात अनुज दुकान से घर जा रहा था। रास्ते में सावन के साथ पुराने झगड़े को लेकर कहासुनी हो गई।

सीएम विजय की सुरक्षा में बड़ी कमी

पुलिस का घेरा तोड़ मुख्यमंत्री तक पहुंचा 'अज्ञात' गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय की सुरक्षा में शुक्रवार को बड़ी कमी सामने आई, जब चेन्नई के कोलाथुर में उनके अचानक किए गए रोड वॉक के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति सुरक्षा घेरा तोड़कर तेजी उनकी तरफ बढ़ने लगा। मुख्यमंत्री के आसपास मौजूद सुरक्षाकर्मियों में कुछ पल के लिए अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा में तैनात जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उस व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



वह रोड वॉक में घुसा

विजय काफिले से नीचे उतरे और लोगों के बीच रोड वॉक करने लगे। विजय के साथ मंत्री के जगदेश्वरी भी चल रही थीं। इसी बीच अज्ञात व्यक्ति भीड़ से निकलकर मंत्री के पास से तेजी से आगे बढ़ा और मंत्री की ओर बढ़ने लगा।

प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास की मिलेगी झलक

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला आज से 27 तक चलेगा

विकास और विरासत के रंग में रंगा हरियाणा पवेलियन, प्रदर्शनी लगेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली के भारत मंडपम में 14 से 27 नवंबर तक चल रहे भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ)-2026 में हरियाणा पवेलियन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। विकास और विरासत के थीम पर सजाए गए हरियाणा पवेलियन में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। पवेलियन में हरियाणा की संस्कृति के साथ-साथ प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास की झलक देखने को मिलेगी। पवेलियन के भीतर विशाल खुले आंगन के चारों ओर प्रदर्शनी क्षेत्र विकसित किया गया है। पवेलियन की विशेष पहचान पारंपरिक हरियाणवी ग्रामीण परिवेश में बनी इस चौपाल में गांव की झलक देखने को मिलेगी।



एआई और एआर सेल्फी बूथ, इंटरैक्टिव क्विज से जुड़ रहे आगंतुक

ट्रेड फेयर अथारिटी आफ हरियाणा के सीनियर मैनेजर अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि तकनीक को पवेलियन की प्रस्तुति का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है। डिजिटल स्क्रोलर और एलईडी दीवारों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश की उपलब्धियों को दर्शाया जा रहा है। कायनेटिक इन्फॉर्मेशन वॉल हरियाणा की विकास गाथा को गतिशील दृश्य रूप में प्रस्तुत करती है। आगंतुकों के लिए एआई आधारित सेल्फी बूथ और एआर आधारित सेल्फी बूथ भी लगाए गए हैं, जहां वे अपना अनुभव यादगार बना सकते हैं। इंटरैक्टिव डिजिटल क्विज के माध्यम से लोग हरियाणा के इतिहास, संस्कृति, उपलब्धियों और विकास के बारे में रोचक जानकारी हासिल कर सकते हैं।

भारतीय मौसम विभाग ने फिर जारी की चेतावनी


सभी लोग हो जाएं सावधान

अब एक और चक्रवाती तूफान आ रहा, कई राज्यों में होगी भारी बारिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके 14 नवंबर को एक कम दाब के क्षेत्र और 15 नवंबर को डिप्रेशन में बदलने की संभावना है। इसके बाद, उत्तर पश्चिम दिशा की ओर बढ़ेगा और 16 नवंबर की शाम के आसपास मध्य बंगाल के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। यह तीसरा चक्रवाती तूफान होगा। कई राज्यों में भारी बारिश और तूफान की आशंका है।

15 से 19 नवंबर के बीच कई राज्यों में बारिश होगी



तूफान से आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा जैसे राज्यों में भारी बारिश होगी। 15 नवंबर और 16-19 नवंबर के बीच तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, 19 नवंबर तक लक्षद्वीप, 14-19 नवंबर के बीच तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा में बारिश होगी।

ओडिशा में सतर्क किया

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने 16 नवंबर को शाम में बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवाती तूफान उठने के मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के बाद शुक्रवार को राज्य के तटीय और दक्षिणी हिस्सों के जिलाधिकारियों को सतर्क किया है।

महाराष्ट्र में एनसीपी के दोनों गुटों के विलय पर सियासत गरम

सुनेत्रा के घर पर एनसीपी विधायकों ने की मंत्रणा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के विलय को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हैं। इसी बीच उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के पुणे स्थित आवास पर पार्टी के कई विधायकों की मुलाकात हुई। इस बैठक के बाद महाराष्ट्र सरकार के मंत्री दत्तात्रय भरणे ने विलय की अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि विधायकों की मुलाकात का मकसद राजनीतिक चर्चा करना नहीं, बल्कि अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में सूखे की स्थिति और उससे निपटने के उपायों पर बात करना था।

सरकार के मंत्री दत्तात्रय भरणे ने विलय की अटकलों को खारिज किया

अन्य मुद्दों पर बैठक में की चर्चाः पार्टी के मंत्री

भरणे ने सुनेत्रा के आवास 'जिजाई' पर हुई मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एनसीपी की ओर से विलय को लेकर कोई बैठक नहीं बुलाई गई थी। कुछ विधायक पुणे में मौजूद थे और उन्होंने सुनेत्रा से मुलाकात की। इस दौरान मुख्य रूप से सूखे के कारण पैदा हुई समस्याओं, किसानों की जरूरतों और विधानसभा क्षेत्रों में किए जाने वाले जरूरी कामों पर चर्चा हुई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी के विधायकों में किसी तरह की नाराजगी नहीं है और सभी सुनेत्रा के नेतृत्व के साथ खड़े हैं।



सुनेत्रा पवार

सुले ने विलय को किया खारिज

राजनीति में राकांपा के दोनों गुटों के विलय की अटकलों के बीच सुप्रिया सुले ने विलय की संभावनाओं को पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा यह अध्याय उनके भाई अजित पवार के निधन के साथ ही समाप्त हो गया था। एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुले ने कहा कि विलय के लिए किसी ने संपर्क नहीं किया है।



इनकार के बावजूद राजनीति में हलचल

अजित के निधन के बाद एनसीपी अध्यक्ष और महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री बनीं सुनेत्रा पवार ने बारामती में विलय की अटकलों पर सीधे जवाब देने से बचते हुए कहा था कि समय आने पर सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। सुप्रिया के इनकार के बावजूद महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल जारी है।

नई दिल्ली पड़ोसी देश संग सकारात्मक, रचनात्मक संबंधों को बनाने के पक्ष में है

भारत-बांग्लादेश की सहमति से तय तारीख पर होगा अगला काउंसलर संवाद: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय की शुक्रवार को नई दिल्ली में हुई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में बांग्लादेश को लेकर पत्रकारों ने कई सवाल पूछे। जिनका संबंध मुख्य रूप से भारत के इस निकट पड़ोसी देश के साथ भविष्य में स्थापित होने वाले संबंधों और पूर्व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की बांग्लादेश वापसी से था। जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत, बांग्लादेश के साथ सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्योन्मुखी संबंधों को बनाए रखना चाहता है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि व्यापार, रेलवे, जल संसाधन और सीमा प्रबंधन के अलावा अन्य मामलों पर कई बैठकें हुई हैं। लेकिन इन सबके बीच भारत, बांग्लादेश के साथ सभी मौजूदा तंत्रों के माध्यम से द्विपक्षीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए तैयार है। जिसमें वार्ता का तकनीकी स्तर भी शामिल है

◀ शेख हसीना का प्रत्यर्पण एक कानूनी मामला है। इसलिए नई दिल्ली इससे कानूनी रूप से ही निपटेगी



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

पाक से करें काउंसलर सहायता का अनुरोध

उन्होंने कराची में पिछले कई महीनों से व्यापारिक जहाज में फंसे हुए भारतीयों को लेकर बताया कि यह मुद्दा जहाज के मालिक और उस पर काम कर रहे लोगों के बीच का है। जब तक इन लोगों का रिप्लेसमेंट क्रू नहीं आ जाता। तब तक ये अचानक जहाज को छोड़ नहीं सकते हैं। लेकिन विदेश मंत्रालय इन सभी स्वदेशी नागरिकों और उन्हें नौकरी पर रखने वाले नियोक्ता के साथ संपर्क में बना हुआ है। हम भी इस मसले का समाधान चाहते हैं।

संबंधों को लेकर उठाए कई कदम

उन्होंने कहा कि संबंधों को उक्त संदर्भ में आगे बढ़ाने के लिए अब तक कई कदम उठाए गए हैं। व्यापार, रेलवे, जल संसाधन और सीमा प्रबंधन के अलावा अन्य मामलों पर कई बैठकें हुई हैं। लेकिन इन सबके बीच भारत, बांग्लादेश के साथ सभी मौजूदा तंत्रों के माध्यम से द्विपक्षीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए तैयार है। जिसमें वार्ता का तकनीकी स्तर भी शामिल है। इसके अलावा शेख हसीना का प्रत्यर्पण एक कानूनी मामला है। इसलिए नई दिल्ली इससे कानूनी रूप से ही निपटेगी।

एससीओ बैठक के लिए सभी को बुलाया

एससीओ के नई दिल्ली में होने वाले सिविलाइजेशनल डायलॉग में पाकिस्तान को आमंत्रित करने के मामले पर उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लेकर हमने संगठन के सभी सदस्य देशों को आमंत्रित किया है। भारत इसकी मेजबानी करने के लिए तैयार है। एफएटीएफ की पेरिस में हुई बैठक को लेकर रणधीर ने कहा कि भारत की संगठन के पूर्ण सत्र में भागीदारी थी। एफएटीएफ आतंकवाद को खासतौर पर वित्तीय रूप से बढ़ावा देने की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी गतिविधियों पर नकेल कसने का काम करता है।

ईरान में फंसे केरल के नाविक से साधा संपर्क

ब्रीफिंग में रणधीर ने कुछ अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए। जिनमें युद्ध के बीच ईरान में फंसे भारत के केरल राज्य के एक नाविक अक्षय हरीश के मामले पर जायसवाल ने कहा, हमारा देश नाविकों की सुरक्षा तथा कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस विषय पर तेहरान में भारतीय मिशन और बंदर अब्बास में देश का काउंसलेट ने हरीश तक पहुंच बनाई है। नाविक ने करीब तीन-चार दिन पहले काउंसलेट से संपर्क किया था। तब पता चला कि उनका व्यापारिक जहाज प्लांड मरीन 2025 में जापान गया था। इसके बाद जैसे ही वह ईरान के चाबहार बंदरगाह पहुंचा। तब कैप्टन ने बताया कि हरीश का पासपोर्ट और सीडीसी दस्तावेज खो गए हैं। फिर उन्हें जहाज से उतार दिया गया।

खबर संक्षेप

मणिपुरः 2 महिलाओं समेत 4 की हत्या

इंफाल। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने दो गाड़ियों पर गोलीबारी की। इसमें चार



लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना इंफाल-उखरुल सड़क पर न्यू हेवन इलाके में हुई। यहां हथियारबंद उग्रवादियों ने दो चारपहिया वाहनों पर गोलियां चलाईं। दोनों कारों में सफर कर रहे दो पुरुषों और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों गाड़ियों के सामने वाले शीशों पर गोलियों के निशान मिले। एक दिन पहले कांगपोकपी जिले के ताफू कुकी गांव के पास दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई थी।

जाकिर के फाउंडेशन पर बैन 5 साल और बढ़ा

नई दिल्ली। भारत सरकार ने जाकिर नाइक के नेतृत्व वाली 'इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन'



(आईआरएफ) पर लगे प्रतिबंध को और पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। इसे एक 'गैर-कानूनी संगठन' माना गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को इसके संबंध में अधिसूचना जारी की। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार का यह मानना है कि इसकी गतिविधियों को देखते हुए आईआरएफ को तत्काल प्रभाव से एक 'गैर-कानूनी संगठन' घोषित करना जरूरी है।

पीओके में यात्री वाहन नदी में गिरा, 11 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में एक



यात्री वाहन के नदी में गिरने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा गुरुवार शाम उस समय हुआ, जब वाहन गिलगित से गिजर जिले की यासीन घाटी जा रहा था। मोरकाह पुल के पास चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा, जिसके कारण वाहन यासीन नदी में जा गिरा। बचाव दल ने दो महिलाओं सहित 10 यात्रियों के शव बरामद किए और एक बच्चे सहित तीन घायल यात्रियों को बचाया।

किश्तवाड़ में 2 एसपीओ की हत्या का मामला

3 आतंकियों के पोस्टर जारी कुल 30 लाख रुपए का इनाम

पहचान गोपनीय रखने का भरोसा | हिजबुल कमांडर सरूरी पर शक

हेलिकॉप्टर ड्रोन से तलाश जारी



मोहम्मद अमीन | रियाज अहमद | मुदस्सिर हुसैन

एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) की हत्या के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। किश्तवाड़ पुलिस ने शुक्रवार को तीन आतंकियों के पोस्टर जारी किए हैं।

इनमें मोहम्मद अमीन उर्फ जहांगीर सरूरी, रियाज अहमद उर्फ हजारी और मुदस्सिर हुसैन शामिल हैं। पुलिस ने तीनों की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना देने वाले को कुल 30 लाख रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस के मुताबिक, तीनों आतंकियों पर एसपीओ की हत्या में शामिल होने का आरोप है। आम लोगों से उनकी गतिविधियों और ठिकानों के बारे में जानकारी देने की अपील की गई है।

खुलासा: आतंकियों ने दागी थीं आर्मर-पियर्सिंग गोलियां

इस मामले में जांच के दौरान मिले सबूतों से यह खुलासा हुआ है कि आतंकवादियों ने इस वारदात को अंजाम देने के लिए बेहद घातक आर्मर-पियर्सिंग गोलियों का इस्तेमाल किया था। ये गोलियां इतनी शक्तिशाली थीं कि उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सीआरपीएफ जवानों के बॉडी आर्मर (बुलेटप्रूफ जैकेट) को भी भेद दिया। इसी वजह से सुरक्षा कवच पहने होने के बावजूद जवानों को गंभीर चोटें आईं। शुरुआती फॉरेंसिक और बैलिस्टिक जांच में इस बात की भी पुष्टि हुई है कि हमलावरों ने इस हमले में एके-47 राइफलों का उपयोग किया था।

आतंकियों की तलाश जारी

आतंकियों की तलाश में दच्छन के दुर्गम और घने जंगलों में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। कियार से धरना-मरवाह तक के रास्ते की घेराबंदी कर अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं। सुरक्षा बल तलाशी अभियान में हेलिकॉप्टर, ड्रोन कैमरों और खोजी कुत्तों की मदद ले रहे हैं। हमलावरों की संभावित आवाजाही और छिपने के ठिकानों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

क्या 'हनी ट्रैप' का शिकार हुए जेनसन हुआंग? या पर्दे के पीछे कुछ और कहानी

एनवीडिया को खरीदेंगे एलन मस्क! हुआंग को दिया अपनी कंपनी में नौकरी का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के सबसे प्रभावशाली प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गजों में शुमार एनवीडिया के संस्थापक और पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जेनसन हुआंग को विवाहेतर संबंधों से जुड़े विवाद के बाद अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है। इस पूरे घटनाक्रम ने जासूसी की एक सदियों पुरानी रणनीति 'हनी ट्रैप' यानी प्रेमजाल के जरिये किसी को फंसाकर उससे गोपनीय सूचनाएं हासिल करने के हथकंडे की ओर भी दुनिया का ध्यान खींचा है।

मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, हुआंग के सिंगापुर में रहने वाली कारोबारी अधिकारी एलिस हुआंग और दूसरी महिला किम्बर्ली पॉवेल जो एनवीडिया की हेल्थकेयर विभाग की उपाध्यक्ष हैं और सीधे हुआंग के अधीन काम करती थीं के साथ विवाहेतर संबंध थे। एलिस पर चीन की खुफिया एजेंसियों से कथित संबंध होने का संदेह जताया गया है।

अब उनके इस्तीफे के एक दिन बाद एक नई जांच में खुलासा हुआ है कि हुआंग के एनवीडिया की एक और कर्मचारी के साथ करीबी संबंध थे। इसके साथ ही 63 साल के हुआंग के ऐसे कथित संबंधों की संख्या कम से कम तीन हो गई है। हालांकि, ये सभी खबरें मीडिया की रिपोर्ट पर आधारित हैं। हुआंग ने अभी तक किसी भी महिला के नाम की पुष्टि नहीं की है।

एनवीडिया के बड़े निवेशक लियो कोगुआन ने बिना किसी सबूत के इस पूरे घटनाक्रम को हुआंग और कंपनी के खिलाफ एक 'बड़ी साजिश' करार दिया है। लियो कोगुआन एक इंडोनेशियाई मूल के चीनी-अमेरिकी अरबपति निवेशक और व्यवसायी हैं, जो वर्तमान में सिंगापुर में रहते हैं। उन्होंने एनवीडिया में लगभग 1.3 अरब डॉलर का निवेश किया है

एनवीडिया एक देश होता तो अर्थव्यवस्था में चौथे स्थान पर होता

चीन ने जासूसी के आरोपों को बेबुनियाद बताया



एलन मस्क और जेनसन हुआंग फाइल फोटो

5 ट्रिलियन की कंपनी है एनवीडिया

वर्तमान में एनवीडिया का मार्केट कैपिटलाइजेशन करीब 5 ट्रिलियन डॉलर (करीब 450 लाख करोड़ रुपए से अधिक) है। यह दुनिया की सबसे मूल्यवान टेक कंपनियों में से एक है। यह कंपनी एआई और चिप निर्माण की बढ़ती मांग के कारण 4 ट्रिलियन और फिर 5 ट्रिलियन का आंकड़ा पार करने वाली इतिहास की पहली कंपनी बनी है। हुआंग के पास कंपनी की 3.58 प्रतिशत हिस्सेदारी है वह इसके चौथे सबसे बड़े शेयरधारक हैं।

कई देशों की जीडीपी से अधिक

एनवीडिया को अलग-अलग छोटे या मध्यम आकार के देशों की जीडीपी से जोड़ा जाए, तो इसका मूल्यांकन दुनिया के 190 से अधिक देशों की कुल अर्थव्यवस्थाओं से भी अधिक बैठता है। अगर एनवीडिया एक देश होता, तो दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के बराबर होता।

मस्क और हुआंग के बीच गहरे संबंध

'एक्स' पर एक यूजर ने मस्क से आग्रह किया कि वे जेनसन को नौकरी पर रख लें। इस पर एलन मस्क ने जवाब दिया था कि यह मेरे लिए सम्मान की बात होगी। मस्क और हुआंग के बीच लंबे समय से गहरे व्यावसायिक संबंध रहे हैं। मस्क की कंपनियों- टेस्ला, स्पेसएक्स और एक्सएआई के लिए एनवीडिया मुख्य रूप से एआई चिप्स की आपूर्ति करती रही है।

पूरा घटनाक्रम हुआंग के खिलाफ 'बड़ी साजिश'



एनवीडिया के बड़े निवेशक लियो कोगुआन ने बिना किसी सबूत के इस पूरे घटनाक्रम को हुआंग और कंपनी के खिलाफ एक 'बड़ी साजिश' करार दिया है। लियो कोगुआन एक इंडोनेशियाई मूल के चीनी-अमेरिकी अरबपति निवेशक और व्यवसायी हैं, जो वर्तमान में सिंगापुर में रहते हैं। उन्होंने एनवीडिया में लगभग 1.3 अरब डॉलर का निवेश किया है। वहीं, चीनी विदेश मंत्रालय ने इस हफ्ते की शुरुआत में जासूसी के आरोपों को 'बेबुनियाद' बताया और कहा कि ये बीजिंग के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान का हिस्सा हैं। जिस मेगास्पीड कंपनी में एलिस हुआंग थी उस कंपनी ने भी जासूसी के आरोपों का खंडन किया है।

मार्केट कैप 1 नवंबर को

देश	जीडीपी (जीडीपी ट्रिलियन डॉलर में)
अमेरिका	30.8
चीन	19.5
जर्मनी	05.1
एनवीडिया	05.0
जापान	04.4
यूके	04.0
भारत	04.0
फ्रांस	03.4
रूस	02.6
इटली	02.6
कनाडा	02.3

एआई क्षेत्र में धीमी होगी गति

'फॉरेस्टर' की समूह अनुसंधान निदेशक स्टेफनी बेलौरस ने कहा कि एनवीडिया का नया नेतृत्व अगर कंपनी के शेयर, वित्तीय साझेदारियों या उसके कारोबारी पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी प्रतिबद्धताओं पर लगातार दबाव बना रहता है, इससे एआई क्षेत्र में आए उछाल के काफी कमजोर स्थिति में होने के संकेत मिलेंगे।

जापान में संपन्न हुआ मालाबार युद्धाभ्यास



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी युद्धों की वजह से चिंताजनक बने हुए हालातों के बीच भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं के मध्य चल रहा मालाबार युद्धाभ्यास-2026 सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस वर्ष इसका आयोजन जापान के योकोसुका नौसैन्य अड्डे पर किया गया था। जिसमें भारत की तरफ से नौसेना का निर्देशित स्टेल्थ मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस सह्याद्रि शामिल हुआ। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि बीते 12 नवंबर को यह युद्धाभ्यास समाप्त हो गया था और उसी के साथ युद्धपोत की रवानगी की यात्रा भी शुरू हो गई है।

भारत-इटली अनुसंधान में बढ़ाएंगे साझेदारी

एआई, स्वच्छ ऊर्जा और जैव चिकित्सा क्षेत्र पर रहेगा ध्यान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इटली ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और संयुक्त अनुसंधान एवं नवाचार पहलों को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है।

इसके तहत 2027 में संयुक्त अनुसंधान के लिए नई प्रस्ताव आमंत्रण प्रक्रिया शुरू करने की योजना है। सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग, स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत जैव प्रौद्योगिकी और जैव



जितेंद्र सिंह और अन्ना बर्निनी

चिकित्सा अनुसंधान शामिल होंगे। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने इटली की विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान मंत्री अन्ना मारिया बर्निनी के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

भारत-इंडोनेशिया के बीच जेडब्ल्यूजी की बैठक

आतंकवाद से निपटने द्विपक्षीय सहयोग को देंगे और मजबूती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इंडोनेशिया के बीच आतंकवाद से निपटने के लिए गठित संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की सातवीं बैठक यहां आयोजित की गई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (काउंटर टेररिज्म) डॉ. सुहेल अजाज खान और इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक एजेंसी (बीएनपीटी) के अंतरराष्ट्रीय सहयोग उपप्रमुख डियोनिसियस एल्वान स्वासोनो ने की। दोनों देशों



डॉ. खान और डियोनिसियस स्वासोनो

के संबंधित विभागों और एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदार के रूप में आतंकवाद की रोकथाम और उससे मुकाबले में द्विपक्षीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया।

भारत पहुंची ईयू रक्षा समिति की अध्यक्ष

भारत व यूरोपीय संघ के बीच सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा



मैरी जिम्मरमैन और राजेश सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच रक्षा एवं सुरक्षा साझेदारी को और मजबूत करने तथा रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने दिल्ली में यूरोपीय संसद की रक्षा एवं सुरक्षा समिति की अध्यक्ष मैरी एग्नेस स्ट्रैक जिम्मरमैन से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, यह मुलाकात 12 नवंबर को रक्षा मंत्रालय में हुई। बातचीत में भारत और यूरोपीय संघ के बीच विकसित हो रही रक्षा एवं सुरक्षा साझेदारी पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही रक्षा-औद्योगिक सहयोग की उन संभावनाओं पर चर्चा हुई, जिनका अभी पूरी तरह उपयोग नहीं हो पाया है।

आईएनएस चिल्का में आयोजित किया गया भव्य पासिंग आउट परेड समारोह

4 साल की नौकरी के बाद बाहर निकला नौसैनिकों के रूप में अग्निवीरों का पहला बैच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के आईएनएस चिल्का अड्डे पर शुक्रवार को एक भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। जिसमें अग्निपथ योजना के तहत वर्ष 2022 में भर्ती किए गए 2 हजार 756 अग्निवीरों (142 महिलाएं, तटरक्षकबल के 316 नाविक शामिल) के पहले बैच ने अपना चार साल का सेवाकाल पूरा कर बाहर की ओर रुख किया है। आगामी समय में इनमें से चुने जाने वाले 25% अग्निवीरों को सीधे नौसेना में स्थायी नौकरी मिलेगी। जबकि शेष बचे हुए 75% को दो साल के सेवा विस्तार के साथ एक बार फिर से देश की समुद्री सेना में काम करने का मौका मिलेगा। 24 महीने की इस समय अवधि की समाप्ति के बाद इन सभी को भी बल में स्थायी रूप से नियुक्त कर लिया जाएगा। परेड समारोह की अध्यक्षता करते हुए नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने परेड की समीक्षा की। मालूम हो कि चिल्का अड्डे पर हुआ ये समारोह अग्निवीरों (प्रशिक्षु) के प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रतीक है। जिसमें शामिल हुए कुल प्रशिक्षुओं की संख्या 3 हजार 3 58 थी। इनमें से अग्निवीरों के अलावा 286 मेडिकल सहायक शामिल हैं।

2 हजार 756 अग्निवीरों में से 25% को मिलेगी स्थायी नौकरी, बाकी 75% को दो साल का सेवा विस्तार



नौसेना में अग्निवीरों के कुल 9 बैच हैं

अग्निपथ की घोषणा के बाद नौसेना ने सबसे पहले सितंबर 2022 में अग्निवीरों के अपने पहले बैच का गठन किया था। जिसके हिसाब से यह बाकी दोनों सेनाओं से सबसे पहले अपना सेवाकाल पूरा कर बाहर आ गया है। जबकि वायुसेना और सेना के अग्निवीरों का पहला बैच इसी साल दिसंबर महीने से अगले साल की शुरुआत में जनवरी तक बाहर निकलेगा।

ट्रॉफी, पदक से किया गया सम्मानित

परेड समारोह के दौरान एडमिरल स्वामीनाथन ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को बधाई दी और उन्हें ट्रॉफी, पदक देकर सम्मानित भी किया। एसएसआर व एमआर श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षुओं के लिए नौसेनाप्रमुख रोलिंग ट्रॉफी एवं स्वर्ण पदक क्रमशः नचिकेता सनासम, एसएसआर (मेडिकल सहायक), अरबाज अमीन एवीआर (एमआर) को प्रदान किया गया।

अनुशासन और सत्यनिष्ठा बनाए रखें

प्रमुख एडमिरल स्वामीनाथन ने युवा अग्निवीरों से आह्वान किया कि वह अनुशासन, सत्यनिष्ठा और पेशेवर दक्षता के उच्च मानकों को बनाए रखें। साथ ही नौसेना की बदलती हुई जरूरतों के मुताबिक खुद को ढालने और गर्व, समर्पण और देश के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

फुटबॉलर इसायाह अरुमाइनायगम को अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम)

राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रदान किए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2025, विभिन्न खेलों के 17 दिग्गज खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2025 प्रदान किए। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेलों के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार-2024 भी प्रदान किए। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रत्येक वर्ष खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धियों, प्रतिभा, समर्पण और खेलों के विकास में योगदान को मान्यता देने के उद्देश्य से दिए जाते हैं। इस वर्ष कुल 17 खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान पांच प्रशिक्षकों को दिया गया द्रोणाचार्य पुरस्कार

सेना के पैरालंपिक नोड, पुणे को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार

बैडमिंटन, हॉकी शतरंज के खिलाड़ियों को दिया अर्जुन पुरस्कार

दिग्गज फुटबॉलर इसायाह अरुमाइनायगम को लाइफटाइम अर्जुन पुरस्कार



राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन मे शुक्रवार को 84 वर्षीय अरुमैनायगम को अर्जुन पुरस्कार 2025 प्रदान किया।

भारतीय फुटबॉल के अनुभवी खिलाड़ी आई. अरुमाइनायगम को खेलों में उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन खिलाड़ियों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने खेल प्रदर्शन के साथ सक्रिय खेल जीवन से संन्यास लेने के बाद भी खेलों के प्रचार और विकास में योगदान दिया है।

इन 17 खिलाड़ियों को मिला अर्जुन पुरस्कार

अर्जुन पुरस्कार-2025 के लिए चयनित 17 खिलाड़ियों में एथलेटिक्स से तेजस्विन शंकर, मोहम्मद अजमल वी और प्रियंका गोस्वामी शामिल हैं। बैडमिंटन से ट्रीसा जॉली और पीवीएल गायत्री गोपीचंद, मुक्केबाजी से नरेंद्र, शतरंज से विदित संतोष गुजराथी और दिव्या जितेंद्र देशमुख को यह सम्मान दिया गया। इसके अलावा डेफ शूटिंग से धनुष श्रीकांत, हॉकी से लालरेमसियामी और राजकुमार पाल, कबड्डी से सुरजीत और पूजा, पैरा शूटिंग से रुद्रांश खंडेलवाल, पैरा एथलेटिक्स से एकता भ्यान, रोइंग से अरविंद सिंह और निशानेबाजी से अखिल श्योराण को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है।

पांच प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार

खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करने और खेल प्रशिक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पांच प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नियमित श्रेणी में एथलेटिक्स के लिए परवीर सिंह, मुक्केबाजी के लिए छोटे लाल यादव और निशानेबाजी के लिए नेहा नंदकुमार चव्हाण को द्रोणाचार्य पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं लाइफटाइम श्रेणी में मुक्केबाजी के प्रशिक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव और कुश्ती के प्रशिक्षक वीरेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया। द्रोणाचार्य पुरस्कार उन प्रशिक्षकों को दिया जाता है, जिन्होंने निरंतर उत्कृष्ट प्रशिक्षण कार्य के माध्यम से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार किया है।

सेना के पैरालंपिक नोड को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार

खेलों को बढ़ावा देने और उनके विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सेना के पैरालंपिक नोड, पुणे को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार-2025 प्रदान किया गया। इस संस्था ने दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, सुविधाएं और प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह पुरस्कार उन संस्थाओं, कंपनियों और गैर-सरकारी संगठनों को दिया जाता है, जिन्होने देश में खेलों के प्रोत्साहन और विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है।



राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन मे शुक्रवार को मो . अजमल वी को अर्जुन पुरस्कार 2025 प्रदान करती हुईं।

मुख्यमंत्री ने 26वीं नेशनल पैरा स्विमिंग चैम्पियनशिप का किया शुभारंभ

वॉटर स्पोर्ट्स का हब बन रहा है भोपाल :डॉ. यादव

पैरा स्विमिंग चैम्पियनशिप में 26 राज्यों के 400 से अधिक पैरा स्विमर्स ले रहे हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत, स्पोर्ट्स सहित सभी क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है। वर्ष 2016 के रियो पैरा ओलिंपिक में भारत को 4 पदक मिले थे, जिसके बाद टोक्यो पैरा ओलिंपिक में पदकों की संख्या चार गुना बढ़कर 20 हो गई। वर्ष 2024 के पैरा ओलिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 29 मेडल अपने नाम किए। यह प्रसन्नता का विषय है कि 2026 के पैरा एशियाई खेलों में भारत ने 114 पदक जीतकर भारत ने अद्भुत कीर्तिमान गढ़ा है, इसमें हमारे पैरा स्विमर्स के 11 पदक शामिल हैं। शुक्रवार को भोपाल में 26वीं नेशनल पैरा स्विमिंग चैम्पियनशिप में देश के 26 राज्यों के 400 से अधिक पैरा स्विमर्स शामिल हुए हैं, इनमें 100 महिला तैराक हैं। यह हमारे खिलाड़ियों के अदम्य साहस, प्रतिभा और संकल्प का प्रतीक है। पद्मश्री से सम्मानित सत्येंद्र सिंह लोहिया ने खेल क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से मध्यप्रदेश को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 26वीं नेशनल पैरा स्विमिंग चैम्पियनशिप के प्रकाश तरण पुष्कर में शुभारंभ अवसर पर यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतियोगिता में भाग लेने आए स्विमर्स से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से देश-प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया।



हर विधानसभा क्षेत्र में स्पोर्ट्स सुविधाएं और स्टेडियम हो रहे विकसित

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न खेलों की 11 अकादमी कार्यरत हैं। हमारे 32 खिलाड़ियों ने इसी वर्ष एशियन गेम्स में मप्र के खिलाड़ियों ने 12 मेडल जीते हैं, जिसमें दो 2 सिल्वर मेडल शामिल हैं। राज्य सरकार अपने खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर विधानसभा में बेहतर स्पोर्ट्स सुविधाएं तथा स्टेडियम तैयार करने की दिशा में काम कर रही है। वर्ष 2020 से लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत खिलाड़ियों, कोच एवं प्रशिक्षकों को प्रोत्साहन दिया गया है।

देश को हिट करना है तो हर युवा को फिट रहना है: सारंग

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि शारीरिक दिव्यांगता के बावजूद हमारे खिलाड़ी खेल के मैदान में डटकर प्रतिस्पर्धाओं में मुकाबला करते हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मप्र का स्थान अब तीसरा हो गया है। बरखेड़ा नाथू में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाया जा रहा है। प्रदेश में 19 नवंबर से पहली बार एशियम वुमेन चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें एशिया महाद्वीप के 6 देशों की टीमें शामिल होंगी।

पद्मश्री सत्येंद्र ने 50 मीटर बैक स्ट्रोक में पाया पदक



राजधानी में चल रही 26वीं राष्ट्रीय पैरास्विमिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर बैकस्ट्रोक तैराकी स्पर्धा में पद्मश्री सत्येंद्र सिंह लोहिया ने पदक हासिल किया। हरिभूमि से बातचीत में सत्येंद्र ने बताया कि जब से मैंने खेलना शुरू किया है, तब से अब तक 16 राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया है और हर बार कोई न कोई पदक हासिल किया है। इस आयोजन एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सीएम डॉ मोहन यादव, एवं खेल मंत्री विश्वास सारंग तथा डॉ. वीरेंद्र कुमार डबास का हृदय से धन्यवाद एवं आभार। इस चैंपियनशिप में दिव्यांग खिलाड़ियों ने भी पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

गौतम नगर खेल मैदान पर होंगे मुकाबले

सारंग बीडीसीए लीग (अंडर-13) इंटर क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सारंग बीडीसीए लीग (अंडर-13) इंटर क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 14 नवंबर से स्थानीय गौतम नगर खेल मैदान पर किया जाएगा, जिसमे कुल 24 टीम हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि खेल एवं सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग प्रातः 9 बजे करेंगे। आयोजन सचिव पंकज सिंह ठाकुर ने बताया कि टूर्नामेंट को दो हिस्सों में बांटा गया है जिसमें ए ग्रेड की 8 टीम और बी ग्रेड की 16 टीम को प्रवेश दिया गया है। पहले बी ग्रेड की 16 टीम के मध्य लीग आधारित टूर्नामेंट होगा, जिसमें 4-4 टीम के चार पूल होंगे। प्रत्येक टीम 3-3 मैच 50-50 ओवर के खेलेगी। प्रत्येक पूल की टॉप टीम को अगले दौर में प्रवेश मिलेगा जहां उन चारो टीमों को ए ग्रेड की 8 टीम के साथ खेलना होगा। यहां भी इन 12 टीम को 3-3 टीम के चार पूल में बांटा जाएगा जो आपस में मैच खेलेंगी। यह मैच दो दिवसीय 70-70 ओवर के खेले जाएंगे। यहां से प्रत्येक पूल की टॉप टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया जाएगा जबकि बेस्ट बॉलर ऑफ़ द टूर्नामेंट, बेस्ट बैट्समैन ऑफ़ द टूर्नामेंट, बेस्ट विकेटकीपर ऑफ़ द टूर्नामेंट जैसे कई अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार भी खिलाड़ियों को दिए जाएंगे

ग्रेड बी की 16 टीम इस प्रकार है

ग्रुप ए
विदिशा क्रिकेट क्लब
तुलसी क्रिकेट अकादमी
ग्रेविटन क्रिकेट अकादमी
क्रिकिंगडम

ग्रुप बी
रेलवे युवा क्रिकेट अकादमी
रॉबिन मेनन क्रिकेट अकादमी
लिगेसी क्रिकेट अकादमी
होप क्रिकेट अकादमी

ग्रुप सी
रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी
सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी
डी.सी.ए. सीहोर
ऋषि अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी

ग्रुप डी
नायर क्रिकेट अकादमी
सिली पॉइंट क्रिकेट अकादमी
बिल्ड-अप क्रिकेट अकादमी
रायसेन क्रिकेट क्लब

ग्रेड ए की 8 टीम इस प्रकार है
अरेरा क्रिकेट अकादमी
एस क्रिकेट अकादमी
अकीरा क्रिकेट अकादमी
अंकुर क्रिकेट अकादमी ए
एसजीसीए
रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी ए
रेलवे गर्वित
विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी।

लाइफ स्टाइल

टीवी मसाला



बिग बी ने की 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर वापसी

नई दिल्ली। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन एक बार फिर अपने काम पर लौट आए हैं। पिछले महीने डॉक्टरों की सलाह पर आराम करने के लिए उन्होंने काम और सोशल मीडिया से कुछ समय का ब्रेक लिया था। इस दौरान उनकी सेहत को लेकर फैंस के बीच चिंता भी देखने को मिली। अब बिग बी ने लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के सेट पर वापसी कर ली है। शो के नए प्रोमो में उनकी झलक सामने आई है, जिसमें वह अपने चाहने वालों का शुक्रिया अदा करते हुए नजर आ रहे हैं। बिग बी कहते हैं, 'उम्मीद है कि आप सबकी दिवाली बड़ी ही शानदार रही होगी। हमने भी अपनों के साथ दिवाली मनाई, लेकिन... और एक और घर भी तो है। केबीसी का यह मंच।' इसके बाद वह शो को अपना दूसरा परिवार बताते हैं। प्रोमो में हॉट सीट पर बैठे एक कंटेस्टेंट अमिताभ बच्चन से उनकी तबीयत के बारे में पूछते हैं। इस पर बिग बी अपने चिर-परिचित अंदाज में पहले कंटेस्टेंट का हालचाल पूछते हैं। जब कंटेस्टेंट बताता है कि वह ठीक है, तो अमिताभ मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'अगर आप ठीक हैं, तो हम भी ठीक हैं।'

आम्रपाली ने लव को जमकर फटकारा



नई दिल्ली। बीते दिनों 'बिग बॉस 20' में स्कॉउट ओपी और यंग डीएसए के बीच तगड़ा विवाद हुआ। इसके बाद लव गिल से किया मजाक स्काउट पर भारी पड़ा। इससे ओपी काफी आहत हैं। गेमर की यह हालत देखकर आम्रपाली दुबे और डीएसए ने लव पर कई आरोप लगाए, जिससे लव और आम्रापाली के बीच तीखी बहस हुई। 'बिग बॉस 20' के हालिया प्रोमो में स्कॉउट ओपी ने लव से हुए विवाद के बाद अपने सिर के बाद शेव कर दिए थे। इसके साथ ही वह भावनात्मक रूप से काफी टूट गए। उनकी यह हालत देख आम्रपाली दुबे और डीएसए ने इस सब का जिम्मेदार लव गिल को ठहराया। आम्रपाली ने लव से कहा कि वह स्काउट ओपी को पागल कर देंगी।

छठी मईया सुन ली से उठऊ सूरज देव तक, इन गानों के बिना अधूरा है छठ पर्व

नई दिल्ली। बिहार के साथ अब लगभग पूरे देश में छठ पूजा की जाती है। इस पावन अवसर पर हर तरफ छठी मैया के गाने गूंजते हैं। इस पर्व की अहमियत को देखते हुए बॉलीवुड ने भी गाने बनाने शुरू कर दिए हैं। हाल ही में दो फिल्मों में इसके गाने आए हैं।



बुलाए छठी मां- ये प्रेम मोल लिया

इस गाने में छठ पर्व के शानदार विजुअल दिखाए गए हैं। इसे आयुष्मा खुराना और शरवरी वाघ पर फिल्माया गया है। इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। गाने को श्रेया घोषाल और केशव आनंद ने अपनी बेहतरीन आवाज दी है। इसे हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है।

छठ मईया की महिमा- द वन

सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया यह गाना काफी लोकप्रिय हुआ। इसमें छठ पूजा की छलक मिलती है। गाने के बोल कौशल किशोर ने लिखे हैं। इसे विशाल मिश्रा ने आवाज दी है।

पहिले पहिल हम कईनी छठी मईया बरत तुहार

शारदा सिन्हा छठ के गानों के लिए काफी मशहूर हैं। यह गाना उन्होंने ही गाना है। गाने में एक ऐसे जोड़े की कहानी दिखाई गई है।

बाल दिवस सेलिब्रेशन के लिए बेस्ट हैं बॉलीवुड के ये मशहूर गाने

नई दिल्ली। छोटा बच्चा जान के न कोई आंख दिखाना रे से लेकर लकड़ी की काठी तक ऐसे कई गाने हैं, जिन्हें सुनते ही बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं।

नन्हें मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है: साल 1954 में आयी फिल्म 'बूट पॉलिश' के इस गाने को आशा भोंसले और मोहम्मद रफी ने गाया है। जो एक भाई-बहन के संघर्ष और उसके बाद मिली खुशियों पर आधारित है। बाल दिवस के मौके पर इस गाने को स्कूल, कॉलेज में जरूर प्ले किया जाता है।

लकड़ी की काठी : बहुत ही मशहूर गाना है लकड़ी की काठी, काठी पे घोड़ा, जो 1983 में आई 'मासूम' फिल्म का गाना है। जिसमें



उर्मिला मातोंडकर और जुगल हंसराज बाल किरदार में हैं। इस गाने को गौरी बापत, गुरप्रीत कौर और वनिता मिश्रा ने गाया है। आज भी ये गाना बच्चों के पसंदीदा गानों में से एक है।

जिद्दी पिद्दी : बच्चे एक होकर क्या नहीं कर सकते, इस गाने में यही दिखाया गया है। बहुत ही एंटरटेनिंग और इंस्पायरिंग मूवी थी ये। इस गाने में बच्चे अंडरवियर पहनकर एक मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं जो उनके सोसायटी के पालतू कुत्ते को मारना चाहता है। जिसमें अरमान मलिक, अमित त्रिवेदी, तन्मय चौधरी, गौरिका राय ने अपनी आवाज दी है।

तारे जमीन पर: बच्चों पर आधारित बहुत ही खूबसूरत फिल्म है जिसमें आमिर खान लीड एक्टर में थे। साल 2008 में आई इस फिल्म की टैग लाइन ही थी कि हर एक बच्चा खास होता है। इस फिल्म का शंकर महादेवन की आवाज में बहुत ही खूबसूरत गाना है तारे जमीन पर, जिसे टाइटल सांग भी कहा जाता है।

सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का ही जरिया नहीं, बल्कि देती हैं सीख भी

वो छह फिल्में जो बच्चों को सिखाती हैं जीवन का पाठ

नई दिल्ली। आज देशभर में बाल दिवस मनाया जा रहा है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। हर कोई अलग-अलग अंदाज में इस खास दिन को सेलिब्रेट कर रहा है। मगर, सिनेमा का अपना अलग रंग होता है। यह सिर्फ मनोरंजन का ही जरिया नहीं, बल्कि आसपास के परिवेश की सीख भी यहां से मिलती है। यूं भी बच्चे देखकर बेहतर तरीके से समझते हैं। अगर आज के दिन बच्चों को कोई फिल्म दिखाने के बारे में सोच रहे हैं, तो ये फिल्में बेहतर विकल्प हो सकती हैं।



मासूम

वर्ष 1983 में आई यह फिल्म दर्शकों के बीच खूब पसंद की गई। यह बच्चों से संबंधित भावुक कर देने वाले विषय पर आधारित है। यह गोद लिए बच्चों की समस्याओं पर बनी है। इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, शबाना आजमी, सुप्रिया पाठक और जुगल हंसराज मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का मशहूर गाना 'लकड़ी की काठी' आज भी बच्चों को काफी पसंद आता है।



तारे जमीं पर

वर्ष 2007 में रिलीज हुई यह फिल्म सिर्फ बच्चों को ही नहीं, बल्कि पेरेंट्स को भी जरूर देखनी चाहिए। अगर आपने अब तक न देखी हो तो आज अपने बच्चों के साथ बैठकर इस फिल्म को देख सकते हैं। आमिर खान अभिनीत इस फिल्म में दिखाया गया है कि हर बच्चा अपने आप में खास है। फिल्म के कुछ दृश्य आपको भावुक कर देंगे और आखिर में एक सीख देंगे।



आई एम कलाम

नीला माधब पांडा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने भी दर्शकों की खूब तारीफ बटोरी। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि यह राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम दर्ज कर चुकी है। बच्चों को प्रेरित करने के लिहाज से यह एक बेहतरीन फिल्म है। 2011 में आई इस फिल्म में ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो पढ़-लिखकर अपने परिवार के काम आना चाहता है।



स्टैनली का डब्बा

2011 में आई अमोल गुप्ते द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी आपका मनोरंजन करने के साथ आपकी आंखें भी नम करेगी। यह फिल्म एक ऐसे लड़के की कहानी है, जो हमेशा अपने दोस्त का टिफिन खाता है, लेकिन कभी भी अपने लिए लंच नहीं लाता। आपका बच्चा तो इस फिल्म से खुद को जोड़ ही पाएगा, साथ ही आपको भी अपने पुराने दिनों की याद आ जाएगी।

फ्रोजेन

वर्ष 2013 में आई यह एक कार्टून मूवी है। यह फिल्म एल्सा और ऐना, दो बहनों पर आधारित है। वर्ष 2019 में आया इस फिल्म का दूसरा पार्ट 'फ्रोजेन 2' भी काफी दिलचस्प है। फिल्म में एल्सा की आवाज प्रियंका चोपड़ा ने दी है और ऐना की आवाज परिणीति चोपड़ा ने दी है।



चिल्लर पार्टी

बच्चों पर आधारित यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। नितेश तिवारी और विकास बहल ने मिलकर इसका निर्देशन किया। फिल्म में अनाथ बच्चों के एक ग्रुप को दिखाया गया है, जो अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हैं। इस फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। अगर आपको यह साबित करना है कि बच्चे किसी से कम नहीं होते तो आपको अपने बच्चे को यह फिल्म जरूर दिखानी चाहिए।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स


कड़े मुकाबले में जेसिका ने लिंडा को हराया, टूर्नामेंट से बाहर गॉफ



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

जेसिका पेगुला ने अपनी दमदार सर्विस का शानदार नमूना पेश करते हुए तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल करके डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला मीरा एंड्रीवा से होगा। पेगुला ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 ऐस लगाए और एक मैच प्वाइंट बचाते हुए अंतिम तीन गेम जीतकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के राउंड-रॉबिन ग्रुप में लिंडा नोस्कोवा को 7-6 (2), 4-6, 7-5 से हराया। पेगुला की जीत ने उनकी पूर्व युगल जोड़ीदार कोको गॉफ को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इससे पहले गॉफ ने वापसी करते हुए अंतिम छह गेम जीतकर मार्ता कोस्त्युक को 6-4, 7-5 से हराया था, जो इस साल उनका आखिरी मैच साबित हुआ।

कोको को टूर्नामेंट से लेनी पड़ी विदाई



कोको गॉफ डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई हैं। अपने अंतिम ग्रुप मैच में मार्टा कोस्त्युक को हराने के बावजूद, हमवतन जेसिका पेगुला की जीत के कारण गॉफ को ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहकर टूर्नामेंट से विदाई लेनी पड़ी। थ्री-वे टाई (तीन खिलाड़ियों के बीच बराबरी)। ग्रुप-1 में कोको गॉफ, जेसिका पेगुला और लिंडा नोस्कोवा तीनों ने 2-1 के समान जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ समापन किया।

नेशंस लीग : क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड, हैरी केन ने किया 92वां गोल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हैरी केन ने अपने ऐतिहासिक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को जीत दिलाई। इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 2-1 से हराकर यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। केन इंग्लैंड की पुरुष टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अपना 126वां मैच खेला और देश के लिए अपना 92वां गोल करके इस मौके का शानदार जश्न मनाया। उन्होंने 64वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल किया।



केन ने अपना 126वां मैच को बनाया यादगार

मॉर्गन रोजर्स ने पहले हाफ में इंग्लैंड को बढ़त दिलाई थी। हालांकि, एक घंटे का खेल पूरा होने से ठीक पहले पेटार सुसिक ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके पांच मिनट बाद केन ने पेनल्टी के जरिए गोल दागते हुए अपना 126वां मैच यादगार बना दिया। बाद में क्रोएशिया ने बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन निकोला व्लासिक का शॉट थोड़ा बाहर चला गया, और एंटे बुदिमिर के शॉट को जैरेल क्वानसा ने एक अहम ब्लॉक के जरिए रोक दिया। मैच से पहले हैरी केन आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने वेम्बली स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को अपनी बैलन डी'ओर ट्रॉफी दिखाई, जिसके बाद दर्शकों ने खड़े होकर इस ऐतिहासिक पल का सम्मान किया। 33 वर्षीय केन को पूर्व रिकॉर्डधारक पीटर शिल्टन और प्रिंस ऑफ वेल्स ने एक यादगार शर्ट भेंट की। इसके अलावा, क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ की ओर से लुका मोड्रिक (जो स्वयं पूर्व बैलन डी'ओर विजेता हैं) ने उन्हें एक विशेष उपहार दिया। वहीं दूसरी ओर, इजमिर में बेल्जियम ने तुर्की के खिलाफ 2-1 से शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

हेनरी ने झटके 6 विकेट, सीरीज में 2-1 से आगे भारत

न्यूजीलैंड की वनडे इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

विल यंग के शानदार शतक के बाद मैट हेनरी ने स्टार खिलाड़ियों से सजी भारतीय बल्लेबाजी के परखच्चे उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिससे न्यूजीलैंड ने चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को 244 रन की रिकॉर्ड जीत हासिल करके श्रृंखला में शानदार वापसी की। भारत की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी पराजय है। इससे पहले श्रीलंका ने 2000 में शारजाह में उसे 245 रन से हराया था। न्यूजीलैंड की रनों के लिहाज से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने आयरलैंड को 2008 में एबेरडीन में 290 रन से हराया था। भारत ने पांच मैच की श्रृंखला के पहले दो मैच जीते थे और इस तरह से वह अब 2-1 से आगे है। श्रृंखला का तीसरा मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया था। श्रृंखला का पांचवा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा।

यंग ने खेली 125 रन की पारी

यंग ने दो जीवनदान का फायदा उठाकर 108 गेंद पर 125 रन की पारी खेली। उन्हें उनके सलामी जोड़ीदार टिम सीफर्ट (48 गेंद पर 58 रन) और फिन एलन (41) का अच्छा साथ मिला, जिससे न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 333 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम 26.4 ओवर में 89 रन पर ढेर हो गई। यह वनडे में आठवां अवसर है जबकि भारतीय टीम 100 से कम रन पर आउट हो गई। हेनरी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 रन देकर 6 विकेट लिए। मैथ्यू फिशर (31 रन देकर 3 विकेट) ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उनका अच्छा साथ दिया।



भारत ने खाता खोले बिना गंवाए तीन विकेट

नियमित कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के बिना खेल रहे भारतीय बल्लेबाजों के पास तेजी से उठती गेंदों का कोई जवाब नहीं था। भारत की शुरुआत भयावह रही, जिससे वह उबर नहीं पाया। हेनरी ने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर के विकेट लेकर भारतीय खेमे में खलबली मचा दी। तब भारत ने खाता भी नहीं खोला था। यह वनडे में पहला अवसर है जबकि भारत ने खाता खोले बिना तीन विकेट गंवाए। वनडे क्रिकेट में कुल मिलाकर पांचवीं बार ऐसा हुआ है। रोहित का खराब प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने पारी की पहली गेंद पर पहली स्लिप में आसान कैच दिया। हेनरी ने इसके बाद चौथी गेंद पर कोहली को चकमा देकर बोल्ड किया और अगली गेंद पर अय्यर को एलबीडब्ल्यू आउट किया, जिसके लिए न्यूजीलैंड ने डीआरएस का सहारा लिया था।

यंग और सीफर्ट ने दी शानदार शुरुआत

इससे पहले बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर यंग और सीफर्ट ने 12 ओवरों में 85 रन जोड़कर न्यूजीलैंड को शानदार शुरुआत दी। इस साझेदारी में सीफर्ट ने अहम भूमिका निभाई और 41 गेंदों में अपना पहला वनडे अर्धशतक पूरा किया। भारतीय गेंदबाजों में अक्षर पटेल ने प्रभावित किया। उन्होंने शानदार लाइन पर गेंदबाजी करते हुए 10 ओवरों में सिर्फ 39 रन दिए तथा निक केली और फिन एलन के विकेट लिए। लेकिन अन्य दो स्पिनरों कुलदीप यादव (8 ओवर में 73 रन) और नमन धीर (4 ओवर में 29 रन देकर एक विकेट) ने जमकर रन लुटाए।

कुमामोतो मास्टर्स : सेमीफाइनल में लक्ष्य, बाहर हुए श्रीकांत

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो

लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन किदांबी श्रीकांत एक बार फिर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और सीधे गेम में हारकर से बाहर हो गए। विश्व के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मैच में जापान के युशी तनाका को 21-16, 21-15 से पराजित किया। इस भारतीय खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर रैंकिंग के शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई खिलाड़ी अल्वी फरहान से होगा।



श्रीकांत निरंतरता बनाए रखने में नाकाम

श्रीकांत एक बार फिर अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे। पहले गेम में उन्होंने अपने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा लेकिन दूसरे गेम में वह अच्छी बढ़त का फायदा नहीं उठा पाए और जापान के कोकी वातानाबे से 22-24, 15-21 से हार गए। भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार को कोडाई नाराओका को हराया था लेकिन वातानाबे के खिलाफ वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाए। श्रीकांत ने पहला गेम करीबी अंतर से गंवाने के बाद दूसरे गेम में 12-5 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने कई गलतियां की, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। वातानाबे ने अंतिम 19 में से 16 अंक जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।

आईजीपीएल के चैंपियन बने गगनजीत भुल्लर

हैदराबाद। अनुभवी गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने एक बार फिर शुक्रवार को फीनिक्स इनविटेशनल हैदराबाद में प्लेऑफ मुकाबले में युवा खिलाड़ी राघव चुग को हराकर अपना सातवां इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) खिताब जीत लिया।



लालरेमसियामी बनीं मिजोरम की पहली अर्जुन पुरस्कार विजेता

आइजोल। भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी लालरेमसियामी प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाली मिजोरम की पहली खिलाड़ी बन गईं। छब्बीस वर्षीय लालरेमसियामी उन 17 खिलाड़ियों में शामिल थीं, जिन्हें खेल मंत्रालय ने 18 अगस्त को अर्जुन पुरस्कार 2025 के लिए चुना था। शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें औपचारिक रूप से यह सम्मान प्रदान किया। मिजोरम के उत्तरी हिस्से में असम की सीमा से सटे कोलासिब जिले की रहने वाली लालरेमसियामी ने कम उम्र में ही हॉकी खेलना शुरू कर दिया था।



डेब्यू में बियर्डमैन ने झटके 6 विकेट

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दी 7 विकेट से मात

एजेंसी ▶▶| पर्थ

युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन ने अपने वनडे पदार्पण मैच में 6 विकेट लेकर इतिहास रचा, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 7 विकेट से शिकस्त दी। बियर्डमैन ने 24 रन देकर 6 विकेट झटके और वनडे पदार्पण पर ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करने वाले



गेंदबाज बन गए। उनकी शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान मिचेल मार्श की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 159 गेंद शेष रहते एकतरफा जीत दर्ज की।

इंग्लैंड की पूरी टीम 131 रन पर सिमटी

इक्कीस वर्षीय बियर्डमैन ने अपने आठवें गेंद पर पहला वनडे विकेट हासिल किया और इसके बाद इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाजों को एक के बाद एक पवेलियन भेजते रहे। उन्हें स्पेंसर जॉनसन (तीन विकेट) और जेवियर बार्टलेट (एक विकेट) का अच्छा साथ मिला, जिससे इंग्लैंड की पूरी टीम 34 ओवर से पहले ही महज 131 रन पर सिमट गई।

निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत को मिले 13 पदक

एजेंसी ▶▶| दोहा

भारत ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में कुल 13 पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया, जिसमें दो स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। दो मिश्रित ट्रैप टीम का शुक्रवार को प्रदर्शन निराशाजनक रहा। विवान कपूर और मनीषा कीर की जोड़ी 134 के संयुक्त स्कोर के साथ 21वें स्थान पर रहीं जबकि जोरावर सिंह संधू और नीरू धांडा की जोड़ी 132 अंकों के साथ 32वें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में कुल 48 टीम ने हिस्सा लिया था।



सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय : भोपाल

ई-नीलामी की सूचना

परिशिष्ट - IV क [नियम 9 (1) का परन्तुक देखें]

चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है, जैसी है और जो है जैसी है''** के आधार पर निम्न ऋणियों से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा दिनांक **16.12.2026** को बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है।

खाते / ऋणी का नाम एवं पता	बंधक संपत्तियों का विवरण एवं संपत्ति स्वामी का नाम	मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल			
ऋणी- **मेसर्स आर एस फैब्रिकेटर्स एंड बॉडी शॉप प्रोपराइटरः- श्रीमती चेतना पत्नी श्री हमीर सिंह विश्वकर्मा** जमानतदारः **श्री हमीर सिंह विश्वकर्मा** पताः निवासी 27, शिव नगर कॉलोनी, गली नंबर 271 करोंद, भोपाल	(अ) फ्लैट नंबर- एच-154, 6वीं मंजिल पर ब्लॉक नंबर (एच), बहुमंजिला भवन, वैधनाथ धाम, वार्ड नंबर-79, जो खसरा नंबर-14,39/4/2,40/2, 308/39/1/10/2 और 41/1,42,124 के भाग पर निर्मित, पी.एफ. नं. 6/10, ग्राम लांबाखेड़ा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, क्षेत्रफल 436 वर्गफीट। संपत्ति मालिक- श्री हमीर सिंह विश्वकर्मा चर्तुसीमाएं: उत्तरः सामान्य मार्ग और लॉबी, दक्षिणः खुला क्षेत्र, पूर्वः फ्लैट नंबर 153, पश्चिमः फ्लैट नंबर 155 **भौतिक कब्जा**	**03.01.2026 / 20.05.2026** दिनांक 03.01.2026 को ₹ 2,04,08,516 +दिनांक 04.01.2026 से ब्याज एवं खर्चे	₹ 10,10,000/- / ₹ 1,01,000/- / ₹ 10,000/-
	(ब) फ्लैट नंबर- एच-158, 6वीं मंजिल पर ब्लॉक नंबर (एच), बहुमंजिला भवन, वैधनाथ धाम, वार्ड नंबर-79 जो खसरा नंबर-14,39/4/2,40/2, 308/39/1/10/2 और 41/1,42,124 के भाग पर निर्मित पी.एफ. नं. 6/10, ग्राम लांबाखेड़ा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, क्षेत्रफल 436 वर्गफीट संपत्ति मालिक- श्री हमीर सिंह विश्वकर्मा चर्तुसीमाएं: उत्तरः खुला क्षेत्र, दक्षिणः सामान्य मार्ग और लॉबी, पूर्वः फ्लैट नंबर-159, पश्चिमः फ्लैट नंबर-156 **भौतिक कब्जा**		₹ 10,10,000/- / ₹ 1,01,000/- / ₹ 10,000/-
	(स) फ्लैट नंबर- ए-123, 6वीं मंजिल पर ब्लॉक नंबर (ए), बहुमंजिला भवन, वैधनाथ धाम, वार्ड नंबर-79 जो खसरा नंबर-14,39/4/2,40/2, 308/39/1/10/2 और 41/1,42,124 के भाग पर निर्मित पी.एफ. नं. 6/10, ग्राम लांबाखेड़ा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, क्षेत्रफल 958 वर्गफीट संपत्ति मालिक- श्री हमीर सिंह विश्वकर्मा, चर्तुसीमाएं: उत्तरः फ्लैट नंबर-124, दक्षिणः खुला, पूर्वः लिफ्ट और सामान्य मार्ग, पश्चिमः बी-ब्लॉक **भौतिक कब्जा**		₹ 20,11,500/- / ₹ 2,01,150/- / ₹ 10,000/-
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बरेली शाखा, बरेली			
ऋणी- **मेसर्स अन्नपूर्णा ट्रेडर्स (प्रोपराइटर-स्व. श्री भूपेन्द्र कुमार गगन एवं अन्य कानूनी विरासत)** बिदुआ कालोनी, मानस भवन के पास, बरेली तह. बरेली, जिला रायसेन (म.प्र.)	वार्ड क्रमांक 08, बिदुआ कालोनी, बरेली तह. बरेली, जिला रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल - 1800 वर्गफिट संपत्ति मालिक - श्रीमती नर्वदी बाई पत्नि श्री चौथमल गगन चर्तुसीमाएं- उत्तर- रास्ता, दक्षिण- सुन्दर लाल की भूमि, पूर्व- मकान एवं गली, पश्चिम- रास्ता **भौतिक कब्जा**	**08.04.2022 / 08.12.2022** दिनांक 08.04.2022 को ₹ 10,91,000/- +ब्याज एवं खर्चे	₹ 49,61,000/- / ₹ 4,96,100/- / ₹ 10,000/-

ईएमडी जमा करने की दिनांक एवं समय : 16.12.2026 को सायं 5.00 बजे या उससे पूर्व
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 16.12.2026 को सुबह 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक
संपत्ति निरीक्षण दिनांक : 03.12.2026 को दोपहर 3.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in अथवा http://BAANKNET देखें।
तारीख : 13.11.2026, स्थान: भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी

विश्व चैंपियनशिप टूरः अर्जुन ने बिबिसारा को दी मात

शुरुआती झटके से उबरे एरिगैसी, वापसी कर की बराबरी

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट की फास्ट क्लासिकल प्रतियोगिता में कम रेटिंग वाली बिबिसारा असाउबायेवा से पहली बाजी में हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने दूसरी बाजी में कजाकिस्तान की इस खिलाड़ी को हराकर शानदार वापसी की।

प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली की भाई बहन की जोड़ी के लिए गुरुवार का दिन निराशाजनक रहा क्योंकि उन्हें अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञाननंदा, जहां फैबियानो कारुआना से हार गए, वहीं वैशाली को हैंस नीमन ने हराया।



कारुआना की आसान जीत

वैशाली एक ड्रॉ और तीन हार के साथ ग्रुप डी में सबसे निचले पायदान पर है। प्रज्ञाननंदा ग्रुप बी में कारुआना से अपने दोनों मैच हार गए। कारुआना ने सफेद मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञाननंदा के रक्षण में सेंध लगाने के लिए एक मोहरा कुर्बान किया और आसानी से जीत हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए भी जीत दर्ज की। प्रज्ञाननंदा के अब केवल दो अंक है और वह ग्रुप में सबसे अंतिम स्थान पर हैं जबकि दो जीत से कारुआना के 10 अंक हो गए हैं, जो ग्रुप में दूसरे स्थान पर काबिज लिएम ले से दो अंक अधिक हैं।

कार्लसन को जीत का इंतजार

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को फास्ट क्लासिकल में पहली जीत का इंतजार है क्योंकि ग्रुप सी में किशोर ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा ने उन्हें दोनों मैच में ड्रॉ पर रोक दिया। कार्लसन ने अब तक अपने सभी चार फास्ट क्लासिकल मैच ड्रॉ किए हैं और उनके चार अंक हैं, जबकि मिश्रा के तीन अंक हैं।



आज प्रधानमंत्री मोदी जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम को वर्चुअली करेंगे संबोधित

मप्र में 3 दिवसीय जन-नायक भगवान बिरसा मुंडा जयंती का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जन-नायक भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर मप्र में 14 से 16 नवम्बर तक तीन दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे। मुख्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम 15 नवम्बर को धार जिले के डही में होगा, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। इस अवसर पर डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान सहित जन-प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। इसी दिन आलीराजपुर जिले के जोबट में भी कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त, 14 नवम्बर को जबलपुर तथा 16 नवम्बर को खण्डवा और शहडोल जिले के ब्योहारी में जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम होंगे।

19 लाख जनजातीय परिवारों को मिल रहा लाभ



■ मुख्यमंत्री व राज्यपाल रहेंगे उपस्थित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय समाज के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार ने जनजातीय कल्याण योजनाओं का बजट ऐतिहासिक रूप से बढ़ाकर 47,295 करोड़ रुपए कर दिया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 6,491 करोड़ रुपए अधिक है। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत 98.30 करोड़ रुपये के विकास कार्य पूर्ण किए गए हैं, जबकि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 401.56 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया है।

बजट में ऐतिहासिक वृद्धि

जनजातीय कल्याण का दायरा बुनियादी सुविधाओं से आगे बढ़कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक आत्मनिर्भरता, डिजिटल सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण तक विस्तृत हुआ है। बजट में ऐतिहासिक वृद्धि और विभिन्न योजनाओं के समन्वित क्रियान्वयन से जनजातीय समाज को विकास के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन

धरती आबा अभियान के अंतर्गत 51 जिलों के 267 विकासखंडों के 11,377 गांवों के 18.58 लाख से अधिक जनजातीय परिवारों की 93.23 लाख से अधिक आबादी को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। वहीं, पीएम जनमन के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजातियों के सुधार के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

यह मंत्री शामिल होंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में देश की सबसे बड़ी जनजातीय आबादी निवास करती है। जनजातीय समाज को शासन और निर्णय प्रक्रिया में भी सशक्त प्रतिनिधित्व मिला है। प्रदेश से दो केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री-मंडल में पांच जनजातीय मंत्री शामिल हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनजातीय विद्यार्थियों को आकांक्षा योजना के तहत विशेष कोचिंग का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जनजातीय समाज की पारंपरिक व्यवस्थाओं और विशिष्ट पहचान को ध्यान में रखते हुए उन्हें समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के दायरे से मुक्त रखने की बात कही है।

सगे चाचा की हत्या करने वाले अभियुक्त को आजीवन कारावास

भोपाल। शराब पार्टी में हुए विवाद में सगे चाचा की हत्या करने वाले आनंद गिरी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव के न्यायालय ने आजीवन कारावास और 1500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार, 7 दिसंबर 2025 की शाम लीला गिरी के टपरे पर बाटी-मुर्गा बनाकर पार्टी हो रही थी। इसी दौरान आनंद और लीला में झगड़ा हुआ। आरोपी ने चाकू से चाचा पर वार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। अगले दिन आनंद ने ही थाने में सूचना दी थी।

दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए विधायक सबनानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



विधायक भगवानदास सबनानी शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 32 की पार्षद एवं जोन अध्यक्ष आरती राजू अनेजा द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में वार्ड 32 के प्रमुख क्षेत्रीय निवासियों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक सबनानी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और उपस्थित जनसमूह को मिष्ठान खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दीपावली का त्योहार हम सबको एक सूत्र में बांधता है और समाज में एकता की भावना को प्रबल करता है। हमारे सनातन धर्म के हर त्योहार का अपना एक विशेष महत्व है।

पूर्व सांसद स्व. विजय कुमार को खंडेलवाल ने 19वीं पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को अपने पिता एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय विजय कुमार खंडेलवाल 'मुन्नी भैया' की 19वीं पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय 'विजय भवन', बैतूल में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में परिजनों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य जनों के साथ उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शोकाकुल परिजनों से मिले, अर्पित की पुष्पांजलि

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शुक्रवार को बैतूल प्रवास के दौरान दिवंगत जनों के निवास पहुंचकर उनके चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

पूर्व सांसद स्व. कैलाश सारंग की पुण्यतिथि पर आज होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के संस्थापक सदस्य, पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. कैलाश नारायण सारंग की पुण्यतिथि एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती प्रसून सारंग की जयंती 14 नवंबर को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नरेला विधानसभा सहित सम्पूर्ण देशभर में मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाई जा रही है। म

ंत्री विश्वास सारंग नरेला विधानसभा के समस्त वार्डों में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वृद्धजनों के चरण पखारकर, उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित करेंगे। सारंग ने बताया कि स्व. श्री कैलाश नारायण सारंग के अनुयायियों, प्रशंसकों एवं समर्थकों द्वारा 14 नवंबर को भोपाल शहर में विभिन्न सेवाकार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा भी देशभर में सेवाकार्य किए जाएंगे। स्व. कैलाश नारायण सारंग का संपूर्ण जीवन सेवा, संस्कार, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और परिवार एवं समाज में वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।

पूर्व आईएफएस डबास ने उठाए गंभीर सवाल

स्कूल शिक्षा में 149 करोड़ के घोटाले का आरोप, ईओडब्ल्यू पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के स्कूल शिक्षा विभाग में कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। पूर्व आईएफएस आजाद सिंह डबास द्वारा आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के महानिदेशक उपेंद्र जैन को संबोधित शिकायत में सरकारी स्कूलों के मेंटेनेंस, यूनिफॉर्म वितरण, सांदीपनि स्कूलों के लिए रसोई सामग्री की खरीदी, स्कूलों को आवंटित बजट और पाठ्य पुस्तक निगम में कागज खरीदी व प्रिंटिंग के टेंडरों में कथित अनियमितताओं को प्रमुखता से उठाया है। शिकायतकर्ता ने इन मामलों को अलग-अलग घटनाओं के बजाय शिक्षा विभाग में चल रहे कथित भ्रष्टाचार के एक बड़े नेटवर्क से जोड़ते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत में सरकारी स्कूलों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान हुए कथित 149 करोड़ रुपये के मेंटेनेंस घोटाले का उल्लेख भी किया गया है। इसमें मैहर जिले के रामनगर विकासखंड का मामला प्रमुखता से उठाया गया है।

शानू ने जीतू पटवारी को लिखा पत्र

अभिनेत्री करीना कपूर को कानूनी नोटिस मिलने पर कांग्रेस से सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अभिनेत्री करीना कपूर खान और उनकी स्टाइलिस्ट रिया कपूर को आयतुल कुर्सी अंकित पारिवारिक पेंडेंट पहनने के मामले में भेजे गए कानूनी नोटिस को लेकर अब भोपाल की ऐतिहासिक विरासत भी चर्चा के केंद्र में आ गई है। मध्यप्रदेश मुस्लिम त्योहार कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष ज़ीशान रहमान (शानू) ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र लिखकर इस पूरे मामले पर पार्टी का आधिकारिक रुख स्पष्ट करने की मांग की है। ज़ीशान रहमान ने अपने पत्र में सीधे सवाल उठाया है कि कई समाचार चैनलों में कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता बताए जा रहे अब्बास हफीज़ द्वारा करीना कपूर खान को भेजे गए नोटिस से क्या जीतू पटवारी सहमत हैं? क्या यह कार्रवाई पार्टी की सहमति से हुई है या व्यक्तिगत स्तर पर की गई है? 'हमारे मजहब और धार्मिक आस्था को राजनीति का विषय क्यों बनाया जा रहा है?'ज़ीशान ने कहा कि करीना कपूर खान का पटौदी परिवार के माध्यम से भोपाल की नवाबी विरासत से पारिवारिक रिश्ता है।

Technocrats Institute of Technology-MBA
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal & Approved by AICTE
Technocrats Group Campus, Anand Nagar, BHEL, Bhopal M.: 7771005306, 7694004909
FACULTY RECRUITMENT
Applications are invited for the appointment of following posts for MBA under college code-28 of Barkatullah University, Bhopal

Sl.	Post	No. of Posts	Specialization	Qualification	Experience
1.	Director	01	Business Analytics/ Finance/ Mktg./ HR/ Banking/ Retail Mgmt./ Travel & Tourism Mgmt.*	Ph.D., MBA, M.Com or Equivalent	15+ Yrs.
2.	Professor	06		Ph.D., MBA, M.Com or Equivalent	5 Yrs. as Asso. Prof. & Total 10 Yrs.
3.	Asso. Professor	12		As above	2 Yrs. post Ph.D & Total 8 Yrs.
4.	Asstt. Professor	25		MBA, M.Com or Equivalent	Desirable 2 Yrs. (Academics/Industry) (NET Preferable)

Other Posts: Librarian, Asst. Librarian, Administrative Officer, Accountant, Computer Operator, Counsellor, Telecaller
Note: Interested candidates may apply with Resume, Testimonials, 2 Passport size photo on or before 20 November 2026 directly to HR-Cell, MBA Block and also send the same through e-mail at hr@technocratsgroup.edu.in REGISTRAR
QUALIFICATION, EXPERIENCE & SALARY AS PER AICTE/UGC NORMS



पर्यटक टैक्सी चालकों के चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल के कमर्शियल टूरिस्ट टैक्सी चालकों के लिए चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में 50 लाइसेंसधारी टैक्सी चालकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पर्यटन उद्योग की समझ, भोपाल एवं आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी, पर्सनल ग्रूमिंग, पर्यटकों के स्वागत एवं सत्कार की प्रक्रिया, अतिथि व्यवहार, आतिथ्य सत्कार, सुरक्षा उपाय, टूर प्रोग्राम की समझ तथा



टैक्सी से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों एवं नियमों की जानकारी प्रदान कर उनकी व्यावसायिक दक्षता एवं सेवा गुणवत्ता का संवर्धन किया जाएगा।

शिष्यों ने लिया आचार्य समय सागर महाराज का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में वैराग्य पथ पर चल रहे तीन युवाओं की बिनोली और गोद भराई की रस्म चंद्रप्रभु उद्यान, जैन नगर लालघाटी में धूमधाम से हुई। इससे पहले तीनों ने विधोदय तीर्थ में आचार्य समय सागर महाराज को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। आचार्य श्री ने कहा, दृढ़ इच्छाशक्ति और अटूट विश्वास के साथ संयम की साधना करते हुए वैराग्य पथ पर आगे बढ़ते रहो। इसके बाद बिनोली यात्रा निकली और श्रद्धालुओं ने मांगलिक भजनों के साथ गोद भराई कर बहुमान किया। समाज प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया, तीनों को



मुनि दीक्षा आचार्य विशुद्ध सागर महाराज 12 दिसंबर को जयपुर में देंगे। मुनि आदित्य सागर महाराज के निर्देशन में 200 संतों के सान्निध्य में आयोजन होगा। बैरसिया के ब्रह्मचारी विशाल ने 2017 में, कोटा के अतिशय ने जनवरी 2025 में और टीकमगढ़ के रोहित ने 2025 में ब्रह्मचर्य व्रत लिया था।





3104 शिविर में 850 गंभीर रोगियों का उपचार

सेवा कार्यों का सिलसिला थमना नहीं चाहिए : सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नागरिकों की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को शिविरों के माध्यम से चिन्हित कर उपचार का लाभ दिलवाना पुण्य का कार्य है। यह अनूठा सेवा संकल्प है, जिसमें नागरिकों की जीवन रक्षा संभव होती है। इस नाते पूर्णिमा श्री सेवा संगठन उज्जैन के पदाधिकारीगण बधाई के पात्र हैं। संगठन द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का शतक लगाया जा चुका है। इनमें 26 हजार से अधिक नागरिकों की जांच कर लगभग 850 हृदयरोगियों और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों का उपचार करवाकर उनका जीवन बचाया गया है। ऐसे संगठन अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरक का कार्य भी करते हैं।

- *26 नवम्बर से उज्जैन संभाग में स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा संकल्प का चलेगा सघन अभियान*
- *पूर्णिमा श्री सेवा संगठन के सदस्यों का उद्घोष - दिल से कहें, अपने मोहन जी हैं न'*



मुख्यमंत्री का साफा बांधकर और त्रिशूल भेंटकर सम्मान

संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिए गए मार्गदर्शन और सहयोग के लिए उनका साफा बांधकर और त्रिशूल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने 'दिल से कहें, अपने मोहन जी हैं ना' के उद्घोष से सभाकक्ष को गुंजायमान कर दिया। संगठन द्वारा जानकारी दी गई कि उज्जैन संभाग के देवास, आगर-मालवा, शाजापुर, रतलाम, नीमच और मंदसौर जिलों में स्वास्थ्य शिविर लगाने की रूपरेखा बनाई गई है।

एक माह का अभियान चलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास के संवाद सभाकक्ष में उनसें भेंट करने आए पूर्णिमा श्री सेवा संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर संगठन द्वारा जानकारी दी गई कि शाजापुर जिले के निवासी राष्ट्रसेवी स्व. शालिगराम तोमर की पुण्यतिथि 26 नवम्बर से संगठन द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा संकल्प को क्रियान्वित करने का एक माह का सघन अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन संभाग के अन्य जिलों में स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन और नागरिकों के समुचित उपचार का संगठन का संकल्प प्रशंसनीय है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930